# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शनिवार, 1 अगस्त, 2026 | वर्ष -01 | अंक-165 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


# मंत्री दीपक प्रकाश के लिए भाजपा एमएलसी देवेश कुमार का इस्तीफा

## राज्यपाल मनोनीत कोटे से एमएलसी बने थे देवेश कुमार

**पटना (एनएसबी)।** भाजपा एमएलसी देवेश कुमार ने शुक्रवार को अपना इस्तीफा दे दिया। राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि दीपक प्रकाश के मंत्री बने रहने के लिए पार्टी ने उनका इस्तीफा दिलवाया है। अब इस सीट पर चुनाव होगा, जिस पर दीपक प्रकाश उम्मीदवार होंगे। देवेश कुमार के इस्तीफ के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी,

**उपेंद्र कुशवाहा सीएम सम्राट से मिलने उनके आवास पहुंचे**

सभापति अवधेश नारायण सिंह और अन्य भाजपा नेता विधान परिषद पहुंचे। इसके बाद संजय सरावगी ने देवेश कुमार का इस्तीफा सभापति को सौंपा। इस दौरान देवेश कुमार उनके साथ मौजूद थे। हालांकि वो पीछे के दरवाजे से गए और उधर से ही निकल गए। इधर, देवेश कुमार के इस्तीफे के बाद दीपक प्रकाश के पिता उपेंद्र कुशवाहा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलने उनके आवास पहुंचे। बता दें 15 अप्रैल 2026 को नीतीश कुमार के इस्तीफा देने के साथ सरकार समाप्त हो गई। दीपक का मंत्री पद भी खत्म हो गया। इसके बाद करीब 22 दिनों तक वह मंत्री नहीं रहे। 7 मई को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में नई सरकार बनने पर दीपक प्रकाश को दोबारा मंत्री पद की शपथ दिलाई गई, जबकि तब भी वे विधानसभा या विधान परिषद के सदस्य नहीं थे। इसी को लेकर विवाद चल रहा है। जबकि देवेश कुमार 17 मार्च 2021 को राज्यपाल मनोनीत कोटे से एमएलसी बने थे। अगले साल मार्च तक उनका कार्यकाल भी पूरा हो रहा है। इधर, गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने दीपक प्रकाश से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा था- मंत्री दीपक प्रकाश न तो विधानसभा के सदस्य हैं और ना ही विधान परिषद के, लेकिन वो मंत्री के पद पर हैं। नियमानुसार, मंत्री बने रहने के लिए शपथ लेने के 6 महीने के अंदर विधानमंडल या विधानपरिषद की सदस्यता लेना जरूरी होता है। बता दें कि देवेश कुमार 17 मार्च 2021 को राज्यपाल मनोनीत कोटे से एमएलसी बने थे। अगले साल मार्च तक उनका कार्यकाल भी पूरा हो रहा है।



### सुप्रीम कोर्ट ने पूछा था-बिना विधायक-एमएलसी दीपक कैसे बने हैं मंत्री

विदित हो कि गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने दीपक प्रकाश से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार से सवाल पूछा था। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि मंत्री दीपक प्रकाश न तो विधानसभा के सदस्य हैं और ना ही विधान परिषद के, लेकिन वो मंत्री के पद पर कैसे बने हुए हैं। इस मामले पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने बिहार सरकार से यह स्पष्ट करने को कहा है कि बिना चुनाव जीते 6 महीने की अनिवार्य अवधि बीत जाने के बाद भी कोई मंत्री अपने पद पर कैसे बना रह सकता है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि 'यह पूरी तरह से कानून से जुड़ा सवाल है। राज्य सरकार को यह समझाना होगा कि बिना निर्वाचित हुए कोई मंत्री 6 महीने से ज्यादा समय तक पद पर कैसे बना रह सकता है।' अगली सुनवाई 4 अगस्त को होगी।

# कॉमनवेल्थ गेम्स : भारत को दो व गोल्ड मेडल, नीरज को सिल्वर



**89.75 मीटर थ्रो किया, नीरज 85.83 के साथ नंबर-2 पाकिस्तान के अरशद नदीम बाहर**

**ग्लासगो (एजेंसी)।** कॉमनवेल्थ गेम्स के जेवलिन थ्रो फाइनल में श्रीलंका के रुमेश पथिराजे ने 89.75 मीटर का थ्रो कर बढ़त हासिल कर ली है। भारत के नीरज चोपड़ा 85.83 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

पाकिस्तान के ओलिंपिक चैंपियन अरशद नदीम पहले प्रयास में फाउल और दूसरे में 77.41 मीटर के साथ इवेंट से बाहर हो गए हैं। नीरज ने पहले प्रयास में 80.97 मीटर और दूसरे प्रयास में 85.83 मीटर का थ्रो किया था। उनके दूसरे थ्रो के बाद वह पहले स्थान पर पहुंच गए थे, लेकिन पथिराजे ने 89.75 मीटर फेंककर बढ़त अपने नाम कर ली। भारतीय एथलीट रोहित यादव 81.56 मीटर के साथ टॉप-8 की दौड़ में बने हुए हैं। भारत के लिए एथलेटिक्स से एक अच्छी खबर भी आई है। तेजस्विन शंकर ने डेकाथलॉन में 7976 अंक के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया। यह कॉमनवेल्थ गेम्स में डेकाथलॉन में भारत का पहला मेडल है। इससे पहले जूडो में अस्मिता डे और हर्ष सिंह ने गोल्ड, जबकि यामिनी मौर्य ने सिल्वर मेडल जीतकर भारत के खाते में 3 पदक जोड़े थे। भारत अब तक 5 गोल्ड, 11 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज समेत कुल 21 मेडल जीत चुका है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीतामढ़ी में पति-पत्नी की रहस्यमयी मौत

**सीतामढ़ी।** जिले के बेलसंड थाना क्षेत्र में पति-पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है. वहीं पूरे गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं. पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है. मृतकों की पहचान नवीन प्रसाद श्रीवास्तव और उनकी पत्नी नीतू कुमारी के रूप में हुई है. दोनों बेलसंड थाना क्षेत्र के जाफरपुर गांव के मूल निवासी थे. हालांकि, वे पिछले कुछ समय से मुजफ्फरपुर में रह रहे थे.परिजनों के अनुसार, दंपती जमीन से जुड़े एक मामले के सिलसिले में अपने पैतृक गांव जाफरपुर आए थे।

### हरिद्वार में गंगनहर में डूबने से चार कांवड़ियों की मौत

**हरिद्वार।** हरिद्वार के ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र स्थित जटवाड़ा पुल के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में चार कांवड़ियों की गंगनहर में डूबने से मौत हो गई। सभी मृतक चंडीगढ़ से कांवड़ यात्रा पर हरिद्वार आए थे और उनकी उम्र करीब 16 से 18 वर्ष बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जटवाड़ा पुल के पास स्नान के दौरान एक कांवड़िया गहरे गड्ढे में फंसकर डूबने लगा। उसे बचाने के लिए उसके तीन साथी भी पानी में उतर गए, लेकिन वे भी गहराई का अंदाजा नहीं लगा सके और चारों गंगनहर में लापता हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

### उमर अब्दुल्ला का पत्नी पायल से तलाक

**श्रीनगर ।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उनकी पत्नी पायल को तलाक की मंजूरी दे दी है। उनकी शादी 32 साल पहले हुई थी। दोनों 2011 से अलग रह रहे थे।दोनों ने कोर्ट को बताया कि आपसी सहमति से अपनी शादी खत्म करने और सभी विवादों को सुलझाने का फैसला किया है। उमर ने सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी शादी को खत्म करने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2025 में दोनों को एक साथ बैठकर अपने विवादों को सुलझाने का निर्देश दिया था।

### स्पेन में घुसने पहुंचे 60 हजार प्रवासी, 34 की मौत

**सिउटा।** स्पेन में जबरन घुसने की कोशिश के दौरान 18 अफ्रीकी प्रवासियों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, घटना तब हुई, जब गुरुवार सुबह 3 हजार प्रवासी एकसाथ स्पेनिश शहर स्यूटा में घुसने की कोशिश कर रहे थे।सीमा पर पुलिस की घेराबंदी और सुरक्षा बाड़ के बीच संकरे रास्तों के कारण लोग एक-दूसरे पर गिर पड़े। भीड़ में दबने, दम घुटने और समुद्र में डूबने के कारण यह हादसा हुआ। इस दौरान स्पेन और मोरक्को के 100 से ज्यादा सैनिक भी घायल हो गए।स्पेनिश सरकार ने बताया कि 24 घंटे में मोरक्को की तरफ से करीब 60 हजार लोग तैरकर या पैदल चलकर स्यूटा में घुस चुके है। यह शहर की आबादी का 70% है।

### नालंदा जिले में चाकू से गोदकर युवक की हत्या

**नालंदा।** बिंद थाना क्षेत्र के नौरंगा गांव में गुरुवार की देर शाम भूमि-विवाद में एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक नौरंगा निवासी स्व. युगल केवट के 42 वर्षीय पुत्र अमरजीत केवट हैं। पुलिस और ग्रामीणों के अनुसार सुबह दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। सुलह के बाद अमरजीत खेत से दोपहर करीब 3 बजे खाना खाने घर लौटे। इसी दौरान आरोपित अपने दर्जनों सहयोगियों के साथ घर में घुस गए और चाकू-भाला से हमला कर दिया।

# 50 हजार रिश्वत लेते औरंगाबाद के पुलिस अवर निरीक्षक गिरफ्तार

**पटना/औरंगाबाद (एसएसबी)।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार की मुख्यालय टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए औरंगाबाद जिले के रिसियप थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक उमेश कुमार को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, निगरानी थाना कांड संख्या-091/26, दिनांक 30 जुलाई 2026 के तहत यह कार्रवाई शुक्रवार को की गई। आरोपी पुलिस अधिकारी को रिसियप थाना के पीछे स्थित पंचायत भवन के सामने सड़क से गिरफ्तार किया गया।



बताया गया है कि गणपत तेलडुआ निवासी लक्ष्मण राम ने निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि उनके और उनके पड़ोसियों के बीच दर्ज एक आपराधिक मामले में कुछ धाराएं हटाने तथा उनके दो पुत्रों का नाम केस से हटाने के बदले पुलिस अधिकारी द्वारा 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही थी। रिश्वत नहीं देने पर अन्य धाराएं जोड़ने की धमकी भी दी जा रही थी। शिकायत मिलने के बाद निगरानी ब्यूरो ने मामले का सत्यापन कराया।

# नेपाल में फैली सांप्रदायिक हिंसा की आग, तनाव

**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल के सुनसरी जिले के देवानगंज से शुरू हुई सांप्रदायिक का मामला सामने आया है. पुलिस फायरिंग में तीन लोगों की मौत हो चुकी है. हिंसा के बाद कई इलाकों में अभी भी तनाव का माहौल है। प्रशासन ने कर्फ्यू लगाया हुआ है। बताया जा रहा है कि विवाद की शुरूआत दो समुदायों के बीच एक मामूली विवाद से हुई थी. काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे बजाने को लेकर विवाद शुरू हुआ था. बाद में देखते-देखते हिंसा में बदल गया। इसके बाद तनाव सुनसरी से निकलकर सप्तरी, सिराहा, धनुषा और पर्सा तक फैल गया.किसी भी तरह की बड़ी हलचल से बचने के लिए कई इलाकों में कर्फ्यू लगाना पड़ा और बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई।

# जंतर-मंतर पर मुझे गालियां दीं : मोदी

**नई दिल्ली (एनएसबी)।** पीएम मोदी ने शुक्रवार रात इंस्टाग्राम पर रील शेयर की। उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर पर कुछ शरारती बच्चों ने मुझे और मेरी मां को भद्दी-भद्दी गालियां दीं, लेकिन बचपन में गलतियां होती हैं। उन्होंने आगे कहा कि बचपन गलतियों को सुधारने का अवसर भी होता है। ये गुमराह बच्चे हैं, इन्हें राह दिखाने का समय है, इन्हें माफ करना चाहता हूं। यह पिछले 9 दिनों में पीएम मोदी का 5वां वीडियो है। रात 11 बजे जारी किए गए वीडियो को 30 मिनट में 13 लाख लोगों ने लाइक किया।

**पीएम मोदी ने कहा- जो हुआ दुनिया ने देखा :** पीएम मोदी ने जंतर-मंतर की घटना का जिक्र कर कहा, ह्यवहां जो कुछ भी हुआ, उसे दुनिया ने देखा है। यह सभ्य समाज के लिए शोभा नहीं देता है। मैं समाज के अंदर मौजूद



**पीएम मोदी बोले- मेरी मां को अपशब्द कहे, ये गुमराह बच्चे हैं, इन्हें राह दिखाने का समय है, इन्हें माफ करना चाहता हूं**

आक्रोश को भली-भांति समझ सकता हूं। यह एक कल्चरल शॉक जैसा है कि हमारी बेटियां इस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल कैसे कर सकती हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनको सजा देने से हम परिस्थितियां नहीं बदल पाएंगे।

# SCO समिट में पाक जाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में साल 2027 में आयोजित होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत करेंगे या नहीं इसको लेकर सस्पेंस है. हालांकि इस बीच पाकिस्तान ने बड़ा दावा किया है। पाकिस्तान की तरफ से औपचारिक संकेत दिए हैं कि वो भारत को आमंत्रित करेगा। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी नेमीडिया ब्रीफिंग में कहा कि रउड के सभी सदस्य देशों को सम्मेलन में आमंत्रित किया जाएगा. उन्होंने स्पष्ट किया कि इसमें सभी सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष और शासनाध्यक्ष भी शामिल होंगे. मतलब साफ है कि भारत भी आमंत्रित देशों में शामिल है. पाकिस्तानी प्रवक्ता ने कहा कि SCO की प्रक्रिया और प्रोटोकॉल के तहत मेजबान देश के लिए सभी सदस्य देशों को आमंत्रित करना उनका दायित्व है।

# 2031 तक जारी रहेगी पीएम-किसान योजना, मोदी कैबिनेट ने दी मंजूरी

## किसानों पर खर्च होंगे 3.15 लाख करोड़ रुपए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना को वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। इस अवधि के लिए सरकार ने 3.15 लाख करोड़ रुपए के वित्तीय प्रावधान को स्वीकृति दी है। फरवरी 2019 में शुरू की गई पीएम-किसान योजना के तहत पात्र किसान परिवारों को हर वर्ष 6,000 रुपए की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है।

यह पूरी प्रक्रिया डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी), आधार प्रमाणीकरण और डिजिटल सत्यापन के जरिए पारदर्शी तरीके से संचालित की जाती है। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, पीएम-किसान योजना के तहत अब तक 23 किस्तों के माध्यम से 4.47 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जा चुकी है। योजना की 23वीं किस्त के तहत 9.49 करोड़ से अधिक किसानों को 18,984 करोड़ रुपए जारी किए गए। वहीं, कोविड-19 महामारी के दौरान किसानों को राहत देने के लिए 1.71 लाख करोड़ रुपए से अधिक की सहायता प्रदान की गई। सरकार द्वारा मंजूर किया गया खर्च पिछली खेलो इंडिया स्कीम से लगभग आठ गुना है, जो खेलों को युवाओं के विकास, देश बनाने और भारत को एक



वैश्विक खेल ताकत के तौर पर उभरने का आधार बनाने के सरकार के वादे को दिखाता है। इस नई योजना को हर प्रतिभाशाली युवा भारतीय के लिए स्कूल के खेल के मैदानों और गांव के खेल के मैदानों से लेकर ओलंपिक पोडियम तक एक आसान रास्ता बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका मकसद यह पक्का करना है कि कोई भी खेल प्रतिभा जगह, आर्थिक स्थिति या मौके की कमी की वजह से अनदेखा न रह जाए। खेलो भारत नीति 2025 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विजन के

**खेलो इंडिया स्कीम को नया रूप देने और नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन को ज्यादा मदद देने पर बनी सहमति**

साथ, यह योजना खेल को शिक्षा, फिटनेस, तकनीक और हाई-परफॉर्मेंस प्रशिक्षण के साथ जोड़ती है, साथ ही भारत के लंबे समय के खेल लक्ष्यों के लिए एक मजबूत नींव रखती है, जिसमें 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स और देश की ओलंपिक और पैरालंपिक गेम्स की मेजबानी की कोशिश शामिल है। पहली बार, युवा खिलाड़ियों को हर मंच पर सपोर्ट करने के लिए एक बड़ा एथलीट विकास का रास्ता बनाया गया है। इसमें प्रतिभाओं की पहचान और वैज्ञानिक प्रशिक्षण से लेकर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता और ओलंपिक की तैयारी तक शामिल है।

### देश के सबसे बड़े खेल विकास कार्यक्रम को मंजूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने 2026-27 से 2030-31 की अवधि के लिए 36,441 करोड़ रुपये के कुल खर्च के साथ खेलो इंडिया स्कीम को बढ़ाने और नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन (एएनएसएफ) को ज्यादा मदद देने को मंजूरी दी है। इससे युवाओं के विकास और देश बनाने के लिए खेलों की ताकत का इस्तेमाल करने के सरकार के वादे को फिर से सुनिश्चित किया गया है। आजादी के बाद से यह देश का सबसे बड़ा खेल विकास कार्यक्रम है। खेलों के प्रति देश के युवाओं की उम्मीदों को काफी बढ़ावा मिला है और आने वाले दशक में इसका बड़ा बदलाव लाने वाला परिणाम दिखेगा।

# बगहा में बाघों का हमला, 2 की मौत

**बगहा (एनएसबी)।** बगहा में वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से सटे इलाकों में 2 दिन में 2 बाघों के हमलों में 2 लोगों की मौत हुई है। गुरुवार को एक किसान पर बाघ ने हमला किया। हमले के बाद बाघ की मौत हो गई। किसान को इलाज के लिए गोरखपुर लाया गया था। शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर, दूसरे बाघ ने शुक्रवार को एक महिला को अपना शिकार बनाया है। महिला खेत में अकेले काम कर रही थी, इसी दौरान बाघ ने अचानक हमला किया। उसके सिर को जबड़े से पकड़कर घसीटने लगा। ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाघ ने महिला को छोड़ा, लेकिन तबतक उसकी मौत हो गई।

# पूर्णिया में फर्जी डीटीओ गिरफ्तार

**पूर्णिया।** पूर्णिया जिले से जालसाजी और अवैध वसूली का एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है. यहां एक युवक खुद को जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) और कभी परिवहन कार्यालय का बड़ा कर्मचारी बताकर सरेआम गाड़ियों से पैसे वसूल रहा था. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है.यह पूरा मामला पूर्णिया के के नगर थाना और मधुबनी थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित भूटाहा मोड़ के पास का है. आरोपी युवक पिछले कई दिनों से इसी इलाके को अपना ठिकाना बनाकर वहां से गुजरने वाले कमर्शियल वाहनों को निशाना बना रहा था।

# दिल्ली दंगा : पूर्व 'आप' पार्षद ताहिर समेत पांच को उम्रकैद

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन समेत 5 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई।

कोर्ट ने कहा कि यह बेहद गंभीर वारदात थी, जिसने समाज को झकझोर दिया। कोर्ट ने 13 जुलाई को ताहिर, नाजिम, काशिम, अनस और जावेद को हत्या, अपहरण, दंगा और सांप्रदायिक

**आईबी अफसर की हत्या के दोषी, कोर्ट बोला- घटना गंभीर, इसने समाज को झकझोर दिया**

वैमनस्य फैलाने का दोषी ठहराया था। वहीं, 11 आरोपियों में से 6 को बरी कर दिया गया था। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में कहा था, 'आरोपियों ने सारी हदें पार कर दीं। अंकित की मौत होने के बाद भी उन पर हमला जारी रखा गया। यह बेहद क्रूर और सुनियोजित हत्या थी। इसलिए दोषियों को फांसी की सजा दी जाए। ताहिर हुसैन के वकील ने दलील दी थी कि हर हत्या के मामले में मौत की सजा नहीं दी जा सकती। किसी भी दोषी की अलग-अलग भूमिका साफ नहीं बताई गई। इसलिए यह मामला 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' की श्रेणी में नहीं आता। विदित हो कि



### लोकल कोर्ट ने कहा-बेरहमी से शर्मा की हत्या की गई

ताहिर हुसैन हथियारों से लैस उस भीड़ का हिस्सा थे, जो हिंदुओं के प्रति नफरत के कारण दंगा, आगजनी और लूटपाट करने के लिए इकठ्ठा हुई थी। जिसने बेरहमी से और लगातार हमला करके शर्मा की हत्या कर दी।

दिल्ली दंगा 23 फरवरी, 2020 से शुरू हुआ था। 25 फरवरी को आईबी अफसर अंकित शर्मा घर से बाहर निकले थे, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं आए। परिवार उनकी तलाश कर रहा था, तभी लोगों ने बताया कि उनका शव चांदबाग पुलिया के पास खजूरी खास नाले में देखा गया है। अगले दिन सुबह पुलिस ने नाले से अंकित का शव बरामद किया था। इसके बाद पिता रविंदर कुमार की शिकायत दयालपुर थाने में केस दर्ज किया गया था।

# शिक्षकों का स्थानांतरण ऐच्छिक, विकल्प वाले विद्यालय में ही होगी बदली : शिक्षा मंत्री

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने स्पष्ट किया है कि बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली, 2026 के तहत शिक्षकों के समायोजन समानुपातीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह ऐच्छिक है। यह किसी भी शिक्षक के लिए अनिवार्य नहीं है। केवल वही शिक्षक स्थानांतरण के लिए पात्र होंगे, जो स्वयं आवेदन करेंगे। शुक्रवार को विकास भवन स्थित सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री तिवारी ने तबादले को लेकर चल रही भ्रांतियों को दूर करते हुए कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करते हुए उक्त वक्तव्य दिए।

उन्होंने बताया कि स्थानांतरण के लिए शिक्षक कम से कम एक और अधिकतम 30 विद्यालयों का विकल्प दे सकते हैं। शिक्षक द्वारा चुने गए विद्यालयों में से किसी एक विद्यालय में ही स्थानांतरण किया जाएगा। दिए गए विकल्पों के अतिरिक्त किसी अन्य विद्यालय में किसी भी शिक्षक का तबादला नहीं किया जाएगा।

**कम से कम एक और अधिकतम 30 विद्यालयों का दे सकते हैं विकल्प**

**शिक्षकों का जिला कैडर बनेगा, हर पांच वर्ष पर होगा स्थानांतरण**

**अब रिक्तियों का आकलन कर हर वर्ष बीपीएससी को भेजी जाएगी अधियाचना**

**दो दिनों में 22,591 अधिशेष शिक्षक तबादला आवेदन प्रक्रिया से जुड़े**



शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि राज्य में एक लाख से अधिक अधिशेष (सरप्लस) शिक्षक हैं। जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है, वहां इन शिक्षकों की सेवाएं ली जाएंगी। इसके साथ ही राज्य सरकार प्राथमिक विद्यालयों में बाल वाटिका शुरू करने पर विचार कर रही है। वहां तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में भी अधिशेष शिक्षकों की सेवाएं ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि पारस्परिक स्थानांतरण (म्यूचुअल ट्रांसफर) के लिए शिक्षक अपने ही विषय और श्रेणी के शिक्षक के साथ आवेदन कर सकेंगे।

श्री तिवारी ने बताया कि अब शिक्षकों का जिला कैडर बनेगा और हर पांच वर्ष पर स्थानांतरण की व्यवस्था लागू होगी। पूर्व में पूरे सेवाकाल में केवल दो बार स्थानांतरण का अवसर मिलता था।

उन्होंने शिक्षकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि इस नई व्यवस्था से पुरुष शिक्षकों को अपने जिले तथा महिला शिक्षकों को अपने प्रखंड में स्थानांतरण का लाभ मिलेगा। इससे शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंचेंगे, समय पर लौटेंगे और पूरी लगन से विद्यार्थियों को पढ़ा सकेंगे।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि स्थानांतरण के लिए पोर्टल 29 जुलाई से खुल चुका है तथा 5 अगस्त आवेदन की अंतिम तिथि है।

उन्होंने कहा कि दो दिनों में अब तक 14,796 अधिशेष शिक्षकों ने ऑनलाइन आवेदन कर दिया है, जबकि 7,795 अधिशेष शिक्षकों ने आवेदन भरकर सुरक्षित रखा है, लेकिन अभी अंतिम रूप से सबमिट नहीं किया है। इस प्रकार कुल 22,591 अधिशेष शिक्षक आवेदन प्रक्रिया से जुड़ चुके हैं। इसी अवधि में पारस्परिक स्थानांतरण (म्यूचुअल ट्रांसफर) के लिए 2,142 शिक्षकों ने आवेदन किया है।

उन्होंने आवेदन प्रक्रिया में आने वाली कठिनाइयों के समाधान के लिए कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की ओर से जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 14417 एवं 18003454417 की भी जानकारी दी।

बताया कि इसके अलावा ई-शिक्षाकोष हेल्पडेस्क नंबर 9523300520 और 9430820499 भी जारी किए गए हैं।

श्री तिवारी ने बताया कि विभागीय अधिकारियों को शिक्षकों की आशंकाओं के समाधान तथा स्थानांतरण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देने के लिए 9 एवं 10 अगस्त को पटना के अधिवेशन भवन में राज्यस्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि टीआरई-4 के तहत 32,388 पदों पर नियुक्ति की अधियाचना बीपीएससी को भेजी जा चुकी है। विषयवार रिक्तियों का आकलन करने के बाद अब हर वर्ष बीपीएससी को अधियाचना भेजी जाएगी।

नियोजित शिक्षकों के संबंध में शिक्षा मंत्री ने कहा कि विभाग उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सरकार नियोजित शिक्षकों को भी इस व्यवस्था के साथ जोड़ने के लिए सकारात्मक प्रयास कर रही है।

## खबरें : एक नजर में

### दो बच्चों के अपहरण और हत्या मामले में आरोपी को उम्रकैद

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** गोपालपुर थाना कांड संख्या 115/2024 में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-31, पटना ने आरोपी गणेश कुमार को दो बच्चों के अपहरण और हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला 6 मार्च 2024 का है। गोपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोसाईंमठ, संपतचक निवासी अखिलेश कुमार के तीन वर्षीय पुत्र ऋभि तथा अरुण प्रसाद के 12 वर्षीय पुत्र कुणाल का अपहरण कर लिया गया था। आरोप है कि अभियुक्त गणेश कुमार ने दोनों बच्चों की हत्या कर शव को छिपा दिया था। इस संबंध में 7 मार्च 2024 को गोपालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से आठ गवाहों की गवाही कराई गई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-31, पटना ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। इसके अलावा धारा 364 के तहत सात वर्ष के कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माना तथा धारा 201 के तहत सात वर्ष के कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई। मामले में सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक त्रिलोकी प्रसाद यादव ने पक्ष रखा।

### भाजपा और प्रशांत किशोर में अन्योनश्रय संबंध : एजाज

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने भाजपा और प्रशांत किशोर पांडेय के बीच किस तरह का संबंध रहा है उसके संबंध में बताते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि जनता दल यू में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रशांत किशोर पांडेय को अमित शाह के कहने पर बनाया था। और 2025 के चुनाव में भाजपा ने प्रोक्सी विपक्ष के तौर पर जन सुराज पार्टी को चुनाव मैदान में उतरने के लिए प्रेरित किया, लेकिन चुनाव परिणाम के बाद भाजपा और पीके के बीच अंदर खाने जो समझौता था वह उजागर हो गया। अब उससे उबरने के लिए ही बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में प्रशांत किशोर पांडेय स्वयं प्रत्याशी हुए लेकिन बिहार की जनता ने जिस तरह से लालू जी के विचार और तेजस्वी जी के कार्यो को समर्थन और विश्वास दिया उसके बाद फिर से भाजपा अनर्गल प्रलाप कर रही है जबकि सच तो यह है कि भाजपा और प्रशांत किशोर में हमेशा एक दूसरे को राजनीतिक लाभ पहुंचाने की रणनीति के तहत बिहार में राजनीति की जा रही है। जब इन संबंधों का पोल खुल गया तो अब भाजपा अनर्गल प्रलाप कर जनता के बीच अपना इमेज बनाए रखना चाहती है, लेकिन बिहार की जनता पूरी तरह समझदार है और इन दोनों के राजनीतिक खेल को अच्छी तरह समझ चुकी है।



एजाज अहमद।

### चेन छीनने के मामले में दो नाबालिग गिरफ्तार

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना में रह कर पढ़ाई करने वाले दो नाबालिगों को पुलिस ने चेन छीनने के मामले में गिरफ्तार किया है। डीएसपी सदर टू रंजन कुमार के मुताबिक बृहस्पतिवार की शाम रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के जगनपुरा से सुभाष नगर निवासी शुभेन्द्र राय से बाइक सवार बदमाशों ने सोने की चेन छीन लिया। मामले की जानकारी मिलने पर रामकृष्ण नगर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। सीसीटीवी और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने दो नाबालिगों को दबोच लिया। पुलिस ने दोनों के बयान के आधार छीनी गई चेन को बरामद कर लिया। घटना में इस्तेमाल बाइक के अलावा पुलिस टीम ने मोबाइल बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए लड़कों में एक भागलपुर और मुंगेर के निवासी हैं। रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र में भाड़े का कमरा लेकर रहता था। दोनों ने पढ़ाई के नाम पर कमरा भाड़े पर लिया था।

### साढ़े बत्तीस लाख रुपए मूल्य की प्रतिबंध कोडीन इंजेक्शन और टैबलेट के साथ एक को उत्पाद की टीम ने दबोचा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मेहंदी गंज थाना के बैंक कोलनी शिवचक में छापेमारी कर उत्पाद विभाग की टीम ने साढ़े बत्तीस लाख रुपए के कोडीन इंजेक्शन और टैबलेट पकड़ा है। उत्पाद विभाग के मुताबिक यह कारवाई ई आई बी ( एक्साइज इंटेलीजेंस ब्यूरों) के गुप्त सूचना पर प27 एक्साइज टीम के साथ संयुक्त रूप से की गई। छापेमारी में एक गोदाम से कोडीन, इन्जेक्शन तथा टैबलेट पकड़ा गया है। इस मामले में मेंहदीगंज निवासी राजनीश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद विभाग के मुताबिक पकड़े गए ड्रग का अनुमानित मूल्य लगभग वतीस लाख इकहत्तर हजार पाँच दो रुपये है।

## मोटर वाहन चालन दक्षता परीक्षा 24 अगस्त से बिहार वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड में होगा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा बिहार पुलिस में चालक सिपाही पद की 4,361 रिक्तियों के विरुद्ध शारीरिक दक्षता परीक्षा के आधार पर अगले चरण मोटर वाहन चालन दक्षता परीक्षा के लिए औपबंधिक रूप से चयनित अभ्यर्थियों का परीक्षाफल 28.अप्रैल को पर्षद की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा चुका है।. चयनित अभ्यर्थियों की मोटर वाहन चालन दक्षता परीक्षा 24 अगस्त, से बिहार वेटरनरी कलेज ग्राउंड, पटना में प्रारम्भ की जायेगी।. अभ्यर्थियों के मोटर वाहन चालन दक्षता परीक्षा की तिथि, स्थान एवं प्रवेश-पत्र की सूचना 10.अगस्त पर्षद की वेबसाइट के षबिहार पुलिसष टैब पर उपलब्ध रहेगी।. प्रवेश-पत्र दिए गए लिंक षडाउन लोड एडमिट कार्ड फोर डी ई टी अत्त्फ बिहार ड्राइवर कांस्टेबल विज्ञापन नंबर 02/ 2025 पर क्लिक कर डाउनलोड किया जा सकता है। स्पष्ट किया जाता है कि कोई भी प्रवेश पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किया जायेगा।

## नवोदय प्रवेश परीक्षा 2027 की आवेदन तिथि बढ़ी, सिलेबस हुआ चेंज, इसलिए नवोदय परीक्षा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन जरूरी : नदीम अहमद

**अररिया/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (2027) के ऑनलाइन आवेदन की 7 अगस्त 2026 अंतिम तिथि है। चयन परीक्षा का आयोजन 28 नवम्बर 2026 को पूरे देश में एक साथ किया जाएगा। परीक्षा केंद्र में बिना एडमिट कार्ड एवं आधार कार्ड के किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। एडमिट कार्ड नवम्बर माह में नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकेगा।

एडमिट कार्ड पर अभ्यर्थी का नाम, रोल नंबर, परीक्षा केंद्र तथा परीक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी अंकित रहेगी। इस संबंध में हर वर्ष सर्वाधिक चयन परिणाम देने वाले नवोदय कोचिंग सेंटर, अररिया के निदेशक हाजी नदीम अहमद ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय 2027 की प्रवेश परीक्षा के सिलेबस एवं परीक्षा पैटर्न में महत्वपूर्ण परिवर्तन किया गया है। अब परीक्षा में मेंटल एबिलिटी टेस्ट (मानसिक योग्यता), पर्यावरण अध्ययन , अंकगणित तथा भाषा (हिंदी) से प्रश्न पूछे जाएंगे। नए सिलेबस में पर्यावरण अध्ययन को भी शामिल किया गया है, इसलिए विद्यार्थियों को नई परीक्षा पद्धति के अनुसार तैयारी करनी चाहिए।



हाजी नदीम अहमद।

उन्होंने बताया कि परीक्षा में कुल 80 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। इनमें मानसिक योग्यता के 20, पर्यावरण अध्ययन के 20, अंकगणित के 20 तथा भाषा (हिंदी) के 20 प्रश्न होंगे। प्रश्नपत्र 100 अंकों का होगा तथा इसे हल करने के लिए दो घंटे का समय दिया जाएगा। उत्तर देने के लिए अलग से ओएमआर उत्तर-पत्रक उपलब्ध कराया जाएगा।

परीक्षार्थियों को 16 पृष्ठों की प्रश्न पुस्तिका एवं ओएमआर उत्तर-पत्रक दिया जाएगा। परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न पुस्तिका के सभी पृष्ठ सही क्रम में हैं तथा प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तर-पत्रक का क्रमांक और कोड समान है। यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो तो तुरंत कक्ष निरीक्षक को सूचित कर उसे बदलवा लें। उत्तर-पत्रक पर केवल काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन का ही प्रयोग करें। पेंसिल का प्रयोग, काट-छांट या उत्तर मिटाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। उत्तर-पत्रक पर किसी प्रकार का अतिरिक्त निशान भी नहीं लगाना है।

## सरकारी और गैर सरकारी ब्लड बैंकों का नियमित एवं औचक निरीक्षण का निर्देश

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** विकास भवन स्थित स्वास्थ्य विभाग के सभागार में स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि की अध्यक्षता में स्टेट ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य में सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराने से जुड़े लगभग 20 महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अमित कुमार पाण्डेय, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक, सुमित कुमार, परियोजना निदेशक, बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, मनोज कुमार सिन्हा, संयुक्त निदेशक (आईईसी), एनक़े. गुप्ता, अपर परियोजना निदेशक, के साथ स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा स्टेट ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल के सदस्य उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान राज्य के सभी ब्लड सेंटरों की कार्यप्रणाली, रक्त की गुणवत्ता, प्रत्येक यूनिट रक्त की अनिवार्य जांच, गुणवत्ता मानकों के अनुपालन, रक्त भंडारण व्यवस्था तथा ब्लड ट्रांसफ्यूजन सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सचिव कुमार रवि ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी ब्लड सेंटरों में प्रत्येक यूनिट रक्त की जांच निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आम लोगों को सुरक्षित, शुद्ध और संक्रमण-मुक्त रक्त उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में स्वैच्छिक रक्तदाताओं के लिए लागू स्मार्ट कार्ड आधारित डिजिटल ट्रैकिंग प्रणाली की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि पहली बार रक्तदान करने पर रक्तदाता को स्मार्ट कार्ड सीधे उसके व्हाट्सऐप पर उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद प्रत्येक रक्तदान का डिजिटल रिकर्ड उसी कार्ड में अपडेट होता रहेगा। इस व्यवस्था से रक्तदाताओं का अद्यतन रिकर्ड सुरक्षित रहेगा, रक्त की 100 प्रतिशत ट्रैकिंग संभव होगी तथा पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और तकनीक-सक्षम बनेगी।

बैठक में निर्णय लिया गया कि ब्लड एवं ब्लड कंपोनेंट्स (प्लेटलेट्स, प्लाज्मा एवं आरबीसी आदि) के प्रोसेसिंग चार्ज नेशनल ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल (छठज्ब) की नई गाइडलाइन्स के अनुरूप निर्धारित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य सरकारी अस्पतालों में मरीजों को रियायती एवं न्यूनतम दरों पर सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराना तथा सरकारी और निजी ब्लड बैंकों के बीच पारदर्शी समन्वय बनाए रखना है।

## जक्कनपुर थानान्तर्गत एटीएम फ्रॉड गिरोह के चार बदमाश गिरफ्तार

**पटना/ एनएसबी।** जक्कनपुर पुलिस ने एटीएम जालसाज गिरोह के चार बदमाशों को डेबिट कार्ड और मोबाइल और चाकू के साथ दबोचा है। डीएसपी सदर के मुताबिक -30 ज़ुलाई को जक्कनपुर थाना गश्ती पदाधिकारी को दो पुलवा स्थित एसबीआई एटीएम में तीन-चार व्यक्ति का संदिग्ध गतिविधि की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जक्कनपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं बल द्वारा दो पुलवा स्थित एसबीआई एटीएम पहुंचकर संदिग्ध अवस्था में चार अपराधकर्मियो को चोरी के मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ के कम में गिरफ्तार किए गए चारो अपराधकर्मियो के द्वारा धोखाधड़ी कर एटीएम से पैसा निकासी करने की बात स्वीकार किया गया। गिरफ्तार सभी अपराधकर्मियो को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जिन जालसाजों को दबोचा गया है उनमें कन्हैया कुमार थाना सिकन्दरा, जिला जमुई, विकाश कुमार सिंह गोखुला थाना सिकन्दरा, जिला जमुई, नितीश कुमार गोखुला थाना सिकन्दरा, जिला जमुई और धीरज कुमार एकमा थाना हिसुआ, जिला नवादा वर्तमान पता बालमीचक थाना फुलवारी शरीफ शामिल हैं। छापेमारी टीम में पुअनि अमित कुमार शर्मा और सअनि विपिन कुमार, जक्कनपुर थाना एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

## मुंशी प्रेमचंद केवल एक साहित्यकार नहीं, बल्कि भारतीय समाज के सजग चिंतक और युगद्रष्टा थे : डा. प्रमोद कुमार

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार तथा बिहार संगीत नाटक अकादमी, पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मुंशी प्रेमचंद जयंती समारोह 2026 के अवसर पर महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की कालजयी कहानी 'कफन' पर आधारित नाटक का मंचन शुक्रवार को प्रेमचंद रंगशाला, राजेंद्र नगर, पटना में किया गया।

इस नाट्य प्रस्तुति का नाट्य रूपांतरण एवं निर्देशन गुंजन कुमार ने किया तथा इसका मंचन रंग गुरुकुल, पटना द्वारा प्रस्तुत किया गया। यह प्रस्तुति प्रेमचंद के यथार्थवादी साहित्य को रंगमंच के माध्यम से नई पीढ़ी तक पहुँचाने का एक सार्थक प्रयास रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं उद्घाटनकर्ता डा. प्रमोद कुमार, मंत्री, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार थे। कार्यक्रम में श्रीमती रुबी, भाप्रसे, निदेशक, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, बिहार सरकार की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर बिहार संगीत नाटक अकादमी के सचिव महमूद आलम भी उपस्थित थे।

अपने संबोधन में डा. प्रमोद कुमार, मंत्री, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद केवल एक साहित्यकार नहीं, बल्कि भारतीय समाज के सजग चिंतक और युगद्रष्टा थे। उनके उपन्यासों और कहानियों में समाज की वास्तविकता, संघर्ष, मानवीय संवेदनाएँ तथा सामाजिक सरोकारों का जीवंत चित्रण मिलता है। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को मुंशी प्रेमचंद के साहित्य से अवश्य जुड़ना चाहिए, क्योंकि उनकी रचनाएँ जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण, सामाजिक चेतना और मानवीय मूल्यों की सीख देती हैं। उन्होंने प्रेमचंद की विभिन्न रचनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका साहित्य आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना अपने समय में था। अंत में उन्होंने मुंशी प्रेमचंद को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके अमूल्य साहित्यिक अवदान को स्मरण किया।



जयंती समारोह में मुंशी प्रेमचंद को नमन करते मंत्री डा. प्रमोद कुमार।

**मुंशी प्रेमचंद जयंती समारोह 2026 के अवसर पर 'कफन' का प्रभावशाली मंचन**

इस अवसर पर श्रीमती रुबी, भाप्रसे, निदेशक, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, बिहार सरकार ने अपने संबोधन में मंत्री सहित सभी अतिथियों, कलाकारों एवं दर्शकों का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 'कफन' मुंशी प्रेमचंद की अमर एवं कालजयी कृतियों में से एक है।

## खबरें खास-खास

### 2 अगस्त को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अभिनंदन समारोह होगी महाऐतिहासिक : केदार गुप्ता

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने पटना स्थित सरकारी आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि आगामी 2 अगस्त को पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अभिनंदन समारोह महाऐतिहासिक होंगी। मंत्री श्री गुप्ता ने कहा कि इस आहूत कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राज्य के सभी जिले व प्रखंडों क्षेत्रों में लगातार सघन दौरा कर रहे हैं एवं सघन जनसंपर्क अभियान के साथ फेसबुक पेज के माध्यम से भी लोगों से इस कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अपील कर रहे हैं। प्रेस वार्ता के दौरान पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने समारोह की तैयारियों एवं रूपरेखा की विस्तृत रूप से जानकारी साझा की तथा सभी सम्मानित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों से 2 अगस्त को प्रातः 11 बजे, श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल, पटना पहुँचकर इस भव्य समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस महाऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार के सेवा, संकल्प और समर्पण के 100 दिन पूर्ण होने के शुभ अवसर पर 2 अगस्त दिन रविवार को आयोजित भव्य आभार एवं अभिनंदन समारोह में आप सभी का हार्दिक स्वागत एवं सादर आमंत्रित है। इस प्रेस वार्ता के मौके पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रभात मालाकार, अखिल भारतीय कानू हलवाई विचार मंच के बिहार प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता भी उपस्थित थे।





पटना में आयोजित प्रेस वार्ता में पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने तैयारियों को लेकर इसकी विस्तृत रूप से दी जानकारी।

### केंद्रीय पंचायती राज मंत्री ललन सिंह से एमएलसी दिनेश सिंह व एमएलए कोमल सिंह ने की मुलाकात

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह से नई दिल्ली में मुजफ्फरपुर जिले के एमएलसी दिनेश प्रसाद सिंह व गायघाट एमएलए कोमल सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात किया एवं ससम्मान पूर्वक भव्य स्वागत भी किया। इस दौरान केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह से मुजफ्फरपुर जिले के विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह व गायघाट विधायक कोमल सिंह ने क्षेत्र के जनहित व विकासात्मक कार्यो पर सार्थक चर्चा किया एवं अन्य जनहितकारी मामलों से अवगत भी करवाया।



केंद्रीय पंचायती राज मंत्री ललन सिंह से एमएलसी दिनेश सिंह व एमएलए कोमल सिंह ने की मुलाकात।

### आईजीआईसी के डॉक्टर की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** इन्दिरा गांधी हृदय रोग संस्थान के डा नवल किशोर सिंहा के सेवा निवृत्ति पर शुक्रवार को संस्थान के डॉक्टरों और कर्मियों ने एक समारोह में बिदाई दी। इस अवसर पर संस्थान निदेशक डॉ सुनील कुमार ने कहा कि डॉक्टर नवल किशोर सिंहा को संस्थान में उनकी कर्तव्य परायणता के लिए जाना जाता था। वह हमेशा मरीजों के उपचार और कर्मियों के सहयोग के लिए उपलब्ध रहते थे। इस अवसर पर डा वीरेंद्र कुमार, डा प्रमोद कुमार, डा भास्कर भूषण , डाक्टर अशोक कुमार, डा अनिल कुमार सिंह, डा अनिल कुमार, डाक्टर कुणाल कृष्णा, डा रोहित कुमार, डाक्टर नशर अब्दाली, डाक्टर अनूप कुमार सिंह डा सुषमा कुमारी ,डा अर्चना कटियार, डाक्टर स्मिता सिंह ,डाक्टर समा रानी ,डा गजनफर, मैट्रन पुनम प्रभा हेल्थ मैनेजर सुनीता साह सिस्टर ज्योति कुमारी अनुराधा कुमारी सरिता कुमारी मधु रंजन लेखपाल नरेश कुमार मणिराज विनोद ठाकुर मनोज कुमार हरी प्रताप मोहम्मद आजाद राजेश कुमार मंटू उपस्थित थे।



इन्दिरा गांधी हृदय रोग संस्थान के डा नवल किशोर सिंहा के सेवा निवृत्ति पर शुक्रवार को संस्थान के डॉक्टरों और कर्मियों ने एक समारोह में विदाई दी।

### एनइपी-2020 के अनुरूप विभाग के द्वारा निर्देश पर पाठ्यक्रम संशोधन पर बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड की समिति की बैठक

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना में शुक्रवार को पाठ्यक्रम समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी-2020) के अनुरूप पाठ्यक्रम निर्माण, भारतीय ज्ञान परम्परा, वैदिक गणित तथा शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न विषयों पर संशोधन के लिए प्राप्त बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मृत्युंजय कुमार झा ,अध्यक्ष, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड ने शिक्षा विभाग ने जिन बिंदुओं पर संशोधन की बात की है उसे शामिल करते हुए भारतीय ज्ञान परम्परा, वैदिक गणित सहित पाठ्यक्रम को आकर्षक बनाए। इस अवसर पर विधान पार्षद श्रीमती निवेदिता सिंह, अरुण झा एवं धनेश्वर कुशवाहा की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने संस्कृत शिक्षा को अधिक गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुख, भारतीय ज्ञान परम्परा से समृद्ध तथा समयानुकूल बनाने पर बल दिया। बैठक में समिति के सदस्य प्रो डा़ रामसेवक झा, प्रो श्रीपति त्रिपाठी, प्रो रमेश, प्रो नरेंद्र, विभूति, बाबूलाल, श्री देव निरंजन, प्रजापति एवं भवनाथ झा ने शिक्षा विभाग से प्राप्त संशोधन संबंधी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की तथा आवश्यक सुझाव एवं अनुशंसाएँ प्रस्तुत कीं। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप संस्कृत शिक्षा को नई दिशा देने, भारतीय ज्ञान परम्परा एवं वैदिक गणित को पाठ्यक्रम में प्रभावी रूप से समाहित करने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम को और अधिक व्यावहारिक एवं समकालीन बनाने पर सहमति बनी। बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, मूल्यपरक एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पाठ्यक्रम में आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी।





एनइपी-2020 के अनुरूप विभाग के द्वारा निर्देश पर पाठ्यक्रम संशोधन पर बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड की समिति की बैठक।

### आईजी जितेंद्र राणा पहुंचे फतुहा-2 डीएसपी कार्यालय

**पटना / एनएसबी।** पटना प्रक्षेत्र के आईजी जितेंद्र राणा ने शुक्रवार को दनियावां स्थित डीएसपी फतुहा-2 के कार्यालय का निरीक्षण किया। इस उच्चस्तरीय निरीक्षण बैठक में पटना ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक कुंदन कुमार और फतुहा-2 के एसडीपीओ संजीव कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को मामलों का जल्द निष्पादन करने और अपराध नियंत्रण पर जोर देने का निर्देश दिये। आईजी जितेंद्र राणा ने इस दौरान उन्होंने अनुमंडल के अंतर्गत आने वाले खुशरूपुर, दनियावां और शाहजहांपुर थाना क्षेत्रों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। आईजी ने कार्यालय के पंजियों और अभिलेखों की जांच करते हुए पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आईजी ने विभिन्न थानों में दर्ज लंबित मामलों, वारंटों के तामिला और कुर्कियों की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को स्पष्ट हिदायत दी कि मामलों के निपटारे में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आईजी ने सभी पेंडिंग केसों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का आदेश दिया। आईजी ने पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### सात हजार की आबादी पर एक पंचायत के गठन की योजना : दीपक प्रकाश




**मंत्री ने कहा पंचायत के विकास की जिम्मेदारी मुखिया के कंधों पर**

**पंचायत सरकार भवन सुविधा केंद्र का मंत्री दीपक प्रकाश ने किया उद्घाटन**

**अलीनगर (एनएसबी)।** बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को अलीनगर प्रखंड के मोहीउद्दीनपुर पकड़ी पंचायत सरकार भवन सह सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री देश और मुख्यमंत्री बिहार का संचालन कर रहे हैं, उसी प्रकार पंचायत के विकास की जिम्मेदारी मुखिया के कंधों पर है। मंत्री ने कहा कि पंचायत सरकार भवन शुरू होने से ग्रामीणों को एक ही छत के नीचे विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ अपने पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से आपसी समन्वय बनाकर विकास योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारने का आह्वान किया। पंचायत चुनाव के संबंध में उन्होंने कहा कि परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही चुनाव कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि करीब सात हजार की आबादी पर एक पंचायत के गठन की दिशा में सरकार कार्य कर रही है।कार्यक्रम में बीडीओ ललित कुमार मिश्रा, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजीव यादव, मुखिया नवीजा खातून समेत विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### एंटी पेपर लीक बिल का पारित होना देश के करोड़ों छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी :संजय सरावगी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में परीक्षा व्यवस्था को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम**

**दरभंगा (एनएसबी)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने संसद के दोनों सदनों से एंटी पेपर लीक बिल के पारित होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे देश के करोड़ों छात्र-छात्राओं के हित में एक ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य कदम बताया है। संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हमेशा युवाओं और छात्रों के भविष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। एंटी पेपर लीक बिल परीक्षा में होने वाली अनियमितताओं, पेपर लीक और संगठित नकल जैसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। इससे मेहनती और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ेगा तथा उन्हें अपनी योग्यता और मेहनत के आधार पर आगे बढ़ने का निष्पक्ष अवसर मिलेगा।उन्होंने कहा कि पेपर लीक केवल एक परीक्षा की समस्या नहीं है, बल्कि यह लाखों युवाओं के सपनों और उनके परिवारों की वर्षों की मेहनत के साथ खिलवाड़ है। ऐसे अपराधों में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने की दिशा में यह कानून महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि देश के युवा अब यह विश्वास कर सकते हैं कि उनकी मेहनत और प्रतिभा के साथ न्याय होगा तथा परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और निष्पक्षता को और मजबूती मिलेगी।

### शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, एक फरार

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** स्थानीय थानाक्षेत्र के नगर पंचायत भरवाड़ा में पुलिस ने छापेमारी कर दो घरों मे छापामारी कर 52.860 लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। वही दूसरा तस्कर मौके से भाग निकला। गिरफ्तार शराब तस्कर तेजनारायण यादव उर्फ तेजू यादव बताया गया है। जबकि दुसरा तस्कर रोहित साह पुलिस को देख मौके से फरार हो गया। सिंहवाड़ा थाना की पुलिस टीम ने गुप्त सूचना मिलने यह पर कार्रवाई की है। छापामारी के दौरान तेजनारायण यादव के घर से 43.545 लीटर तथा रोहित साह के घर से 9.315 लीटर विदेशी शराब बरामद हुआ। बरामद शराब विभिन्न ब्रांड की बोतलों और कार्टनों में रखी गई थी। थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की गिरफ्तार तस्कर को न्यायिक हिरासत मे भेजा जा रहा है। फरार आरोपी तस्कर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।


### ट्रक ने कार में मारी टक्कर, रिटायर्ड जीएसटी अधिकारी व पत्नी की बची जान

**एनएच 27 पथ पर कुम्हरपट्टी के समीप हुई घटना**

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** दरभंगा-मुजफ्फरपुर उच्च पथ पर कुम्हरपट्टी चौक के समीप शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से एक कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने डिवाइडर से जा टकराई। बताया गया है की हादसे के दौरान कार का एयरबैग खुल जाने से उसमें सवार पति पत्नी को मामूली चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही सिमरी पुलिस मौके पर पहुंच गई दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कराया। घायल मधुबनी जिले के रहिका थाना क्षेत्र के बसौली गांव वार्ड संख्या-13 निवासी सेवानिवृत्त सहायक आयुक्त जीएसटी 65 वर्षीय सुधीर कुमार एवं उनकी पत्नी 59 वर्षीय नीलम झा ने बताया कि वे अपने गांव से पटना जा रहे थे। इसी दौरान कुम्हरपट्टी चौक के समीप पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। इससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। उन्होंने बताया कि टक्कर के तुरंत बाद कार का एयरबैग खुल गया, जिससे दोनों सुरक्षित बच गए। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि दोनों को मामूली चोटें आई हैं। टक्कर मारने वाले ट्रक की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

### विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** सिमरी थाना क्षेत्र के शोभन गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस में लाश को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है। आक्रोश है। मृतिका सिमरी थाना क्षेत्र के शोभन गांव निवासी सुनील कुमार शर्मा की 23 वर्षीय पत्नी सुधा कुमारी बतायी गयी है। उसकी शादी के अगले वर्ष हुई थी इस घटना से विवाहिता के मायके के लोगों में आक्रोश है। बताया गया है कि तबीयत बिगड़ने पर परिजन ने विवाहिता को दरभंगा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार के अहले सुबह उसकी मौत हो गई।



मृतका के भाई बहादुरपुर थाना क्षेत्र के बाजितपुर निवासी लक्ष्मी कुमार शर्मा ने बताया कि उसकी बहन की शादी मई 2025 में शोभन गांव निवासी सुनील कुमार शर्मा के साथ हुई थी। भाई ने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने मिलकर उसे जहर दे दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका के गले में रस्सी का निशान भी देखा गया है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि मामले में की तहकीकात की जा रही है।

### बच्चा के पेट में लोहे का सरिया डॉक्टर ने ऑपरेशन कर निकाला

**दरभंगा (एनएसबी)।** डीएमसीएच के सर्जरी विभाग में डॉक्टर ने कठिन ऑपरेशन कर किशोर की पेट के बाये भाग से दाहिना भाग में बाहर निकले लोहे की सरिया को निकाल कर बच्चे को नया जीवन दान दिया है।किशोर की पहचान इस रूप में की गई है वह घनश्यामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरथु निवासी मुकेश पासवान के पुत्र रोशन पासवान उम्र 12 साल के रूप में की गई है। रोशन अपने मकान की छत पर खेल रहा था।बगल में नया मकान बन रहा है रोशन का पांव फिसल गया जिसके फल स्वरुप वह नये मकान की सरिया पर गिर गया सरिया टूट कर गिर गया। आनंद फानन में परिजनों ने उसे उठाकर डीएमसीएच इमरजेंसी विभाग में डॉक्टर पी के शाह के यूनिट में भर्ती किया । भर्ती करने के बाद डॉक्टरों की टीम कठिन परिश्रम कर लोहे की सरिया को निकाला । रोशन ऑपरेशन के बाद ठीक है वह खतरे से बच गया ।उनके चाचा राकेश पासवान ने सारी बात बताई।

### बहला कर भगाई गयी दो महिला बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** सिमरी थानाक्षेत्र के दो अलग-अलग गांव से बहला फुसलाकर भगाई गई दो महिला को सिमरी पुलिस ने बरामद कर लिया है। साथ ही पुलिस ने एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। एक मामले में गिरफ्तार मोतिहारी जिले के चकिया थाना क्षेत्र के कोयला बेलवा पटकोलिया निवासी मंटू कुमार बताया गया है। पुलिस ने महिला को भी बरामद कर लिया है।

# बच्चों में दस्त से बचाव के लिए ओआरएस को बताया जीवन जल

**ओआरएस सप्ताह पर आईएपी ने किया जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन**

**दरभंगा (एनएसबी)।** ओआरएस सप्ताह के अवसर पर इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा एक निजी अस्पताल में दस्त की रोकथाम एवं ओआरएस के महत्व पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ एवं दरभंगा आईएपी के अध्यक्ष डॉ. के. एन. मिश्रा ने की।इस अवसर पर डॉ. के. एन. मिश्रा ने ओआरएस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि दस्त के दौरान बच्चों के शरीर से पानी और आवश्यक लवण तेजी से कम हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में समय पर ओआरएस देने से निर्जलीकरण से बचाव होता है और गंभीर जटिलताओं का खतरा कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ओआरएस वास्तव में बच्चों के लिए ह्लजीवन जलह्व है, जिसे हर घर में उपलब्ध रखना चाहिए।कार्यक्रम में डॉ. कुमार आनंद एवं डॉ. कामोद झा ने दस्त से जुड़े खतरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों में दस्त होने पर घबराएं नहीं, बल्कि तुरंत ओआरएस देना शुरू करें और बच्चे को पर्याप्त तरल पदार्थ देते रहें। उन्होंने यह भी कहा कि सुस्ती, बार-बार उल्टी, पेशाब कम होना, आंखें धंसना, अत्यधिक प्यास या बच्चा दूध-पानी न पी रहा हो, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।भूतपूर्व अध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दस्त से होने वाली गंभीर स्थिति को रोकने के लिए जन-जागरूकता सबसे प्रभावी उपाय है। इलाज से पहले बचाव की जरूरत है जो स्वच्छता में निहित है। खाने से पहले और शौच के आने के बाद हाथों को साबुन और पानी से अच्छी तरह मांजने से संक्रमण एवं दस्त का खतरा काफी कम हो जाता है। उन्होंने खुले में बिकने वाले जंग सामग्री का इस्तेमाल करने से बचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ओआरएस का सही और समय पर उपयोग बच्चों की जान बचाने में अत्यंत सहायक है।



कार्यक्रम में भाग लेते चिकित्सक एवं अन्य ।

कार्यक्रम में डॉ. विवेकानंद पाल, डॉक्टर अरविंद झा, डॉक्टर अरविंद कुमार यादव, डॉक्टर अमरेश कुमार साहू, डॉ. एस. सी. यादव सहित आईएपी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में ने डॉक्टर कुमार आनंद ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों, अभिभावकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हाइवे पर 4 एस दोपहिया शोरूम एवं सर्विस सेंटर का हुआ शुभारंभ

**दरभंगा को मिला अपना सबसे अत्याधुनिक एवं भव्य 4एस दोपहिया शोरूम एसएस होंडा ने रचा नया इतिहास**

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा केऑटोमोबाइल क्षेत्र में आज एक नया इतिहास रचते हुए एसएस होंडा ने एनएच-27, दया ग्रीन होटल के सामने अपने अत्याधुनिक एवं भव्य 4एस दोपहिया शोरूम एवं सर्विस सेंटर का शानदार शुभारंभ किया। आधुनिक वास्तुकला, विशाल ग्लास फ्रंटेज, डबल-हाइट प्रीमियम डिस्प्ले एरिया, अत्याधुनिक कस्टमर लाउंज, आधुनिक रिसेप्शन, डिजिटल सुविधाओं तथा विश्वस्तरीय सर्विस इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित यह नया शोरूम दरभंगा के दोपहिया उद्योग में गुणवत्ता, तकनीक और ग्राहक अनुभव के नए मानक स्थापित करेगा।



उद्घाटन के अवसर पर प्रो विनय कुमार चौधरी,पीयूष गुप्ता,सतीश कुमार सिंह एवं अन्य।

उद्घाटन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेल्स जोनल इंचार्ज पियूष गुप्ता द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि बेनीपुर के विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी, हिमांशु रंजन एवं सौम्या दत्ता की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई।इस अवसर पर एसएस होंडा के प्रबंध निदेशक सतीश कुमार सिंह एवं निदेशक राणा साहिल ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि यह केवल एक नया शोरूम नहीं, बल्कि ग्राहकों को विश्वस्तरीय खरीद एवं सेवा अनुभव उपलब्ध कराने की दिशा में एसएस होंडा का एक महत्वपूर्ण कदम है। समारोह में डॉ. हरि दामोदर सिंह, डॉ. राजेश द्विवेदी, शुभाष सिंह, सुरेंद्र सिंह, डॉ. नितेश कमल,डॉ जी एस झा,आलोक सिंह मुन्ना, डॉ पी एन मिश्रा सहित शहर के अनेक प्रतिष्ठित चिकित्सक, उद्योगपति, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक एवं कई ग्राहकों की उपस्थिति ने उद्घाटन समारोह को यादगार बना दिया।इस मौके पर

प्रबंध निदेशक सतीश कुमार सिंह ने कहा,ह्लहमारा उद्देश्य केवल दोपहिया वाहन बेचना नहीं, बल्कि ग्राहकों को ऐसा अनुभव देना है जिस पर उन्हें गर्व हो। यह अत्याधुनिक एवं भव्य 4र शोरूम दरभंगा के लोगों को विश्वस्तरीय सुविधाएँ, उत्कृष्ट ग्राहक सेवा और भरोसेमंद आफ्टर-सेल्स सपोर्ट एक ही छत के नीचे प्रदान करेगा।ह्वनिदेशक राणा साहिल ने कहा, ह्लएसएस होंडा सदैव नवाचार, गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देता आया है। यह नया शोरूम आधुनिक तकनीक, विशाल डिस्प्ले, प्रीमियम ग्राहक लाउंज, प्रशिक्षित टीम और अत्याधुनिक सर्विस सुविधाओं के साथ दरभंगा एवं आसपास के जिलों के ग्राहकों के लिए एक नया अनुभव लेकर आया है। हमारा प्रयास है कि हर ग्राहक यहाँ से संतुष्टि और विश्वास के साथ लौटे।

## लहेरियासराय में सृष्टि फाउंडेशन नृत्य संस्थान का हुआ भव्य उद्घाटन

**दरभंगा (एनएसबी)।** भारतीय शास्त्रीय नृत्य संस्थान 'सृष्टि फाउंडेशन, लहेरियासराय ईस्ट' का भव्य उद्घाटन गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पारंपरिक पूजा, दीप प्रज्ज्वलन एवं सांस्कृतिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कला प्रेमियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में हुई ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केवटी विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा, प्रसिद्ध रंगकर्मी प्रकाश बंधु, नृत्य गुरु नयन मांझी, मयंक कुमार, संस्था संचालिका जयश्री जयंती एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर संस्थान का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने संस्थान की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए संस्था की संचालिका जयश्री जयंती और संस्थान से जुड़े सभी सदस्यों को शुभकामनाएँ दीं। संस्थान के संस्थापक एवं नृत्य गुरु जयप्रकाश पाठक ने बताया कि सृष्टि फाउंडेशन का उद्देश्य विशेष रूप से ओडिसी सहित भारतीय शास्त्रीय नृत्य का प्रचार-प्रसार करना, विद्यार्थियों में कला, अनुशासन एवं सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करना तथा उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुँचाना है।संस्थान की संचालिका जयश्री जयंती ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का स्वागत करते हुए संस्थान की भावी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पटना विश्वविद्यालय के पूर्व अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं प्रिंसिपल नवल किशोर चौधरी, संचालिका के पिता मनोज कुमार चौधरी एवं माता सविता चौधरी, कथक नृत्य गुरु रूपेश गुप्ता तथा ग्लैमोरा अकादमी के निदेशक मयंक कुमार, दिवांशु शेखर, सुमन कुमार, मो. शमशाद, सोनी झा, दीपक कुमार , समस्तीपुर मंडल रेलवे से डी.सी.आई. सतेंद्र चौरसिया, अनीश श्रीवास्तव, धीरज कुमार, श्याम कुमार, विवेक कुमार, सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे क मंच संचालक दरभंगा आकाशवाणी के प्रसिद्ध उद्घोषक दीपक कुमार झा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संस्था की संचालिका जयश्री जयंती ने आगंतुक सभी अतिथियों और लोगों के प्रति आभार प्रकट किया।



उद्घाटन करते विधायक डॉक्टर मुरारी मोहन झा।

### शिक्षक बहाली में मैथिली विषय के पदों में बढ़ाए जाने के लिए सांसद ने सीएम सम्राट चौधरी को लिखा पत्र

**दरभंगा (एनएसबी)।** बीपीएससी द्वारा टीआरई-4 में मैथिली विषय के टीजीटी एवं पीजीटी पदों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि तथा टीआरई-3 के रिक्त एवं बैकलॉग पदों के समायोजन तथा आवश्यकतानुसार नए शिक्षक पदों के सृजन के लिए भारतीय जनता पार्टी के सांसद सह लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने बिहार के मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी तथा शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी को पत्र लिखकर शीघ्र पहल का आग्रह किया है।सांसद डा ठाकुर ने शुक्रवार को बिहार के सीएम सम्राट चौधरी तथा शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी को लिखे पत्र में मैथिली भाषा के पदों की संख्या को बढ़ाए जाने के लिए आग्रह करते हुए कहा है कि मैथिली भारत की प्राचीन तथा समृद्ध भाषा है जिसे वर्ष 2003 में भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कर संवैधानिक मान्यता प्रदान की गई। यह भाषा आज भारत, नेपाल तथा विश्व के विभिन्न देशों में लगभग 8 करोड़ लोगों के द्वारा बोली जाती है जो मिथिला की सांस्कृतिक पहचान, साहित्यिक परंपरा और भारतीय सभ्यता की अमूल्य धरोहर है। लेकिन इस भाषा में विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दुर्भाग्यपूर्ण है।सांसद डा ठाकुर ने मैथिली की राष्ट्रीय प्रतिष्ठा एवं व्यापक स्वीकार्यता का उल्लेख करते हुए कहा है कि संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में मैथिली साहित्य वैकल्पिक विषय के रूप में मान्य है। केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में मैथिली भाषा शामिल है। सीबीएसई के पाठ्यक्रम में मैथिली विषय उपलब्ध है। लोकसभा की कार्यवाही का अनुवाद मैथिली में किया जाता है। भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों की वेबसाइटों पर भी मैथिली भाषा को स्थान दिया गया है। साहित्य अकादेमी द्वारा मैथिली साहित्य को नियमित सम्मान एवं पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं तथा आकाशवाणी एवं दूरदर्शन पर भी मैथिली के नियमित कार्यक्रम प्रसारित होते हैं जो इस बात के प्रमाण है कि मैथिली राष्ट्रीय स्तर पर पूर्ण सम्मान एवं व्यापक मान्यता प्राप्त भाषा है साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में मातृभाषा एवं भारतीय भाषाओं में शिक्षा को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया गया है।

## दरभंगा में संस्कृत शिक्षकों का धरना,6 माह से नहीं मिला वेतन

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिले के दर्जनों संस्कृत शिक्षकों ने शुक्रवार को लहेरियासराय स्थित मिथिला संस्कृति उच्च विद्यालय प्रांगण में उपस्थित होकर लंबित वेतन भुक्तान को लेकर विचार विमर्श किए।शिक्षकों का आरोप है कि उन्हें पिछले 5 से 6 माह की वेतन नहीं मिला है,जिसके कारण उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है।विचार विमर्श में शिक्षक डॉ कमला कानंद झा,चंचल कुमारी,अमित कुमार दुबे, चन्द्र भूषण मनी,सुमन कुमार झा,नीता कुमारी अजित कुमार झा,गोपाल झा, विनोदानंद झा ने कहा कि बार-बार विभागीय अधिकारियों से गुहार लगाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।वेतन नहीं मिलने से घर चलाना मुश्किल हो गया है।और त्योहारों में भी परेशानी झेलनी पड़ रही है।प्रदर्शनकारियों ने सरकार और शिक्षा विभाग से मांग की कि लंबित वेतन का भुगतान अविलंब किया जाए।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे 5 अगस्त को लंबित वेतन भुक्तान हेतु जिला पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी दरभंगा को ज्ञापन देने की कार्य करेंगे। हम लोगों के नेता व जिला सचिव समीर कुमार झा किसी किसी कारण से आज की बैठक में भाग नहीं ले रहे हैं उनसे विमर्श के बाद आगे का आंदोलन तेज किया जाएगा। दरभंगा से पटना तक पूरे बिहार के संस्कृत शिक्षकों के द्वारा एकजुट होकर आंदोलन तेज किया जाएगा।



धरना देते संस्कृत शिक्षक।

## पंचायत चुनाव के लिए नए परिसीमन के बाद तैयार होगा आरक्षण रोस्टर : दीपक प्रकाश

**मंत्री दीपक प्रकाश ने रमौली में किया जनसंवाद, पंचायत स्तर पर ही मिलेंगी मूलभूत सुविधाएं**

**बेनीपुर (एनएसबी)।** पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को बेनीपुर प्रखंड के रमौली पंचायत सरकार भवन परिसर में आम लोगों से सीधा संवाद किया। इससे पहले उन्होंने पंचायत सरकार भवन में नव स्थापित आधार केंद्र और पंचायत की तीन जीविका संगठन कार्यालयों का शुभारंभ किया। जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि केंद्र और बिहार सरकार आम लोगों की सेवा के लिए पूरी तत्परता से काम कर रही है। पंचायती राज के तहत स्थापित सभी सुविधाओं को अगले पंचवर्षीय के पूरा होने तक और मजबूत किया जाएगा। उनका जोर इस बात पर रहा कि लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए अब प्रखंड या जिला का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। मूलभूत कार्य पंचायत स्तर पर ही निपटाए जाएंगे। ग्रामीणों ने सोलर लाइट में गड़बड़ी और जल-नल योजना को लेकर सवाल उठाए। मंत्री ने सोलर लाइट की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पंचायती राज पदाधिकारी को विशेष निर्देश दिए। जल-नल योजना पर उन्होंने स्पष्ट किया कि इसकी देखरेख लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग कर रहा है। सरकार इस योजना को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मंत्री ने कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर सभी जरूरी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। 2011 की जनगणना के आधार पर राज्य निर्वाचन आयोग ने नए परिसीमन का काम शुरू कर दिया है। 7000 की आबादी पर नए पंचायतों का पुनर्गठन किया जाएगा। इसके बाद आरक्षण का रोस्टर तैयार होगा। इस संबंध में सरकार जिला निर्वाचन आयोग को सभी पहलुओं पर शीघ्र निर्णय लेने के लिए अनुरोध पत्र भेज चुकी है।इस दौरान मंत्री ने पंचायत की विभिन्न योजनाओं से जुड़ी संचिकाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्थानीय मुखिया रोशन मिश्रा को बधाई देते हुए कहा कि वे जनता की समस्याओं का समय पर समाधान करें और आम लोगों की भावनाओं के अनुरूप काम करें। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने मंत्री दीपक प्रकाश को मिथिला की परंपरा के अनुसार माला, पाग और चादर से सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी पवन यादव, अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार झा, प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार, सहित योजना विकास विभाग और अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे। इससे पूर्व प्रखंड के मौजमपुर गांव स्थित रामभरोस महतो के यहां एक निजी कार्यक्रम में भाग लिया ।



मंत्री दीपक प्रकाश का स्वागत करते लोग।

### गन्ना क्षेत्र विस्तार अभियान को लेकर पैक्स अध्यक्षों की बैठक आयोजित

**तारडीह (एनएसबी)।** प्रखंड सभागार, तारडीह में गन्ना क्षेत्र विस्तार एवं किसान पंजीकरण अभियान की सफलता को लेकर प्रखंड के सभी पैक्स अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीपीआरओ खगेंद्र मोहन,प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी (बीसीओ)शैलेन्द्र कुमार यादव के संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित किया गया।बैठक में राज्य सरकार के निदेर्शानुसार नई चीनी मिलों के लिए गन्ना उत्पादन क्षेत्र बढ़ाने, अधिक से अधिक किसानों का गन्ना किसान के रूप में पंजीकरण कराने तथा चीनी मिल सहकारी समिति की सदस्यता से जोड़ने पर विस्तार से चर्चा की गई। बीसीओ ने बताया कि 28 जुलाई से 1 अगस्त तक प्रखंड की सभी पंचायतों में विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत पंचायतवार शिविर लगाकर किसानों को गन्ना खेती के प्रति जागरूक किया जाएगा।बैठक में सभी पैक्स अध्यक्षों से अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में किसानों से संपर्क कर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया गया। साथ ही पंचायत स्तर पर प्रतिनियुक्त कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तर बिहार में अच्छी बारिश के आसार नहीं, 2 से 4 अगस्त के बीच मेघगर्जन, वज्रपात व तेज हवा की संभावना

**पूसा (एनएसबी)।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के संयुक्त सहयोग से जारी मौसम पूवार्नुमान के अनुसार आगामी 05 अगस्त 2026 तक उत्तर बिहार के अधिकांश क्षेत्रों में अच्छी वर्षा की संभावना कम है। हालांकि, 02 से 04 अगस्त के बीच कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात एवं तेज हवा चलने की आशंका जताई गई है। इस दौरान वैशाली, मधुबनी, गोपालगंज, दरभंगा, सिवान तथा पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण जिलों के कुछ इलाकों में मध्यम से भारी वर्षा हो सकती है। वहीं अन्य स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा के समय आसमान में मध्यम से घने बादल छाए रहेंगे, जबकि अन्य समय हल्के बादल देखे जा सकते हैं। पूवार्नुमान अवधि के दौरान अधिकतम तापमान 31 से 35 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। आर्द्रता के स्तर की बात करें तो सुबह के समय सापेक्षिक आर्द्रता लगभग 80 प्रतिशत और दोपहर में 40 से 48 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। वहीं, इस अवधि में 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से मुख्यतः पूर्वी एवं दक्षिण-पूर्वी दिशा से हवा चलने की संभावना जताई गई है। मौसम वैज्ञानिकों ने किसानों और आम लोगों को सलाह दी है कि मेघगर्जन और वज्रपात के दौरान सतर्क रहें तथा खुले स्थानों पर जाने से बचें।

### समापक भुगतान समारोह में जुलाई 2026 में सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को डीआरएम ने दी ससम्मान विदाई

**समस्तीपुर/एनएसबी।** समस्तीपुर मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा ने समापक भुगतान समारोह में जुलाई 2026 में सेवानिवृत्त हुए रेलकर्मियों को समापक भुगतान प्रदान करते हुए रेलवे परिवार की ओर से सम्मानपूर्वक विदाई दी।मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा ने कहा कि कर्तव्ययोगी व निष्ठावान रेल कर्मियों की रेल मंत्रालय में की गई सेवा की सम्मान हर हाल में मिलनी चाहिए इससे उनमें समर्पण की भाव बनी रहती है साथ ही उनमें और उनके परिवार के बीच रेलवे परिवार हमेशा याद आती है। डीआरएम ज्योति प्रकाश मिश्रा ने कहा कि रेलवे परिवार कर्म योगी कर्मियों का सम्मान हमेशा से करते हुए आ रही है साथ ही उन्होंने सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मियों की उज्जवल भविष्य की कामना भी किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक सन्नी सिन्हा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी विवेक कुमार, यूनियन प्रतिनिधिगण, सभी शाखाधिकारीगण की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।



### अतिक्रमण से सिकुड़ा मंदिर पथ, श्रद्धालुओं को होगी परेशानी

**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** विद्यापतिधाम श्रावणी मेला में अतिक्रमण से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। बताया गया है की स्मारक चौक से मंदिर की ओर जाने वाली पथ में दोनों तरफ अतिक्रमण बने रहने से आने वाले श्रद्धालुओं को कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। खासकर मंदिर के मुख्य गेट पर दोनों तरफ चौकी लगे रहने और दुकान सजे होने से जल चढ़ाने आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर के परिसर में प्रवेश करने में भारी परेशानी का सामना करना होगा जबकि बैठक कर एसडीओ और डीएसपी ने निरीक्षक के क्रम में उक्त स्थान को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खाली करने का निर्देश दिया था। जिसके कारण सर्वाधिक भीड़ रविवार और सोमवार के दिन लाखो की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ सुरक्षा में लगे पुलिस बल और मंदिर कमेटी के सदस्यों से साथ सेवा में लगे अन्य लोगो को भी भुगतना पड़ सकता है। हालांकि आज एसडीओ और डीएसपी के निरीक्षण करने की सूचना पर अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा रहा लेकिन किसी कारण वस आज अधिकारी के नहीं आने से स्थिति जस की तस बनी है।



### भूमिहीनों को प्राथमिकता के आधार पर वासभूमि, पर्चा व आवास मिले : सुरेंद्र

**ताजपुर (एनएसबी)।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) के सदस्यता अभियान के तहत ताजपुर प्रखंड के सरसौना मुसहरी में शुक्रवार को जनसंवाद सह सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 50 नए सदस्यों को संगठन से जोड़ा गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह, खेग्रामस प्रखंड अध्यक्ष प्रभात रंजन गुप्ता एवं अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि भूमिहीन गरीबों को प्राथमिकता के आधार पर वासभूमि, पर्चा एवं आवास उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को भूमिहीन परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस पहल करनी चाहिए तथा गरीबों के आवास और जमीन के अधिकार को सुनिश्चित करना चाहिए। खेग्रामस प्रखंड अध्यक्ष प्रभात रंजन गुप्ता ने संगठन को मजबूत बनाने और गरीबों, मजदूरों तथा दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। वहीं किसान महासभा के प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह ने बताया कि आगामी 2 अगस्त को ताजपुर के मोतीपुर में अखिल भारतीय किसान महासभा का प्रखंड सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने प्रखंड के किसानों से सम्मेलन में व्यापक संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं, कृषि संकट और उनके अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर सम्मेलन में विस्तार से चर्चा की जाएगी। सदस्यता अभियान में स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा संगठन की सदस्यता ग्रहण कर गरीबों, मजदूरों और किसानों के अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### राजस्व कर्मियों पर तो गिरी गाज, मगर भूमाफिया पर कार्रवाई होगी कब ?

**सरकारी झील की जमीन घोटाले में आठ अधिकारियों-कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई के बाद अब अवैध खरीद-बिक्री कराने वाले कथित भूमाफियाओं पर कार्रवाई का इंतजार**

**दरभंगा (एनएसबी)।** सदर अंचल के खोजकीपुर मौजा स्थित गैरमजरूआ (झील) की सरकारी भूमि को फर्जी तरीके से रैयती बनाकर उसकी खरीद-बिक्री कराने के मामले में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन राजस्व कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। वहीं आठ राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध प्रपत्र-ह्यकह्न गठित कर विभागीय कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया गया था। इस कार्रवाई के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब सरकारी जमीन के इस बड़े घोटाले में राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका सामने आ गई है, तो कथित रूप से अवैध खरीद-बिक्री कराने वाले भूमाफियाओं पर कार्रवाई कब होगी? जिलाधिकारी कौशल कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन को सूचना मिली थी कि सदर अंचल के खोजकीपुर मौजा, थाना संख्या-600 स्थित लगभग 4 बीघा 13 कट्ठा 10 धूर गैरमजरूआ खास (झील) भूमि पर मिट्टी भरकर उसकी अवैध खरीद-बिक्री की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में भूमि सुधार उप समाहर्ता, सदर को शामिल करते हुए दो सदस्यीय जांच टीम गठित की गई थी। जांच प्रतिवेदन में खुलासा हुआ कि तत्कालीन अंचल अधिकारियों, राजस्व अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारियों द्वारा 27 मामलों में सरकारी भूमि का अवैध दाखिल-खारिज कर रैयती जमाबंदी कायम कर दी गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर चंदन कुमार शर्मा, नन्द लाल दास एवं नेहाल कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। वहीं तत्कालीन अंचल अधिकारी अरुण कुमार सक्सेना, इन्द्रसान साह, रंधीर कुमार, राजस्व अधिकारी विनीत चित्रा तथा तत्कालीन राजस्व कर्मचारी

# श्रावणी मेला: अंतिम सोमवारी पर एनएच-28 से भारी वाहनों की एंट्री बंद, नाग पंचमी पर सांपों के प्रदर्शन पर रोक



बैठक में शामिल पदाधिकारी व अन्य।

**दलसिहसराय नगर (एनएसबी)।** श्रावणी माह, नाग पंचमी, बेलहुम और अंतिम सोमवारी को लेकर शनिवार को अनुमंडल सभागार में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता एसडीओ किशन कुमार और डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने की। इसमें विधि-व्यवस्था, कांवरियों की सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए।

एसडीओ ने बताया कि बेगूसराय के झमटिया से दलसिंहसराय होते हुए थानेश्वर स्थान मंदिर तक जलाभिषेक के लिए आने वाले कांवरियों की सुविधा को देखते हुए अंतिम सोमवारी पर विशेष ट्रैफिक प्लान लागू रहेगा। 4 अगस्त को शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक एनएच-28 पर चारपहिया और भारी वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी। इन वाहनों को डैनी चौक के रास्ते बेगूसराय और वहां से मुजफ्फरपुर की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

नाग पंचमी को लेकर प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सभी प्रखंडों में सार्वजनिक स्थानों पर सांपों के प्रदर्शन और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बीडीओ और थानाध्यक्षों को इसकी निगरानी करने तथा विकास मित्रों के माध्यम से सूचना जुटाने का निर्देश दिया गया है। नियमों के उल्लंघन पर बीएनएसएस की धारा 126 के तहत कार्रवाई की जाएगी। श्रावण माह के प्रत्येक रविवार और सोमवार को सभी प्रखंडों के शिवालयों पर चौकीदार के साथ विकास मित्र, पंचायत रोजगार सेवक अथवा किसान सलाहकार की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। वहीं विद्यापतिधाम मंदिर परिसर में इन दिनों वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। मंदिर से करीब 300 मीटर पहले पार्किंग की व्यवस्था की गई है। स्वयंसेवकों को ड्रेस कोड में रहना होगा और उनका नाम व मोबाइल नंबर मंदिर गेट पर प्रदर्शित किया जाएगा। डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने कहा कि श्रावणी मेले के दौरान आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अश्लील या अमर्यादित प्रस्तुति पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। कार्यक्रम आयोजकों का नाम और मोबाइल नंबर अनुमति पत्र पर अंकित करना अनिवार्य होगा। बैठक में अवर निर्वाचन पदाधिकारी रवि रंजन कुमार, सभी बीडीओ, अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष, पीएचसी प्रभारी, नगर परिषद के अधिकारी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अपने व्यवहार और कार्यकलाप के कारण सेवा निवृति के बाद भी रहेंगे याद : डॉ. प्रभात रंजन



सम्मानित शिक्षक व अन्य।

**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** प्रखंड के मध्य विद्यालय खेसराहा में शुक्रवार को सेवा निवृत्त शिक्षकों के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन भावपूर्ण माहौल में किया गया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व जिला पार्षद भागवत प्रसाद सिंह ने की, जबकि संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम नरेश प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने समारोह को गरिमामय बना दिया। मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) डॉ. प्रभात रंजन ने कहा कि शिक्षक का जीवन केवल विद्यालय तक सीमित नहीं होता, बल्कि उसके कार्यों की छाप पूरे समाज पर पड़ती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षक को ऐसा कार्य करना चाहिए कि सेवा निवृत्ति के बाद भी समाज उन्हें सम्मान और स्नेह के साथ याद करे। शिक्षक में वह क्षमता होती है कि वह साधारण विद्यार्थियों को असाधारण व्यक्तित्व में बदल सकता है। शिक्षक ही समाज का निमार्ता और देश के भविष्य का सच्चा शिल्पकार होता है।डॉ. प्रभात रंजन ने सेवा निवृत्त शिक्षक सतीश कुमार यादवेश एवं गीतांजलि कुमारी के समर्पित, अनुकरणीय और उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनका कार्यकाल आने वाली पीढ़ी के शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से उनके आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से बीईओ डॉ. प्रभात रंजन, सेवा निवृत्त शिक्षक सतीश कुमार यादवेश, गीतांजलि कुमारी तथा शिक्षक संघ के नेता रमेश रजक, जयराज पासवान, अनिता कुमारी, कैलाश राय, अभिमन्यु सिंह और भागवत प्रसाद सिंह सहित अन्य अतिथियों को पाग, माला, चादर एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।समारोह में सुनील कुमार सिंह, मनोज कुमार, कुमार रंजन, सरविंद पासवान, अरविंद कुमार राय सहित विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सेवा निवृत्त शिक्षकों के स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण जीवन की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

## समस्तीपुर के पूर्व डाक जनसम्पर्क निरीक्षक डॉ. शैलेश कुमार सिंह को भारत रत्न सेवा सम्मान

**हेल्पिंग ह्यूमन संस्था प्रयागराज ने किया सम्मानित**




**समस्तीपुर (एनएसबी)।** समाजसेवा और डाकसेवा के क्षेत्र में किये गए उत्कृष्ट कार्य के लिए समस्तीपुर के पूर्व डाक जनसम्पर्क निरीक्षक डॉ० शैलेश कुमार सिंह को 'भारत रत्न सेवा सम्मान' से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान भारत सरकार, नीति आयोग व मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स से निबंधित 'हेल्पिंग ह्यूमन संस्था', प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) द्वारा प्रदान किया गया है। बताते चले कि समस्तीपुर प्रधान डाकघर के पूर्व जनसम्पर्क निरीक्षक डॉ० सिंह आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। अपनी विशेष कार्यशैली व सेवा कार्यों की बदौलत उन्होंने अपनी राष्ट्रीय पहचान स्थापित की है। डॉ० शैलेश ने अपनी विशिष्ट कार्यशैली के माध्यम से डाक सेवा को समाज सेवा के रूप में परिभाषित करने एवं राजमहलों की चकाचौन्ध से सहमी-शमार्यी झोपड़ियों में रहने वाले समाज के अंतिम कतार के लोगों के लिए अपने सेवा काल में देश में पहली बार निजी स्तर पर 'पोस्टल हेल्पलाईन ऑन मोबाइल सेवा', 'डाक शिविर कार्यक्रम', 'जनसम्पर्क निरीक्षक आपके द्वार कार्यक्रम', 'भारतीय डाक आपकी सेवा में' एवं 'डाक दर्शन कार्यक्रम' संचालित किए। वैश्विक संक्रमण काल 'कोरोना महामारी' (कोविड-19) जैसी त्रास्दी में भी प्रधान डाकघर के जनसम्पर्क निरीक्षक के रूप में कार्य करते हुए शैलेश कुमार सिंह ने पीड़ित मानवता और समाजसेवा हेतु क्वारंटाईन सेंटर पर हजारों कोरोना पीड़ितों का इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक का खाता खोलकर लोगों का सहयोग किया था। इन योगदानों के लिए उन्हें गत वर्ष 2 नवंबर 2025 को 'फॉनिक्स यूनिवर्सिटी' और 'योगेश शिक्षा, कला, संस्कृति, पर्यावरण उत्थान संस्थान, रुड़की (उत्तराखंड) के संयुक्त तत्वावधान में 'राष्ट्र विभूति सम्मान' तथा 15 अगस्त 2025 को नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेन्टर में 'राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2025', 17 अगस्त 2025 को इंडिया प्राउड बुक ऑफ रिकाड्र्स द्वारा 'स्वर्ण भारत सम्मान', 'पंडित दीनदयाल हिंदी विद्यापीठ, मथुरा (यू०पी०) द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में डॉक्टरेट की मानद उपाधि तथा हिंदुस्तान न्यूज नेटवर्क तत्वावधान में वर्तमान लोकसभा के उप सभापति व उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगदम्बिका पाल के द्वारा 'नेशनल आइकॉन अवार्ड' सहित 3 दर्जन से अधिक अवाड्र्स व सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

इस ताजा उपलब्धि की जानकारी मिलते ही उनके इष्ट मित्रों, सामाजिक कार्यकताओं व शुभेक्षुओं में खुशी की लहर दौड़ गई और बधाई देने वालों का तांता लगा है।

## पूर्व विधायक के पुत्र के साथ मारपीट व अपहरण के प्रयास का मामला दर्ज, 6 पर आरोप

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के गोही पंचायत अंतर्गत बरियारपुर वार्ड संख्या 15 निवासी अमर स्वतंत्रता सेनानी सह पूर्व विधायक स्व. वशिष्ठ नारायण सिंह के छोटे पुत्र नरेंद्र प्रसाद सिंह (71) के साथ कथित तौर पर बाइक सवार छह बदमाशों द्वारा मारपीट कर अपहरण करने के प्रयास का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित ने गुरुवार को स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पीड़ित के आवेदन के अनुसार, बुधवार को वे समस्तीपुर शहर स्थित अपने आवास से मथुरापुर घाट टेंपो से घर लौट रहे थे, इसी दौरान वे सतमलपुर आजाद चौक स्थित अपने खेत को देखने के लिए रुके। इसके बाद संध्या करीब 6 बजे गुरु पूर्णिमा पर टारी गांव स्थित ठाकुरबाड़ी में पुजारी से मिलने के लिए पहुंचे। जहां वसीम राजा के पुत्र बेलाल राजा उर्फ सूरज ने उन्हें रोका और उन्हें अन्य व्यक्ति के साथ मोटरसाइकिल से भेजने की व्यवस्था की। इसी दौरान दो मोटरसाइकिल पर सवार छह अज्ञात युवक उनका पीछा करते हुए नागरबस्ती में उनकी बाइक को रोक लिया और उनके साथ गाली-गलौज की। इसी बीच मो. सोएब के पुत्र शाकिब ने उन्हें थप्पड़ मारा, जबकि सोएब के ही दूसरे पुत्र आकिब ने जबरन उनका मोबाइल छीन लिया। इसके बाद उन्हें जबरदस्ती एक चिमनी के पास ले जाया गया, जहां दोनों भाइयों ने सादा कागज पर हस्ताक्षर करने का दबाव बनाया और जान से मारने की धमकी दी।

इसी बीच घटना की जानकारी मिलने पर बेलाल राजा मौके पर पहुंचे और मेरी रक्षा की। इस मामले में थानाध्यक्ष सर्वेश कुमार झा ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला जमीन विवाद से जुड़ा प्रतीत होता है। मामला दर्ज कर अनुसंधान की जिम्मेदारी पुअनि अमर कुमार को सौंपी गई है।

### अंग दान है सर्वश्रेष्ठ दान : जितेंद्र, पिता के इच्छानुसार मृत्युपरांत पुत्र ने कराया नेत्रदान संपन्न

**ताजपुर (एनएसबी)।** गुरुवार को पटना के एक निजी अस्पताल में ताजपुर के प्रसिद्ध वस्त्र-उद्यमी और जनता वस्त्रालय के संस्थापक बालो राम मोदी का निधन हो गया। उनके परिवार के निर्णयानुसार और दिवंगत बालो राम जी की अंतिम इच्छा के अनुसार उनका नेत्र दान सफलता पूर्वक किया गया। नेत्रदान का संयोजन बिहार राज्य दधीचि देहदान समिति पटना बिहार द्वारा किया गया। इस कार्य में समाजसेवी मनमोहन सरावगी (दरभंगा), एवं सूरज कुमार, दिवंगत के ज्येष्ठ पुत्र श्री राजेंद्र मोदी तथा इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना की नेत्र-टीम प्रमुख रहे।

## जल प्रकृति द्वारा प्रदत्त सबसे अमूल्य धरोहर : प्राचार्य

**आर. एल. महतो इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**



संबोधित करते प्राचार्य।

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित जल संचय जन भागीदारी अभियान के तहत स्थानीय आर. एल. महतो इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन परिसर में शुक्रवार को जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में जल संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा जल संकट से निपटने के लिए व्यावहारिक उपायों की जानकारी देना था।

कार्यक्रम के दौरान वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण, कृत्रिम भूजल पुनर्भरण, सोखता (रिचार्ज पिट) निर्माण तथा जल संसाधनों के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि वर्तमान समय में तेजी से गिरते भूजल स्तर और बढ़ते जल संकट को देखते हुए जल संरक्षण केवल सरकारी दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि जल प्रकृति द्वारा मानव जीवन को प्राप्त सबसे अमूल्य धरोहर है। इसके बिना मनुष्य, पशु-पक्षी, जीव-जंतु एवं वनस्पतियों का अस्तित्व संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि आज जल की बबार्दी नहीं रोकी गई और वर्षा जल का समुचित संचयन नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जल के विवेकपूर्ण उपयोग के साथ-साथ उसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। वहीं सहायक प्राध्यापक निर्मल कुमार चंचल ने वर्षा जल संचयन के प्राकृतिक एवं कृत्रिम उपायों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक घर, विद्यालय, महाविद्यालय एवं अन्य भवनों में वर्षा जल को संरक्षित करने की प्रभावी व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए। निलेश कुमार ने कहा कि भवन निर्माण के समय ही सोखता (रिचार्ज पिट) का निर्माण कराया जाए, ताकि वर्षा का जल सीधे धरती में समाहित होकर भूजल स्तर को बढ़ाने में सहायक बने। इससे वर्ष भर आवश्यकतानुसार जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

वक्ताओं ने कहा कि भूजल पुनर्भरण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि वर्षा के जल को वैज्ञानिक तरीके से भूमि में पहुंचाया जाए, तो सूखते जलस्रोतों को पुनर्जीवित किया जा सकता है और भविष्य में पेयजल संकट को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने-अपने गांव एवं मोहल्लों में भी जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में केशव कुमार चौधरी, सत्यम, राजेश कुमार गिरी, उमा शंकर चंदन, योगेश कुमार, हसन राजा अंसारी, सर्वेश सुमन, नीलम कुमारी, कुमारी दीपा, आकांक्षा कुमारी, पल्लव पारस, रूपक कौशल, रश्मि रोजी, श्वेता कर्ण, किरण चौधरी एवं शेफाली दीक्षिता सहित शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने जल संरक्षण को जन-जन तक पहुंचाने तथा वर्षा जल संचयन को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### कचरा उठाव ठप, सफाईकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

मजदूरी भुगतान, नियमितीकरण व आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त करने की मांग



**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** बेनीपट्टी नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था गुरुवार को पूरी तरह प्रभावित रही। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सफाईकर्मी कामकाज छोड़ दिनभर नगर पंचायत कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे रहे। हड़ताल के कारण शहर के कई वार्डों में कचरा उठाव नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सफाई मजदूर यूनियन एवं बिहार स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के संयुक्त आह्वान पर नगर पंचायत के आउटसोर्सिंग सफाईकर्मियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की। आंदोलनकारी कर्मचारियों ने कहा कि उनकी मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी। सफाईकर्मियों की प्रमुख मांगों में सेवा सुरक्षा एवं नियमितीकरण, ठेका व आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त करना, ईएसआई-ईपीएफ की सुविधा सुनिश्चित करना तथा बकाया मजदूरी का शीघ्र भुगतान शामिल है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से उनकी समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। हड़ताल का नेतृत्व कर रहे कर्मचारी नेताओं ने कहा कि इस बार आर-पार की लड़ाई होगी और मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने प्रशासन से जल्द वार्ता कर समस्याओं का समाधान निकालने की अपील की है। इधर, सफाईकर्मियों की हड़ताल के कारण नगर पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था बाधित रही, जिससे कई स्थानों पर कचरे का अंबार लगने लगा। स्थानीय लोगों ने शीघ्र समाधान निकालकर नियमित सफाई व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

### अवकाशोपरांत मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापक व जन्तु विज्ञान विभाग के के प्राध्यापक को भावभीनी विदाई दी गई



**लदनियां (एनएसबी)।** प्रखंड के खाजेडीह स्थित एसएमजे कॉलेज में शुक्रवार को अवकाशोपरांत मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापक प्रो. राममूर्ति सिंह व जन्तु विज्ञान विभाग के के प्राध्यापक डॉ. विनोद कुमार को भावभीनी विदाई दी गई। प्राचार्य डॉ.शशिभूषण कुमार की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में अंगवस्त्र, पाग व दोपटा से इनका भव्य स्वागत किया गया। शिक्षक प्रकोष्ठ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल कर्मियों ने उनके बेहतर कार्यकाल की सराहना करते हुए इनके दीघार्यु होने की कामना की।मौके पर प्रो.रामप्रसाद सिंह, प्रो. कृष्ण देव राय, प्रो. विश्वरंजन प्रसाद, प्रो. हरिनारायण यादव, नए विभागाध्यक्ष बने प्रो. गौरीशंकर कामत, प्रो. रामबालक सिंह, प्रो. अजय कुमार, प्रो. कामानंद प्रसाद, प्रो. रामाशीष सिंह, प्रो. रामप्रकाश सिंह, प्रो.शंभूनाथ यादव, प्रो. नसीबलाल सिंह, प्रो. भोगेन्द्र सिंह, प्रो. उपेंद्र कुमार सिंह, प्रो.शंभूनाथ झा, प्रो. रविन्द्र कुमार, प्रो. राजेश्वर सिंह, प्रो. लुचाई सिंह, प्रो. दिलीप कुमार, प्रो. अशोक प्रसाद, प्रो. राघवेन्द्र ठाकुर, अशोक कुमार, बेचन कामत, केशवर सिंह, संजय कुमार सिंह व अन्य थे।

### डुमरी गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**मधुबनी (एनएसबी)।** जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन, महिला एवं बाल विकास निगम, मधुबनी द्वारा स्वास्थ्य विभाग, मधुबनी के संयुक्त प्रयास से शुक्रवार को रहिका प्रखंड अंतर्गत मलंगिया पंचायत के डुमरी गाँव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिला मिशन समन्वयक श्री अंजनी कुमार झा के नेतृत्व में आयोजित इस *शिविर का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय, विशेषकर महिलाओं को उनके गाँव में ही आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ, चिकित्सकीय परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता उपलब्ध कराना था। शिविर के दौरान 200 लोगों की निःशुल्क ब्लड शुगर,रक्त चाप जाँच* की गई। साथ ही, उच्च जोखिम वाले गर्भवती लाभार्थियों की पहचान कर आवश्यकतानुसार रेफरल की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। महिलाओं एवं आमजन को पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, एनीमिया की रोकथाम तथा परिवार नियोजन के संबंध में आवश्यक परामर्श दिया गया। परिवार नियोजन के तहत कंडोम, माला-डी एवं कॉपर-टी से संबंधित जानकारी एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं। इसके अतिरिक्त महिलाओं से संबंधित विभिन्न स्वास्थ्य एवं सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा एवं परामर्श किया गया। महिला एवं बाल विकास निगम, मधुबनी की ओर से *जिला मिशन समन्वयक श्री अंजनी कुमार झा, केंद्र प्रशासक श्रीमती सुषमा कुमारी, लैंगिक विशेषज्ञ श्री शिवराम मेहरा, केस वर्कर श्रीमती वीणा चौधरी, एएनएम श्रीमती नीरजा कुमारी, एमटीएस श्रीमती पूनम कुमारी,आंगनबाड़ी सेविका श्रीमति बीबी हुमा खातून उपस्थित रहीं।

### 38.85 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद करते हुए तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार

**फुलपरास (एनएसबी)।** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए स्मैक के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 38.85 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद करते हुए तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में झंझारपुर जेल भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि फुलपरास स्थानीय बाजार स्थित अनुमंडल अस्पताल के पूरब एक दुकान में स्मैक का अवैध कारोबार किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के लिए तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम में पुलिस अवर निरीक्षक अर्जुन कुमार,प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक सपना कुमारी एवं सहायक अवर निरीक्षक सुबोध कुमार शामिल थे।पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर दुकान की घेराबंदी कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वहां से 38.85 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। मौके से पुलिस ने फुलपरास निवासी कृष्ण कुमार तिवारी उर्फ किशन कुमार तिवारी, धीरज कुमार तिवारी तथा थाना क्षेत्र के बथनाहा निवासी राजा साह को गिरफ्तार कर लिया गया है।थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपितों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में झंझारपुर जेल भेज दिया गया । उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा और इस धंधे में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### उच्च माध्यमिक विद्यालय परसौनी उत्तरी में मनाया गया विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस.

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय परसौनी उत्तरी के सभागार में विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाध्यापक राजेश कुमार झा ने की. वही कार्यक्रम का संचालन कवच परियोजना के प्रखंड समन्वयक लाल पंडित ने किया. यह कार्यक्रम समग्र शिक्षण एवं विकास संस्थान के तत्वावधान में की गई. इस मौके पर मानव तस्करी के रूप एवं इसके समाज पर पड़ने वाले भयंकर दुष्परिणाम से संबंधित विषयों के संबंध में बच्चों को अवगत कराया गया. बच्चों पर इसके पड़ने वाले दुष्परिणाम विशेष कर यौन अपराध, भिक्षाटन, बाल मजदूरी, वेश्यावृत्ति तथा मानव अंग को बेचने जैसे भयंकर अपराध से बच्चों को अवगत कराया गया. बच्चों को जागरूकता अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर भी दिए गए. ताकि अधिक जानकारी प्राप्त की जा सके. इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने भी अपने-अपने विचार रखे. मौके पर शिक्षक विद्यानंद सिंह, प्रदीप रंजन झा, अरविंद कुमार, सुशांत झा, शोभा कुमारी अभिलाष श्रीवास्तव, शोभित ज्योति, रोशन राज, पंकज कुमार, ललन कुमार राय सहित कई शिक्षक उपस्थित हुए.

# सेविका-सहायिका के रिक्त पदों पर हुई समीक्षा, दो दिनों में रिपोर्ट देने का निर्देश

लक्ष्य पूरा नहीं होने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी



बैठक करते सीडीपीओ।

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) परियोजना, बेनीपट्टी कार्यालय में गुरुवार को परियोजना पदाधिकारी कुमारी रेखा की अध्यक्षता में सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना अंतर्गत संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका एवं सहायिका के रिक्त पदों की स्थिति पर विशेष चर्चा हुई। परियोजना पदाधिकारी ने सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं (एलएस) को निर्देश दिया कि अपने-अपने सेक्टर में रिक्त पदों का विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर दो दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से कार्यालय में जमा करें। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट समयबद्ध एवं त्रुटिरहित होनी चाहिए। समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, पोषण ट्रैकर सहित अन्य विभागीय योजनाओं की भी प्रगति का आकलन किया गया। इस दौरान पाया गया कि सेक्टर-2, सेक्टर-8 एवं सेक्टर-11 में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत ऑनलाइन प्रविष्टि की प्रगति संतोषजनक नहीं है। इस पर संबंधित महिला पर्यवेक्षिकाओं प्रीति कुमारी, निरु कुमारी एवं मालती कुमारी को परियोजना पदाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्य पूरा नहीं होने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध विभागीय स्तर पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में परियोजना पदाधिकारी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना सभी कर्मियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी योजनाओं में प्रगति बढ़ाने, नियमित मॉनिटरिंग करने तथा पोषण ट्रैकर पर शत-प्रतिशत एवं समयबद्ध डेटा अपलोड सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में महिला पर्यवेक्षिकाएं रेखा कुमारी, सपना कुमारी, निरु कुमारी, अनीता कुमारी, मालती कुमारी, विनाका कुमारी सहित अन्य एलएस उपस्थित थीं।

## अनुमंडल स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में राशन कार्ड, गैस कनेक्शन व अंत्योदय योजना की हुई समीक्षा

एसडीओ ने पात्र लोगों से नए राशन कार्ड के लिए आवेदन कराने का दिया निर्देश, अंत्योदय कार्डों की समीक्षा के आदेश



बैठक करते एसडीएम।

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ, बेनीपट्टी में शुक्रवार को अनुमंडल स्तरीय निगरानी सह अनुश्रवण समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी शारंग पाणि पांडे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जन वितरण प्रणाली, गैस कनेक्शन, अंत्योदय योजना एवं खाद्यान्न वितरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सदस्य अजय भगत, अरुण यादव एवं आनंद कुमार झा ने नए एलपीजी गैस कनेक्शन की स्थिति पर जानकारी मांगी। इस पर सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि गैस एजेंसियों से प्राप्त सूचना के अनुसार फिलहाल नए गैस कनेक्शन जारी नहीं किए जा रहे हैं।

एसडीओ ने सभी समिति सदस्यों से अपील की कि पात्र एवं वंचित लोगों से नए राशन कार्ड के लिए आवेदन दिलाने में सक्रिय सहयोग करें, ताकि योग्य परिवार सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

सदस्य जय सुंदर मिश्र ने मांग उठाई कि सभी गैस डिलीवरी वाहनों पर "फ्री होम डिलीवरी" बड़े और स्पष्ट अक्षरों में लिखा जाए, जिससे आम लोगों को इसकी जानकारी मिल सके। वहीं विजय यादव, नसीमा प्रवीण, अलका झा एवं सुजीत कुमार झा ने अंत्योदय अन्न योजना से संबंधित समस्याओं को बैठक में उठाया। इस पर एसडीओ ने सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी (एडीएसओ) को अंत्योदय कार्डों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में सदस्य विशुनदेव यादव ने अनुमंडल के सभी प्रखंडों में सीएमआर गोदाम स्थापित कराने की मांग की। इस पर एसडीओ ने आश्वासन दिया कि इस दिशा में आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में एडीएसओ राज कुमार झा, बचनू मंडल, जय सुंदर मिश्र, आनंद कुमार झा, सुजीत झा, घटा देवांगन, अलका झा, नसीमा प्रवीण, प्रदीप झा वासु, चंचल कुमार सहित सभी प्रखंडों के विपणन पदाधिकारी (एमओ) एवं एजीएम उपस्थित रहे।

## डी.बी. कॉलेज में प्रेमचंद जयंती पर गोष्ठी, साहित्य और सामाजिक चेतना पर हुई चर्चा



कार्यक्रम में उपस्थित।

**जयनगर (एनएसबी)।** डी.बी. कॉलेज, जयनगर के सभागार में भौतिकी विभाग के तत्वावधान में मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रेमचंद के साहित्य, उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि उनकी रचनाएं आज भी सामाजिक सरोकारों, मानवीय मूल्यों और जीवन की वास्तविकताओं को समझने के लिए प्रासंगिक हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. संजय कुमार पासवान, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार राय, दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सिंकू कुमारी, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. रंजना, उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. मसरूर सोगरा एवं एनसीसी पदाधिकारी सह कार्यक्रम आयोजक डॉ. चंदन कुमार ने प्रेमचंद के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

प्रधानाचार्य डॉ. संजय कुमार पासवान ने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य जीवन की वास्तविकताओं, मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक सरोकारों से गहराई से जुड़ा हुआ है। उनकी रचनाएं युवाओं में साहित्य के प्रति रुचि विकसित करने के साथ सामाजिक चेतना और मानवीय दृष्टिकोण को भी मजबूत करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रेमचंद की रचनाओं का अध्ययन कर उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सिंकू कुमारी ने प्रेमचंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके साहित्यिक योगदान को रेखांकित किया। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. रंजना ने प्रेमचंद को आधुनिक हिंदी साहित्य का महान लेखक बताया। उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. मसरूर सोगरा ने कहा कि प्रेमचंद ने गरीब, वंचित और किसानों के जीवन-संघर्ष को हिंदी एवं उर्दू साहित्य में प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनके साहित्य में समाज के कमजोर वर्गों की पीड़ा और संघर्ष स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार राय ने कहा कि प्रेमचंद की रचनाएं आज भी सामाजिक सरोकारों और मानवीय मूल्यों के लिए उतनी ही प्रासंगिक हैं। उनके साहित्य में मानवीय संवेदना और समाज सुधार की भावना प्रमुख रूप से दिखाई देती है।

कार्यक्रम के आयोजक एवं भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. चंदन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि प्रेमचंद ने साहित्य को नई दिशा देने के साथ समाज की सच्चाइयों का जीवंत चित्रण किया। उनकी साहित्यिक दृष्टि ने हिंदी कथा-साहित्य को समृद्ध किया और आमजन के जीवन को साहित्य के केंद्र में स्थापित किया।

मौके पर डॉ. संजय कुमार पासवान, डॉ. अरविंद कुमार राय, डॉ. चंदन कुमार, डॉ. सिंकू कुमारी, डॉ. रंजना, डॉ. मसरूर सोगरा सहित नाजिया शाहीन, सबीहा खातून, सलोनी कुमारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


## किराना गोदाम में भीषण आग, लाखों का मसाला व सामान जलकर राख

**जयनगर (एनएसबी)।** शहर में गुरुवार की देर रात एक किराना गोदाम में अचानक भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आने से गोदाम में रखा लाखों रुपये मूल्य का मसाला समेत अन्य किराना सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों में काफी देर तक हड़कंप की स्थिति बनी रही।

जानकारी के अनुसार, जयनगर स्थित वी बाजार मॉल के समीप वर्मा लेथ के बगल वाली गली में महावीर ट्रेडिंग का किराना गोदाम स्थित है। गुरुवार रात करीब 11 बजे स्थानीय लोगों ने गोदाम से धुआं निकलते देखा। देखते ही देखते गोदाम के अंदर आग की लपटें उठने लगीं। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना गोदाम संचालक राजा कुमार को दी। सूचना मिलते ही संचालक मौके पर पहुंचे और तत्काल अग्निशमन विभाग को घटना की जानकारी दी गई। गोदाम में बड़ी मात्रा में किराना सामग्री और विभिन्न प्रकार के मसाले रखे होने के कारण आग तेजी से फैल गई। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए। लोगों ने अपने स्तर से आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन गोदाम में रखे ज्वलनशील पैकेजिंग सामान और अन्य सामग्री के कारण आग काफी तेजी से फैलती रही। गोदाम संचालक राजा कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों से गोदाम से धुआं निकलने की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना दी। आग की घटना में गोदाम में रखा लाखों रुपये का मसाला और अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया है। आग से हुए वास्तविक नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

घटना की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## आमजनों की सुनीं समस्याएं, त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश



शिकायत सुनते अधिकारी ।

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा के निदेश पर अपर समाहर्ता,ने समाहरणालय परिसर में सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत ह्यह्यसबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम के तहत समाहरणालय स्थित वीसी कक्ष में आमजनों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस जनसंवाद कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों में होने वाली कठिनाइयों को दूर करना तथा प्रशासन और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए दर्जनों लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परिवादी प्रमोद यादव प्रखंड पंडौल निवासी के द्वारा स्वीकृत कृषि विद्युत कनेक्शन शीघ्र लगाने एवं आवश्यक कारवाई करने हेतु आवेदन दिया। सिंगियौन राजनगर निवासी दुःखन चौपाल ने विकलांग बच्चे को ट्राईसाइकिल दिलाने को लेकर आवेदन दिया। वही राजनगर राघोपुर बलाट निवासी रघुनाथ मंडल ने जमीन विवाद निपटारा एवं अवैध तरीके से कब्जा जमीन को मुक्त करने के संबंध में आवेदन दिया। मनीष कुमार महतो प्रखंड राजनगर पंचायत कोइलख निवासी के द्वारा गैस सब्सिडी सक्रिय नहीं होने एवं एजेंसी के दुर्व्यवहार को लेकर शिकायत की। साथ ही बेनीपट्टी बरहमपुर निवासी लोकनाथ झा ने डीलर के अनुज्ञप्ति लंबित रहने के संबंध में शिकायत की। सुदर्शन मिश्रा राजनगर भट सीमर पश्चिम निवासी ने प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित आवेदन दिया। महेंद्र कुमार भारती प्रखंड लौकहा पंचायत खुटौना कारमेघ पश्चिम के द्वारा राजकीय डिग्री महाविद्यालय के भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने के संबंध में आवेदन दिया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने कक्षों में उपस्थित होकर जिले भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए। उल्लेखनीय है कि सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत ह्यह्यसबका सम्मान-जीवन आसानह्नह्न कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सम्मानपूर्वक उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना तथा प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक जन-हितैषी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाना है। अपर समाहर्ता ने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें बेहतर प्रशासनिक सेवा प्राप्त हो सके। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों द्वारा बारी-बारी से सभी आवेदकों की शिकायतें सुनी गईं तथा उनके त्वरित समाधान के लिए अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई।-- अपर समाहर्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के द्वारा हरेक महीने के प्रथम एवं तीसरे मंगलवार को पंचायत में सहयोग शिविर चलाया जा रहा है। जो पूरी तरह ऑनलाइन प्रक्रिया है। आए हुए आवेदनों का तीस दिनों के अंदर उसका निष्पादन किया जाना है।

श्रावणी मेला के मौके पर हीं नगर निगम के संविदाकर्मियों की हड़ताल से बाबा नगरी में साफ सफाई का संकट

# नगर में दो सौ टन कचरे का लगा अंबार, मुसीबत में श्रद्धालु

नवसंदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** विभिन्न मांगो को लेकर गुरुवार से शुरू हुए नगर निगम के संविदा कर्मियों की राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रही। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सैकड़ों संविदाकर्मी शुक्रवार को दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहते हुए बहलखाना रोड स्थित नगर निगम कार्यालय परिसर में जमकर सरकार और नगर निगम प्रशासन के खिलाफ रोशपूर्ण प्रदर्शन और नारेबाजी की।

साथ ही मांगे पूरी करने की अपील की। श्रावणी मेला के ऐन मौके पर नगर निगम संविदाकर्मियों के बेमियादी हड़ताल पर चले जाने से नगर में साफ सफाई का संकट उत्पन्न हो गया है तथा इस हड़ताल से नगर निगम प्रशासन को टेंशन बढ़ गई है। हड़ताल के कारण नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बाबा गरीबनाथ मंदिर क्षेत्र समेत पूरे शहर में कहीं भी कचरे का उठाव नहीं हो रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप नगर निगम के अनुसार नगर में करीब 200 टन कचरा जमा हो गया है। नगर के मोतीझील, मिठनपुरा, सरैयागंज, इमलीचट्टी, सरकारी बस स्टैंड और मोतीझील फ्लाईओवर के आसपास कचरे के बड़े-बड़े ढेर लग गए हैं। ज्ञात हो कि समान काम के लिए समान वेतन तथा एनजीओ के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों को नगर निगम कर्मी घोषित करने की मांग को लेकर गुरुवार को नगर निगम के संविदाकर्मियों ने सफाई कार्य ठप करते हुए राज्यस्तरीय संघ के आह्वान पर बेमियादी हड़ताल पर चले गए। श्रावणी मेला और बाबा गरीबनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह ने गुरुवार को अंचल निरीक्षकों के साथ आपात बैठक कर श्रावणी मेला को देखते हुए निगमकर्मियों से हड़ताल में शामिल नहीं होने का अनुरोध किया था, ताकि सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए वैकल्पिक उपाय किए जा सकें। लेकिन कर्मचारियों ने संघ के आह्वान की दुहाई देते हुए मांगे पूरी होने तक हड़ताल में शामिल रहने और सफाई कार्य का बहिष्कार करने की घोषणा कर दी। उधर, शुक्रवार को हड़ताल के दूसरे दिन प्रदर्शनकारी कर्मचारियों के समर्थन में विधान परिषद सदस्य वंशीधर ब्रजवासी भी प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने संविदाकर्मियों की मांगों को जायज बताते हुए आंदोलन को अपना समर्थन दिया और सरकार से शीघ्र समाधान निकालने की अपील की। हड़ताल पर डटे नगर निगम संविदाकर्मियों का कहना है कि वे शहर की स्वच्छता और स्वास्थ्य व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्धारित आठ घंटे से अधिक 12 घंटे तक भी काम करते हैं, लेकिन उन्हें उचित वेतन और अधिकार नहीं मिल रहा है। उनका आरोप है कि नगर विकास एवं आवास विभाग लगातार उनकी मांगों की अनदेखी कर रहा है।

कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि जबतक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। बिहार लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फेडरेशन और बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के संयुक्त बैनर तले शुरू हुए राज्यव्यापी हड़ताल का नेतृत्व कर रहे संयुक्त मोर्चा के नेता अशोक कुमार सिंह ने कहा कि समान काम के लिए समान वेतन तथा एनजीओ के माध्यम से नियुक्त सभी कर्मचारियों को नगर निगम का नियमित कर्मी घोषित किए जाने की उनकी दो प्रमुख मांगे हैं, जबतक राज्य सरकार इन मांगों पर सकारात्मक विचार नहीं करती, तबतक कर्मचारियों की हड़ताल जारी रहेगी। वहीं, मेयर निर्मला साहू ने कहा कि यह राज्यव्यापी आंदोलन है और सरकार तक कर्मचारियों की मांग लगातार पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सावन माह में सफाई व्यवस्था का विशेष महत्व है, इसलिए सरकार को यूनियन नेताओं से वार्ता कर जल्द समाधान निकालना चाहिए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।


बहलखाना रोड स्थित निगम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते नगर निगम के संविदाकर्मी।


हड़ताली निगमकर्मियों के समर्थन में प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे एमएलसी बंशीधर ब्रजवासी।

**राज्यव्यापी हड़ताल के दूसरे दिन हड़ताली निगमकर्मियों ने नगर निगम कार्यालय में किया प्रदर्शन, एमएलसी का मिला समर्थन**

## संक्षिप्त खबरें

### नगर में निकली बाबा गरीबनाथ व बाबा हरिहरनाथ की पालकी शोभायात्रा, श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सावन माह के पावन अवसर पर युवा बोलबम सेवा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को बाबा गरीबनाथ एवं बाबा हरिहरनाथ की भव्य पालकी शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा सिकंदरपुर सीढ़ी घाट से प्रारंभ होकर रानी सती मंदिर, सरैयागंज टावर, जवाहरलाल रोड, कल्याणी, हरिसभा चौक, पानी टंकी और बनारस बैंक चौक होते हुए बाबा गरीबनाथ मंदिर पहुंची। यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं ने फूल वर्षा कर पालकी का स्वागत किया। वहीं "बोल बम" व "हर-हर महादेव" के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। युवा बोलबम सेवा समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार रजक ने बताया कि बाबा गरीबनाथ की पालकी में मिट्टी से निर्मित भगवान शिव की प्रतिमा तथा बाबा हरिहरनाथ की पालकी में भगवान विष्णु की प्रतिमा स्थापित की गई थी। शोभायात्रा में महाकाल की आकर्षक झांकी के साथ विभिन्न देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां भी शामिल रहीं, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनीं। उन्होंने बताया कि सावन माह में बाबा गरीबनाथ धाम आने वाले कांवरियों की सुविधा के लिए समिति की ओर से निशुल्क कांवरिया सेवा शिविर भी लगाया जाएगा, जहां श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार रजक, सचिव सुजीत कुमार, महासचिव विक्की शर्मा, उपाध्यक्ष अविनाश रजक, शिवा कुमार, विशाल कुमार, कार्यकारिणी अध्यक्ष शिवम महतो, सह सचिव मुकेश चौधरी, राकेश रजक, मीडिया प्रभारी अनिकेत कुमार, सुमित महाकाल, प्रिंस कुमार, नमन कुमार, गोवर्धन कुमार सहित समिति के कई सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


नगर में निकली बाबा गरीबनाथ व बाबा हरिहरनाथ की पालकी शोभायात्रा।

### बज्जिका पुस्तक लोकार्पण, भव्य बज्जिका कवि सम्मेलन सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार एवं 'सामयिक परिवेश' के संयुक्त तत्वावधान में 11वें आदिशक्ति प्रेमनाथ खन्ना तीन दिवसीय स्मृति समारोह के अंतर्गत पटना संग्रहालय में एक भव्य कवि सम्मेलन, पत्रिका विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर ममता मेहरोत्रा ने कहा कि पिता की स्मृति में आयोजित यह कार्यक्रम मन को सुकून और नई ऊर्जा प्रदान करता है। कविता मन के भावों एवं सामाजिक जीवन को अभिव्यक्त करने का अत्यंत सुंदर माध्यम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि ज्वालासांध्य पुष्प ने की। उन्होंने कहा कि बज्जिका को आगे बढ़ाने के लिए सभी को लिखने के साथ अपनी भाषा में लिखना भी अत्यावश्यक है। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन हिन्दी, बज्जिका की लेखिका सविता राज ने किया। उनके प्रभावी संचालन ने कवियों एवं श्रोताओं को अंत तक बांधे रखा। इस अवसर पर देशभर के प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवियों ने सामाजिक सरोकार, मानवीय मूल्य, देश-प्रेम एवं नारी शक्ति पर आधारित कविताएं प्रस्तुत कीं, जिन्हें श्रोताओं ने खूब सराहा। समारोह में 'सामयिक परिवेश' पत्रिका का विमोचन भी किया गया। साथ ही कला, साहित्य एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे ज्वाला सांध्यपुष्प, अमिताभ कुमार सिन्हा, ममता मेहरोत्रा, मणिभूषण प्रसाद सिंह अकेला, जनार्दन मिश्रा, सविता राज, ब्रजेश राणा, नन्द किशोर साहु, आभा अनुरंजिता, डॉ विद्या चौधरी, सुरेश वर्मा, मुकेश कुमार मृदुल, अवधेश त्रिषित. पुष्पा गुप्ता, आशीश अकिंचन, दिनेश कुमार सिन्हा, अखौरी चन्द्रशेखर, ज्योति सिन्हा, रूपम सिन्हा प्रमुख थे। धन्यवाद ज्ञापन अशोक कुमार सिन्हा ने किया।


पुस्तक का लोकार्पण करते अतिथिगण।

### बाबा गरीबनाथ धाम में 13 सितंबर को होगा सनातन महाकुंभ, देश-विदेश के संतों का होगा समागम

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बाबा गरीबनाथ धाम परिसर में 13 सितंबर को भव्य सनातन महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर अखंड भारत पुरोहित महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक शिव शक्ति हनुमान मंदिर, चक्कर चौक में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता आचार्य सुनील कुमार मिश्रा तथा मंदिर के प्रधान पुजारी पंकज कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में पंडित ललित झा, पंडित नीरज कुमार मिश्रा, पंडित गरीबनाथ मिश्रा, पंडित दुर्गेश कुमार झा, पंडित संजय मिश्र, पंडित अनिल कुमार मिश्रा, पंडित कृष्ण मोहन मिश्र, पंडित धीरज कुमार मिश्रा, पंडित सत्यनारायण ओझा सहित बड़ी संख्या में पुजारी, पुरोहित एवं सनातन धर्मावलंबी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से मुजफ्फरपुर में भव्य सनातन महाकुंभ आयोजित करने का निर्णय लिया गया। आयोजन का उद्देश्य देश-विदेश के साधु-संतों, महंतों, आचार्यों, मठाधीशों, पंडितों, पुजारियों और सनातन धर्म के विद्वानों को एक मंच पर लाना है। महासभा के राष्ट्रीय संयोजक पंडित हरिशंकर पाठक ने बताया कि महाकुंभ में नेपाल सहित भारत के विभिन्न राज्यों और जिलों से संत महात्माओं एवं विद्वानों का आगमन होगा। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण भारतीय संस्कार और सनातन परंपराएं धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही हैं, जिसका प्रभाव समाज और राष्ट्र दोनों पर पड़ रहा है।

# 55 समर्थकों के साथ सीपीएम में शामिल हुए माले नेता सूरज सिंह

## पार्टी के राज्य सचिव ललन चौधरी और विधायक अजय कुमार ने दिलाई पार्टी सदस्यता

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** दीवान रोड स्थित किरण श्री विवाह भवन मे सीपीएम का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सीपीएम के जिला सचिव दिनेश भगत ने किया तथा संचालन जिला कमिटी सदस्य अब्दुल गफ्फार ने की। कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह का उद्घाटन करते हुए सीपीएम राज्य सचिव कॉम ललन चौधरी ने कहा की आज इस देश के अंदर लोकतंत्र को बचाने की चाहत अब सभी लोगों मे बन गई है, इसलिए जिस जेन जी को सरकार इंस्टाग्राम चलाने वाली समझ रही थी उस सरकार के गुरुर को इस इंसाटाग्राम को चलाने वाले छात्रों ने झुका कर रख दिया।

लाठी -गोली से लेकर पायलट गन तक चलाने वाले गृहमंत्री अमित शाह को अब इस्तीफा देना होगा। क्योंकि देश का जेन जी ने नारा उछाल दिया है की झुकती है दुनिया झुकाने वाला चाहिए। इसलिए अब मोदी सरकार के खिलाफ चौतरफा हमला तेज करना होगा और 10 अगस्त को हजारों की संख्या मे जेल भरना होगा। उन्होंने कहा कि इस जेल भरो अभियान की ताकत अब कई गुना बढ़ जाएगी, क्योंकि मुजफ्फरपुर के सड़को पर आंदोलन की मजबूत पहचान जनसंघर्षो के चर्चित नेता सूरज कुमार सिंह आज अपने 55 युवा साथियो के साथ सीपीएम का दामन थामे है। अब मुजफ्फरपुर मे सीपीएम हर जगह हर गाँव और प्रखंडो मे दिखेगी।कार्यकर्ता सम्मेलन के मुख्य वक्ता और बिभूतिपुर विधानसभा से सीपीएम के विधायक डॉ अजय कुमार ने कहा की हर दौड़ मे तानाशाहों को चुनौती लाल झंडे ने दिया है और इस दौड़ मे भी मोदी की तानाशाही सरकार को लाल झंडे की सबसे बड़ी और राष्ट्रीय पार्टी सीपीएम ही चुनौती देगी। संघर्ष के हर मोर्चे पर हम और हमारी पार्टी सीपीएम सरकार से टकरा रही है।

आज वक्त की सबसे बड़ी मांग है की लेफ्ट के सारे धरे एक साथ आये और इस लोकतंत्र की हत्यारी सरकार को उखाड़ फेके। उन्होंने सीपीएम मे शामिल होने वाले तमाम नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि आप का यह कदम इतिहास मे जाना जायेगा। क्योंकि हमें डबल इंजन की सरकारों के नीतियों से टकराना है। वही सीपीएम मे शामिल हुए सूरज कुमार सिंह ने कहा की 1967 मे जिन सवालों को लेकर चारु मजूमदार ने माले बनाया, आज उन सवालों को माले छोड़ चुकी है। अब वो बहस कम्युनिस्टो के बीच खत्म हो गया है इसलिए अब माले का विलय सीपीएम मे हो जाना चाहिए, जो समय की मांग है।कार्यकर्ता सम्मेलन को सीपीएम नेता सुन्देश्वर सहनी, महिला नेत्री नमिता सिंह, अधिवक्ता अखिलेश्वर प्रसाद सिंह, महेंद्र राय, विद्यार्थी बैधनाथ ठाकुर, महेश प्र सिंह, कैलाश प्रसाद सिंह, रामभजन सिंह, ऑटो यूनियन के नेता इलू और अन्नू, कवि रामनाथ पासवान, किसान सभा के मदन प्रसाद, जितेन्द्र चौधरी, परीक्षिन पासवान, फुलवा देवी, कामिनी कुमारी, काजल कुमारी ने सम्बोधित किया।



सीपीएम के कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के नेताओं के साथ सूरज कुमार सिंह।

# विधायक ने अधिकारियों व कर्मियों के साथ की बैठक

## निर्धारित समय में राशन कार्ड में पात्र लोगो का नाम जोड़ने का दिया निर्देश

**कांटी(एनएसबी)** । हमारा संकल्प है की कांटी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कांटी व मड़वन प्रखंड के किसी भी गरीब तबके के लोग राशन कार्ड से वंचित नहीं रहे। गरीब तबके के लोगों को सभी मूलभूत सुविधाएं उनके पास आसानी से पहुंचे यह हमारी प्राथमिकता हैं। उक्त बातें कांटी प्रखंड परिसर के प्रमोद सभागार भवन में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने कही। कांटी क्षेत्र के राशन कार्ड से वंचित लोगों का नाम पात्र की सूची में जुड़े, इस मुद्दे को लेकर उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ बैठक की। इस बैठक में विधायक अजीत कुमार ने पंचायतवार राशन कार्ड बनने की समीक्षा की। साथ ही बैठक में उपस्थित पंचायत सचिव, आवास सहायक, कृषि सलाहकार, विकास मित्र व अन्य कर्मियों को लोगों के डोर टू डोर जाकर पात्र लाभुकों का नाम सूची में अंकित करने का निर्देश दिया। पंचायतवार समीक्षा बैठक में लक्ष्य के अनुसार कार्य पूरा नहीं होने की बात सामने आने पर उन्होंने घोर चिंता व्यक्त की। साथ ही उन्होंने 5 अगस्त तक सभी गरीब तबके के पात्र लाभुकों का नाम राशन कार्ड की सूची में जोड़ने को कहा। उन्होंने बैठक में उपस्थित बीडीओ व एमओ को इस कार्य की मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित कर्मियों को इस कार्य में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरतने की बात कही। वहीं, उन्होंने बैठक में उपस्थित आरओ बसंत कुमार राय को राशन कार्ड के आवेदन करने वाले लाभुकों का आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र तत्काल निर्गत करने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ किशन चन्द्रायान, आरओ बसंत कुमार राय, बीपीआरओ काजोल कुमारी, बीएओ शिवनाथ झा, सीडीपीओ मीरा कुमारी, एलईओ वरुण कुमार, बीपीएम राकेश कुमार, एमओ उमेश कुमार, पीओ मणि भूषण कुमार समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।


राशन कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा बैठक करते क्षेत्रीय विधायक।

# श्रावणी मेला को लेकर सावन के हर सोमवार को बंद रहेंगे मुजफ्फरपुर शहर के सभी स्कूल : जिलाधिकारी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सावन महीने के हर सोमवार को मुजफ्फरपुर शहर के सभी सरकारी और निजी स्कूल बंद रहेंगे। जिलाधिकारी कुमार गौरव ने 2 अगस्त से शुरू हो रहे श्रावणी मेला को लेकर यह आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार बाबा गरीबनाथ मंदिर में कांवरियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ व यातायात व्यवस्था को सुरक्षित रखने के मद्देनजर प्रशासन के आदेश से सावन महीने के प्रत्येक सोमवार (3, 10, 17 और 24 अगस्त 2026) को शहरी क्षेत्र के सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालय पूरी तरह बंद रहेंगे। जारी आदेश में जिलाधिकारी ने कहा है कि सावन के दौरान बाबा गरीबनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए रविवार रात से ही बड़ी संख्या में कांवरिए पहुंचते हैं और जलाभिषेक के बाद नगर में काँवरियों की भीड़ और शहर के विभिन्न मार्गों से उनके अपने गंतव्य की ओर लौटने के दौरान शहर की सड़कों पर भारी भीड़ हो जाती है। जिला प्रशासन का मानना है कि यदि इन दिनों स्कूली बसों और अन्य वाहनों का परिचालन सामान्य रूप से होता है, तो कांवरियों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। जिलाधिकारी कुमार गौरव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी (पूर्वी) और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। प्रशासन का कहना है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।



श्रावणी मेला को लेकर नगर क्षेत्र के विद्यालय बंद रहने की जानकारी देते जिलाधिकारी।

## संतोषी मां मंदिर महामाया स्थान में भगवती की पूजा अर्चना हुई शुरू

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** पुरानी धर्मशाला चौक स्थित संतोषी मां मंदिर महामाया स्थान में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जीर्णोद्धार के बाद नवनिर्मित भगवती के पिंडी पर पीतल टोप चढ़ाया गया। इसके साथ ही पूर्व की तरह पिंडी स्वरूप मां भगवती की विधिवत पूजा अर्चना शुरू हो गई। सार्वजनिक पूजन के पूर्व पीतल का टोप बनवाने व दान देनेवाले श्रद्धालु पप्पू कुमार और उनकी धर्मपत्नी रश्मि कुमारी ने पुरोहित के दिशा निर्देशन में पूजन कार्य सम्पन्न किया।

# मुजफ्फरपुर में कल बाबा महाकाल की 5वीं शाही पालकी यात्रा निकलेगी, उज्जैन की तर्ज पर सजेंगी 51 झांकियां

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** महाकाल सेवा दल द्वारा आगामी 2 अगस्त को नगर में बाबा महाकाल की 5वीं शाही पालकी यात्रा निकाली जाएगी। उज्जैन के बाबा महाकाल की पालकी यात्रा की तर्ज पर निकलने वाली इस शाही पालकी यात्रा की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस शोभायात्रा में बाबा महाकाल के साथ विभिन्न देवी देवताओं की 51 आकर्षक झाँकियां भी सजाई जाएगी।

यह जानकारी शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में महाकाल सेवा दल के अध्यक्ष आकाश चौधरी ने दी। पालकी यात्रा के समय और रूट की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि उज्जैन के तर्ज पर इस बार पांचवी पालकी यात्रा निकाली जा रही है। इस पालकी यात्रा का मुख्य आकर्षण उज्जैन से लाई गई बाबा चंद्र मौलेश्वर की मूर्ति होंगी, जो बाबा महाकालेश्वर के गर्भगृह में पूजन कराकर लाई गई है। उन्होंने बताया कि उज्जैन के तर्ज पर डमरू झाल सेवा दल की 50 टीमों द्वारा डमरू झाल वादन की प्रस्तुति दी जाएगी। तरह-तरह के ढोल-नगाड़े, भांगड़ा, बैंड-बाजा यात्रा में शामिल होंगे। इसके साथ बड़ी-बड़ी झांकियों और विभिन्न प्रकार की मूर्तियों का निर्माण कराया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में कुल 51 झांकियां श्रद्धांलुओं को बाबा महाकाल के उज्जैन में निकलने वाली पालकी यात्रा के दर्शन की अनुभूति कराएगा। महाकाल सेवा दल के अध्यक्ष ने बताया कि कोलकाता के कारीगरों द्वारा पालकी को कच्चे और विभिन्न प्रकार के फूलों से सजाया जाएगा। बाबा गरीब नाथ के गर्भगृह से विधिवत पूजा कर बाबा चंद्र मौलेश्वर को पालकी में विराजमान किया जाएगा। इसके बाद पालकी सिकंदरपुर सीढ़ी घाट ले जाई जाएगी, जहां बाबा की भव्य महा आरती होगी। महाआरती के बाद बाबा नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। पालकी यात्रा के

रूट की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सिकंदरपुर सीढ़ी घाट से शुरू होकर यह पालकी यात्रा रानी सती मंदिर, सिकंदरपुर चौक, सरैयागंज टावर, जवाहरलाल रोड, कल्याणी चौक, हरिसभा चौक, देवी मंदिर, पानी टंकी चौक, हाथी चौक, बगलामुखी मंदिर, पक्की सराय चौक, बनारस बैंक चौक, दुर्गा स्थान चौक और छाता बाजार होते हुए रात 10 बजे तक पुनः बाबा गरीब नाथ मंदिर पहुंचेगी। इस पालकी यात्रा में बड़ी संख्या में स्त्री-पुरुष, सामाजिक लोग, विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्य और शहर के प्रबुद्ध जन शामिल होंगे।

मौके पर महाकाल सेवा दल के मुख्य संरक्षक अरविंद सिंह, संरक्षक रमेश रत्नाकर, नागेंद्र कुमार जेठे, प्रवीण चौधरी, संजय जायसवाल, अध्यक्ष आकाश चौधरी, नथुनी महतो, मुख्य सचिव अजीत पटेल, कुणाल पटेल, कुणाल श्रीवास्तव, चंदन, प्रकाश चौहान, कोषाध्यक्ष उज्ज्वल सहनी उपाध्यक्ष ओम प्रकाश दुबे, अमरनाथ चौधरी, शिवम् राज, सीमा चंद्रवंशी, पवन कुमार, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



कार्यक्रम की जानकारी देते महाकाल सेवा दल के पदाधिकारी गण।

# संभावित जल संकट से निपटने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करें सभी विभाग : डीएम

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** कम वर्षापात के कारण संभावित जल संकट की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी रिची पांडे की अध्यक्षता में गुरुवार की देर शाम विमर्श सभा कक्ष में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी द्वारा संचालित पेयजलापूर्ति योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।


पेयजलापूर्ति योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी व अन्य।

बैठक में जिले में पेयजल की उपलब्धता, "हर घर नल का जल" योजना की वर्तमान स्थिति, भू-जल स्तर में आई गिरावट तथा वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले के किसी भी गांव या टोले में पेयजल का संकट उत्पन्न नहीं होने दिया जाए तथा सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रत्येक प्रखंड एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराने, "हर घर नल का जल" योजना को शत-प्रतिशत क्रियाशील रखने तथा जिन क्षेत्रों में भू-जल स्तर नीचे चला गया है और लोग चापाकलों पर निर्भर हैं, वहां आवश्यकतानुसार टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने छूटे हुए टोलों में "हर घर नल का जल" योजना के निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा पंचायत राज विभाग से हस्तांतरित योजनाओं की नियमित मरम्मत एवं रखरखाव के लिए प्रत्येक पंचायत में मरम्मत दल की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्य में लापरवाही या शिथिलता बरतने वाली एजेंसियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने को भी कहा। समीक्षा के दौरान पीएचईडी के सभी कनीय अभियंताओं एवं सहायक अभियंताओं को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में नियमित रूप से उपस्थित रहने तथा मुख्यालय में आवासित रहने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी पेयजल योजनाओं का प्रतिदिन भौतिक निरीक्षण किया जाए तथा खराब मोटर, पाइपलाइन, वाल्व अथवा विद्युत संबंधी खराबियों का 24 घंटे के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जलापूर्ति योजनाओं के संचालन के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने हेतु संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा गया।

उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल की स्थिति पर सतत निगरानी रखने तथा समस्या की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि प्रत्येक दिन की प्रगति प्रतिवेदन जिला नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध कराने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी विभाग समन्वित प्रयासों से आमजन को निर्बाध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में उप विकास आयुक्त सुश्री श्वेता भारती, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन बृजकिशोर पांडेय, कार्यपालक अभियंता, सभी जेई पीएचईडी उपस्थित थे।

## न्यू एरिया कांवर संघ का 67 श्रद्धालुओं का जत्था बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** श्रावण मास की पावन बेला में न्यू एरिया कांवर संघ के संरक्षक एवं श्री थोक वस्त्र विक्रेता ट्रस्ट के अध्यक्ष तथा उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद के पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल छापड़िया के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में 67 श्रद्धालुओं का विशाल कांवरिया जत्था दिनांक 30 जुलाई 2026 की रात्रि 11:00 बजे इंटरसिटी एक्सप्रेस से सुल्तानगंज के लिए अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रवाना हुआ।


मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर एकत्रित श्रद्धालुओं का जत्था।

प्रस्थान से पूर्व सभी श्रद्धालुओं ने बाबा गरीब नाथ धाम में विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात सभी श्रद्धालु मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन परिसर में एकत्रित हुए। स्टेशन परिसर में "हर-हर महादेव", "बोल बम" तथा "बाबा गरीब नाथ की जय" के गगनभेदी उद्घोष से सम्पूर्ण वातावरण शिवमय हो उठा। श्रद्धालुओं की भक्ति, अनुशासन और उत्साहपूर्ण वातावरण को देखकर वहां उपस्थित अन्य कांवरिया एवं यात्रियों ने भी इस अलौकिक दृश्य का आनंद लिया। सुल्तानगंज पहुंचकर सभी श्रद्धालु मां गंगा में पवित्र स्नान करेंगे तथा गंगाजल को कांवर में भरकर बाबा बैद्यनाथ धाम में बाबा का जलाभिषेक करेंगे। इस यात्रा में प्रमुख रूप से संजय पोद्दार, श्रवण छापड़िया, हर्ष छापड़िया, अनिल छापड़िया, जगदंबा मोदी, धीरज पोद्दार, दिलीप मोदी, प्रमोद तुलस्यान सहित 67 श्रद्धालु सम्मिलित हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ब्रिटेन की सांसद अमांडा हैक से मिले कांग्रेस नेता सैय्यद सऊद हसन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** कांग्रेस नेता सैय्यद सऊद हसन ने ब्रिटेन की सत्तारूढ़ लेबर पार्टी की सांसद अमांडा हैक से मुलाकात कर यूनाइटेड किंगडम की नई आव्रजन (इमिग्रेशन) नीतियों से भारतीय छात्रों, पेशेवरों और कामगारों को हो रही कठिनाइयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्किल्ड वर्कर वीजा के तहत पात्र व्यवसायों की सूची सीमित किए जाने, ग्रेजुएट (पोस्ट स्टडी वर्क) वीजा की अवधि कम होने तथा आव्रजन शुल्क और इमिग्रेशन स्किल्स चार्ज में बढ़ोतरी से भारतीय छात्रों, परिवारों और नियोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ा है। उन्होंने ब्रिटिश सरकार से इन नीतियों की पुनर्समीक्षा का आग्रह किया। बैठक के दौरान पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात और ईरान में बढ़ते तनाव पर भी विचार-विमर्श हुआ। सैय्यद सऊद हसन ने कहा कि क्षेत्र में स्थायी शांति के लिए संवाद, कूटनीतिक समाधान और मानवीय दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कानूनों के सम्मान के साथ प्रभावित लोगों तक मानवीय सहायता पहुंचाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। सांसद अमांडा हैक ने भारतीय समुदाय की चिंताओं पर गंभीरता से विचार करने तथा उन्हें ब्रिटिश संसद एवं संबंधित सरकारी मंचों पर उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच मजबूत और सकारात्मक संबंधों को और सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उल्लेखनीय है कि सैय्यद सऊद हसन के दादा और पिता का पैतृक गांव सीतामढ़ी जिले के सोनबरसा प्रखंड का महुलिया है। उनके पिता उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली गए थे और बाद में पीटीआई समाचार एजेंसी में नियुक्ति के उपरांत वर्ष 1988 में भोपाल स्थानांतरित हो गए। तब से उनका परिवार भोपाल में ही निवास कर रहा है।


सांसद अमांडा हैक के साथ कांग्रेस नेता सैय्यद सऊद हसन।

**भारतीयों की आव्रजन समस्याओं और पश्चिम एशिया के हालात पर हुई सार्थक चर्चा**

### 9 अगस्त को पुनौरा किसान महापंचायत को लेकर गोविन्द फंदह, मनियारी व खैरबा में किसानों की बैठक

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सेटेलाईट सीतापुरम प्रोजेक्ट, सीतामढी की वापसी की मांग को लेकर भूमि बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में 9 अगस्त को पुनौरा में आयोजित किसान महापंचायत में बड़ी संख्या में शामिल होने की तैयारी को लेकर मनियारी पंचायत सरकार भवन में गोविन्द फंदह, मनियारी तथा खैरबा गांव के किसानों की बैठक हुई। अध्यक्षता समिति के सदस्य रामसागर ठाकुर ने की। बैठक में कहा गया कि सेटेलाईट सीतापुरम प्रोजेक्ट किसानों के रोजी-रोजगार तथा जीवन भर की कमाई पर सरकार का सीधा हमला है। हम जान दे देंगे, अपने पुरखों तथा अपने जीवन भर की कमाई जमीन नही देंगे। किसानों ने ऐसा कोई प्रोजेक्ट नही मांगा था सरकार लैंड पुलिंग के तहत जबरन 45 प्रतिशत जमीन छीनने की योजना के साथ जमीन की खरीद-बिक्री पर रोक लगा रखा है। सरकार उद्योग लगाये नवजवानों को रोजगार दे टाउनशिप अपने आप विकसित हो जायगा। बैठक में योगेन्द्र प्रसाद यादव के संयोजकत्व में महापंचायत में भागीदारी के लिए रीगा प्रखंड के सांखी, मठबा, मारर, भगवानपुर,अन्हारी, परशुरामपुर, रेबासी तथा पकडी गांवों का दौरा हेतू 7 सदस्यीय टीम बनाई गई। बैठक में विचार व्यक्त करने वालों में प्रेमचन्द्र सिंह, शिबचन्द्र यादव, विश्वनाथ राय, उपेन्द्र राय, कैलाश पासवान, भैरव ठाकुर, विनोद पासवान, रघुनाथ महतो, देवेन्द्र यादव, रामकिशोर महतो, कमलाकांत झा तथा अन्य शामिल थे।

### डीपीओ स्थापना को मदरसा एवं संस्कृत के शिक्षकों ने किया सम्मानित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) प्रियदर्शी सौरभ को मदरसा एवं संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों ने उनके कार्यालय कक्ष में शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने शिक्षा विभाग में उनके सकारात्मक कार्यों, शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशीलता तथा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता की सराहना की। सम्मान समारोह के दौरान शिक्षकों ने कहा कि डीपीओ स्थापना प्रियदर्शी सौरभ के नेतृत्व में स्थापना शाखा से संबंधित कार्यों में तेजी आई है तथा शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं बेहतर कार्यकाल की कामना की।

इस अवसर पर डीपीओ स्थापना प्रियदर्शी सौरभ ने शिक्षकों द्वारा दिए गए सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विभाग शिक्षकों की जायज समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है तथा मदरसा एवं संस्कृत विद्यालयों से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन का प्रयास लगातार किया जा रहा है। उन्होंने सभी शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम में मदरसा डेवलपमेंट ऑगेनाईजेशन (एमडीओ) के प्रदेश प्रवक्ता मो. मनाजेरूल इस्लाम, सचिव मो. अजमल, मो. शाहिद अशरफ, मो. जाहिद हुसैन, मो. गुलजार, मो. फखरूल हसन, मो. अरमान अली, मो मजहर अली राजा,अनिल कुमार सिंह, रमन कुमार झा, सुभाष कुमार ठाकुर, मेधा कुमारी, चंदा कुमारी, संजीव कुमार, संजीव कुमार चौधरी, प्रेम कुमार, राकेश कुमार झा, अमर भारती, मो. जियाउर्रहमान, निरंजन कुमार, मौलाना मोतिउर्रहमान कासमी, मो. मोख्तार अंसारी सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

## आकांक्षी जिला एवं प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत नीति तारा के कार्यान्वयन के लिए प्रशिक्षण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत "नीति तारा (टूलकिट फॉर एनालिसिस, रिव्यु एंड एक्शन)" के कार्यान्वयन हेतु जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को जिला पशुपालन कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त ने की जिसमें सिविल सर्जन, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), जिला पशुपालन पदाधिकारी, डीपीएम (स्वास्थ्य) तथा जिला योजना पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी के अलावा पीरामल फाउंडेशन, एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान नीति तारा टूलकिट के माध्यम से डेटा आधारित विश्लेषण (एनालिसिस), समीक्षा (रिव्यु) एवं कार्ययोजना (एक्शन) तैयार करने की प्रक्रिया, विभिन्न प्रदर्शन संकेतकों की निगरानी तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि नीति आयोग की ओवरऑल रैंकिंग में सीतामढ़ी जिले ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि यह जिले के लिए गौरव की बात है, किंतु "नीति तारा" टूलकिट के प्रभावी उपयोग, नियमित समीक्षा, डेटा आधारित विश्लेषण एवं समयबद्ध कार्ययोजना के माध्यम से जिले के प्रदर्शन में और अधिक सुधार लाकर भविष्य में और बेहतर रैंकिंग प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी का व्यवहारिक उपयोग करते हुए विभागीय समन्वय के साथ योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का निर्देश दिया।


प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी।

## वाहन की ठोकर से छात्र की मौत, दो घायल

**ग्रामीणों ने शव रख एनएच-22 किया जाम, टायर जलाकर प्रदर्शन**

**सोनबरसा/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सोनबरसा थाना क्षेत्र के फरछहिया चौक के समीप गुरुवार देर रात सड़क किनारे वाहन का इंतजार कर रहे तीन युवकों को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। दुर्घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें सोनबरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सभी को सदर अस्पताल, सीतामढ़ी रेफर कर दिया।


फरछहिया चौक पर सड़क जाम कर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

इलाज के दौरान मो. नसीम शेख के 16 वर्षीय पुत्र एवं दसवीं कक्षा के छात्र रेहान आलम की मौत हो गई। वहीं रहमत शेख के 13 वर्षीय पुत्र नासिर शेख तथा शहजाद शेख के 8 वर्षीय पुत्र इन्याद शेख का इलाज जारी है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह रेहान का शव लेकर एनएच-22 स्थित फरछहिया चौक पर बांस-बल्ला लगाकर सड़क जाम कर दिया तथा टायर जलाकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि इस स्थान पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने गांव के उत्तर एवं दक्षिण छोर पर स्पीड ब्रेकर (ठोकर) निर्माण, फरार वाहन की पहचान तथा मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की।

सूचना पर बीडीओ मृत्युंजय कुमार, थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, मुखिया प्रतिनिधि मो. जिलानी राईन एवं अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। बीडीओ ने सड़क निर्माण कंपनी के अधिकारियों से वार्ता की। कंपनी के प्रबंधक ने स्थल का निरीक्षण कर दो दिनों के भीतर स्पीड ब्रेकर बनाने का आश्वासन दिया। मुखिया प्रतिनिधि ने कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत तीन हजार रुपये की सहायता भी प्रदान की। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

मृतक रेहान दो भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ा था। बेटे की मौत से मां हलीमा खातून का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुटी है।

## हलेश्वरनाथ मंदिर में श्रावणी मेला की तैयारियों की डीडीसी ने की विस्तृत समीक्षा, दिए कई निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** उप विकास आयुक्त सुश्री श्वेता भारती ने शुक्रवार को हलेश्वरनाथ मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले श्रावणी मेला की तैयारियों का स्थल निरीक्षण करते हुए विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु व्यवस्था से संबंधित विभिन्न तैयारियों का जायजा लिया।


श्रावणी मेला की तैयारियों का स्थल निरीक्षण कर समीक्षा करतीं डीडीसी श्वेता भारती।

समीक्षा के क्रम में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि श्रावणी मेला के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित करें। उन्होंने पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, पार्किंग, चिकित्सा सुविधा, साफ-सफाई, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित तैयारियों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि श्रावणी मेला में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा मेला परिसर में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। साथ ही, मेला अवधि के दौरान सभी विभागों की सक्रिय उपस्थिति एवं सतत निगरानी सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। मौके पर निदेशक डीआरडीए राजेश भूषण के साथ विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त ने सुनीं जन समस्याएं

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सात निश्चय-3 अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित विमर्श सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त सुश्री श्वेता भारती ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे उप विकास आयुक्त के समक्ष रखीं जहां परिवादों को सुना गया एवं उसके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए।

जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आईसीडीएस, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड,अतिक्रमण, सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी परिवाद प्राप्त हुए। डीडीसी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे उप विकास आयुक्त के समक्ष रखीं**

डीडीसी सुश्री श्वेता भारती ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के निष्पादन में जिले के सभी पदाधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है। इससे न केवल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी और अधिक मजबूत हुआ है।

## बिहार के रक्तदानियों ने यूपी के वाराणसी में आयोजित शिविर में कैंसर मरीजों के लिये किया सामूहिक प्लेटलेट्स दान

**पुपरी/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** स्थानीय निवासी अतुल कुमार के नेतृत्व में आयोजित शिविर में बिहार के 21, यूपी के 15 तथा दिल्ली के 02 रक्तदानियों समेत कुल 38 रक्तदानियों ने प्लेटलेट्स का दान कर इतिहास रच दिया। देश में प्रथम बार बिहार के रक्तदानियों ने राज्य से बाहर वाराणसी में एसडीपी (सिंगल डोनर प्लेटलेट्स) रक्तदान शिविर का आयोजन कर कीर्तिमान स्थापित कर दिया है।

एसडीपी डोनर्स ग्रुप, बिहार के अध्यक्ष पुपरी, सीतामढ़ी निवासी अतुल कुमार के नेतृत्व में होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल, वाराणसी में 25 जुलाई रविवार को आयोजित हुये शिविर में बिहार के 21, यूपी के 15 तथा दिल्ली के 02 रक्तदानी जिसमें 01 महिला रक्तवीरांगना भी शामिल थी, समेत कुल 38 रक्तदानियों ने मानवता एवं सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुये अपना प्लेटलेट्स दान किया। ग्रुप की यह उपलब्धि कैंसर मरीजों की जीवन बचाने की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक कदम है। बिहार के विभिन्न जिलों से स्वैच्छिक रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय सामाजिक संगठन तथा समर्पित रक्तदानियों ने एक मंच पर आकर सेवा का अनोखा मिसाल कायम किया है।



कैंसर मरीजों के लिये प्लेटलेट्स दान करते रक्तदाताओं के साथ पुपरी के अतुल कुमार।

ग्रुप के अध्यक्ष अतुल कुमार ने जानकारी देते हुये बतलाया कि एसडीपी डोनेशन एक खास तरह की प्रक्रिया है जिसमें विशेष मशीन के द्वारा रक्तदानी के शरीर से रक्त निकाला जाता है। इस मशीन के जरिए निकाले गए रक्त से प्लेटलेट्स निकाल कर संग्रहित कर लिया जाता है और शेष रक्त पुनः वापस रक्तदान करने वाले के शरीर में चढ़ा दिया जाता है।

इस प्रक्रिया के तहत एक रक्तदानी के रक्त से तीन सौ से साढ़े तीन सौ मिलीलीटर तक प्लेटलेट्स संग्रह होता है। सामान्यतः इतना प्लेटलेट्स संग्रह करने के लिये पाँच से छह रक्तदानियों की आवश्यकता होती है। प्लेटलेट्स का उपयोग ज्यादातर कैंसर, डेंगू सहित अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज में किया जाता है। एसडीपी डोनेशन में एक घंटे के आसपास समय लगते हैं जिसके पूर्व रक्तदानी को निर्धारित कड़ी जाँच प्रक्रिया से गुजरनी होती है।

शिविर में प्लेटलेट्स दान करने वाले सोनी कुमार वर्मा, अविनाश सिंह बादल, रजनीश वत्स, अनीश केशरी, दीपक सिंह चौहान, रौशन कुमार सिंह, प्रशांत भारद्वाज, अमरजीत कुमार, आमोद कुमार शेखावत, गणेश कुमार भगत, आरजू आरुफ आदि युवा तथा शिविर में टीम लीडर की सक्रिय भूमिका निभा रही सीतामढ़ी जिला निवासी स्मिता वर्षा झा व सहयोगी प्रिया सिंह ने कहा कि यह शिविर न केवल बिहार बल्कि पूरे देश में स्वैच्छिक प्लेटलेट्स दान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम मानी जायेगी।

शिविर की सब से विशेष बात बिहार सीआईडी (एफएसएल) के डायरेक्टर विपिन चौधरी का पटना से चलकर शिविर में प्लेटलेट्स दान करना रहा जिसने रक्तदानियों के बीच उत्साहवर्धन का कार्य किया। ग्रुप के अध्यक्ष अतुल कुमार ने शिविर के सफल आयोजन के लिये रक्तदानियों को साधुवाद दिया तथा वाराणसी व आसपास के जिलों के सहयोगी संस्थाओं के समस्त सेवादार व रक्त केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अक्षय बत्रा के प्रति भी आभार प्रकट किया जिन्होंने देश मे प्रथम बार इस प्रकार के आयोजन को सफल बनाने में अपना हर सम्भव महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## सम्पादकीय

# जब गुरु पर उठे सवाल : विद्यालयों में विश्वास, सुरक्षा और संस्कार की सबसे कठिन परीक्षा

पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) से सामने आया वह मामला, जिसमें एक शिक्षक पर छात्राओं से कथित रूप से अशोभनीय और आपत्तिजनक बातें करने का आरोप लगा है और शिकायत के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है, पूरे समाज को गंभीर आत्ममंथन के लिए विवश करता है। इस मामले की जांच जारी है और अंतिम निष्कर्ष न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही सामने आएंगे। लेकिन इतना स्पष्ट है कि यदि विद्यालय के भीतर बच्चों की गरिमा, सुरक्षा और विश्वास पर कोई प्रश्नचिन्ह खड़ा होता है, तो उसका प्रभाव केवल एक विद्यालय तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था की साख को प्रभावित करता है।

विद्यालय केवल पढ़ाई की जगह नहीं होता। वह वह स्थान है जहाँ माता-पिता अपने जीवन का सबसे अनमोल विश्वास अपने बच्चों को सौंपते हैं। शिक्षक केवल विषय नहीं पढ़ाता, वह व्यक्तित्व गढ़ता है, संस्कार देता है, आत्मविश्वास जगाता है और भविष्य का निर्माण करता है। इसलिए शिक्षक का आचरण ही उसकी सबसे बड़ी योग्यता माना जाता है।

जब किसी शिक्षक पर इस प्रकार के आरोप सामने आते हैं, तो सबसे पहले घायल होता है समाज का विश्वास। माता-पिता के मन में भय उत्पन्न होता है, छात्राओं के मन में असुरक्षा की भावना जन्म लेती है और हजारों ईमानदार एवं समर्पित शिक्षकों की प्रतिष्ठा भी अनावश्यक रूप से प्रभावित होती है। यह स्थिति अत्यंत दुखद है।

यह भी उतना ही आवश्यक है कि किसी भी आरोपी को न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध होने से पहले दोषी घोषित न किया जाए। कानून का मूल सिद्धांत है कि प्रत्येक व्यक्ति को निष्पक्ष जांच और न्यायपूर्ण सुनवाई का अधिकार प्राप्त है। इसलिए समाज को भावनाओं में बहने के बजाय कानून पर विश्वास बनाए रखना चाहिए। यदि आरोप सिद्ध होते हैं, तो कठोरतम कानूनी कार्रवाई होनी चाहिएय यदि नहीं, तो न्याय उसी निष्पक्षता से होना चाहिए।

इस घटना ने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा किया है कि क्या हमारे विद्यालयों में बाल सुरक्षा तंत्र पर्याप्त रूप से सक्रिय है । क्या प्रत्येक विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए सुरक्षित शिकायत व्यवस्था उपलब्ध है । क्या बच्चों को यह बताया जाता है कि अनुचित व्यवहार की पहचान कैसे करें और किससे शिकायत करें । क्या शिक्षक और कर्मचारियों को नियमित रूप से नैतिक आचरण तथा बाल संरक्षण के विषय में प्रशिक्षण दिया जाता है।

आज आवश्यकता केवल नियम बनाने की नहीं, बल्कि उन्हें जीवंत बनाने की है। विद्यालयों में ऐसा वातावरण होना चाहिए जहाँ कोई भी बच्चा बिना भय के अपनी बात कह सके। यदि किसी छात्र या छात्रा को किसी भी प्रकार की असहजता महसूस होती है, तो उसे विश्वास होना चाहिए कि उसकी बात गंभीरता से सुनी जाएगी और उसकी पहचान तथा सम्मान सुरक्षित रहेगा।

अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। बच्चों से प्रतिदिन संवाद कीजिए। केवल अंक और परीक्षा मत पूछिए, यह भी पूछिए कि विद्यालय में उनका दिन कैसा बीता, वे स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हैं या नहीं, किसी ने उन्हें असहज तो नहीं किया। कई बार बच्चे डर, शर्म या संकोच के कारण अपनी बात नहीं कह पाते। ऐसे में परिवार का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी सुरक्षा बनता है।

शिक्षकों के लिए भी यह समय आत्ममंथन का है। समाज ने उन्हें केवल नौकरी नहीं, बल्कि एक नैतिक दायित्व सौंपा है। शिक्षक का प्रत्येक शब्द, प्रत्येक व्यवहार और प्रत्येक निर्णय विद्यार्थियों के व्यक्तित्व पर गहरी छाप छोड़ता है। इसलिए शिक्षक की भाषा, व्यवहार और मर्यादा हर परिस्थिति में आदर्श होनी चाहिए। ज्ञान का प्रकाश तभी सार्थक है, जब उसके साथ चरित्र का प्रकाश भी जुड़ा हो।

यह भी स्मरण रखना होगा कि लाखों शिक्षक आज भी पूर्ण ईमानदारी, समर्पण और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। किसी एक या कुछ मामलों के आधार पर पूरे शिक्षक समुदाय को संदेह की दृष्टि से देखना भी न्यायसंगत नहीं होगा। बल्कि ऐसे मामलों में सबसे अधिक पीड़ा उन्हीं आदर्श शिक्षकों को होती है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित कर दिया। सरकार और शिक्षा विभाग को चाहिए कि विद्यालयों में बाल सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का कठोर अनुपालन सुनिश्चित करें। नियमित निरीक्षण, शिकायत निवारण तंत्र, मनोवैज्ञानिक परामर्श, नैतिक प्रशिक्षण, संवेदनशीलता कार्यशालाएँ और पारदर्शी जांच व्यवस्था केवल औपचारिकताएँ नहीं, बल्कि समय की अनिवार्य आवश्यकता हैं। विद्यालयों को ऐसा सुरक्षित परिसर बनाना होगा जहाँ शिक्षा के साथ सम्मान और सुरक्षा भी सुनिश्चित हो।


# एग्जिट पोल से आगे का सच : अंतिम फैसला मतपेटी का



प्रमोद कुमार सिंह
शिक्षाविद

लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि यहाँ अंतिम शब्द किसी राजनीतिक दल, किसी चुनावी रणनीतिकार, किसी सर्वे एजेंसी या किसी एग्जिट पोल का नहीं, बल्कि मतदाता का होता है। चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद शुरू होने वाला अनुमान, विश्लेषण और दावों का दौर लोकतांत्रिक प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा है, किंतु इन सबके बीच एक सत्य हमेशा अटल रहता है जब तक मतगणना पूरी नहीं हो जाती, तब तक किसी भी जीत या हार की घोषणा केवल अनुमान ही होती है।

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव भी इस समय ऐसे ही दौर से गुजर रहा है। मतदान संपन्न होने के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने आकलन प्रस्तुत कर रहे हैं। कई एग्जिट पोल अलग-अलग निष्कर्ष सामने ला रहे हैं और समर्थकों के बीच उम्मीदों तथा आशंकाओं का वातावरण बना हुआ है। लेकिन लोकतंत्र की परिपता इसी में है कि हर अनुमान का सम्मान करते हुए अंतिम निर्णय की प्रतीक्षा की जाए।




एग्जिट पोल चुनावी विश्लेषण का एक माध्यम अवश्य हैं, किंतु वे चुनाव आयोग द्वारा घोषित परिणाम नहीं होते। उनका उद्देश्य मतदान के बाद संभावित रुझानों का आकलन प्रस्तुत करना होता है। इतिहास गवाह है कि अनेक अवसरों पर एग्जिट पोल वास्तविक परिणामों के काफी निकट रहे हैं, तो कई बार मतदाताओं ने ऐसे सभी अनुमानों को पूरी तरह उलट भी दिया है। इसलिए किसी भी एग्जिट पोल को अंतिम सत्य मान लेना लोकतांत्रिक विवेक के अनुरूप नहीं कहा जा सकता।

चुनावों में मतदाता का मन सबसे बड़ी पहेली माना जाता है। वह सार्वजनिक मंचों पर जो कहता है, वह आवश्यक नहीं कि मतदान केंद्र के भीतर भी वही निर्णय ले। मतदान कक्ष में मतदाता पूरी तरह स्वतंत्र होता है। वहीं वह अपने अनुभव, अपेक्षाओं, स्थानीय मुद्दों, उम्मीदवार की छवि, दल की नीति और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के आधार पर निर्णय करता है। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है कि मतदाता किसी दबाव से नहीं, बल्कि अपने विवेक से मतदान करता है।

बांकीपुर उपचुनाव का महत्व केवल एक विधानसभा सीट तक सीमित नहीं है। ऐसे उपचुनाव अक्सर राजनीतिक दलों के संगठन, रणनीति, जनसंपर्क और स्थानीय मुद्दों की परीक्षा भी बन जाते हैं। यही कारण है कि छोटी प्रतीत होने वाली सीट भी व्यापक राजनीतिक चर्चा का केंद्र बन जाती है। लेकिन चुनाव की गंभीरता तभी बनी रहती है जब उसके परिणामों का सम्मान संयम और धैर्य के साथ किया जाए।

मतदान प्रतिशत को भी चुनावी विश्लेषण में एक महत्वपूर्ण संकेतक माना जाता है। अधिक मतदान हो या अपेक्षात कम, दोनों परिस्थितियों की अपनी-अपनी राजनीतिक व्याख्याएँ होती हैं। फिर भी केवल मतदान प्रतिशत के आधार पर किसी दल की जीत या हार तय कर देना उचित नहीं होगा। मतदान का वास्तविक अर्थ तभी स्पष्ट होता है जब प्रत्येक मत की गणना पूरी हो जाती है।

लोकतंत्र में यह भी स्वाभाविक है कि राजनीतिक दल अपनी जीत के प्रति आश्वस्त दिखाई दें। समर्थकों का उत्साह भी चुनावी संस्कृति का हिस्सा है। लेकिन लोकतांत्रिक मर्यादा यह कहती है कि विजय का उत्सव भी परिणाम घोषित होने के बाद ही मनाया जाए और यदि जनादेश अपेक्षा के अनुरूप न आए तो उसे भी समान सम्मान के साथ स्वीकार किया जाए। यही स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान है।

आज सोशल मीडिया के युग में अपुष्ट दावे, अधूरी सूचनाएँ और अनुमान बहुत तेजी से फैलते हैं। ऐसे समय में नागरिकों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। किसी भी अप्रमाणित जानकारी को तथ्य मान लेने के बजाय आधिकारिक परिणाम की प्रतीक्षा करना लोकतांत्रिक परिपता का परिचायक है। चुनाव आयोग द्वारा घोषित परिणाम ही अंतिम और प्रमाणिक होते हैं।

बांकीपुर का मतदाता अब अपना निर्णय ईवीएम में दर्ज कर चुका है। इसके बाद नारे, दावे, चर्चाएँ और राजनीतिक विश्लेषण अपनी जगह हैं, लेकिन उनका स्थान मतगणना का विकल्प नहीं हो सकता। लोकतंत्र का वास्तविक सौंदर्य इसी में है कि अंतिम फैसला बंद मतपेटी या ईवीएम के भीतर सुरक्षित रहता है और मतगणना के दिन ही जनता की इच्छा स्पष्ट रूप से सामने आती है।

3 अगस्त केवल परिणाम का दिन नहीं होगा, बल्कि लोकतांत्रिक विश्वास की पुनर्पुष्टि का दिन भी होगा। उस दिन यह स्पष्ट होगा कि चुनावी शोर से अधिक प्रभाव किसका थाप्रचार का, राजनीतिक समीकरणों का, एग्जिट पोल का या मतदाता के शांत और स्वतंत्र निर्णय का।

इसलिए आज सबसे उपयुक्त संदेश यही है कि न किसी अनुमान को अंतिम विजय माना जाए और न किसी संभावना को अंतिम पराजय। लोकतंत्र में धैर्य भी उतना ही आवश्यक है जितना मतदान। अंतिम निर्णय जनता का है और जनता का निर्णय ही लोकतंत्र का सर्वोच्च आदेश है।

लोकतंत्र का वास्तविक उत्सव परिणाम घोषित होने के बाद शुरू होता है, क्योंकि अंततः जीत किसी दल की नहीं, बल्कि जनमत की होती है।

*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

# होम क्रेडिट इंडिया ने वित्तीय परिपक्वता के तीन नियमों को रेखांकित किया

**एक मशहूर** कहावत है, जो जल्दी जागता है, वही बाजी मारता है (द अर्ली बर्ड कैचेस द वर्म)और जीवन में जल्दी बचत शुरू करने वाले व्यक्ति से बेहतर इस कहावत को कोई साबित नहीं कर सकता। जल्दी बचत शुरू करने वाले लोग समझदारी भरे निवेश करके वित्तीय स्वतंत्रता की राह पर तेजी से आगे बढ़ सकते हैं। यह बात खास तौर पर जेन-जीयानी 1997 से 2012 के बीच जन्मे लोगों पर लागू होती है। होम क्रेडिट इंडिया के प्रमुख अध्ययन द ग्रेट इंडियन वॉलेट 2025 के अनुसार, केवल 56 प्रतिशत जेन-जी ही अपने मासिक खर्चों के बाद कोई महत्वपूर्ण बचत कर पाते हैं।

डिजिटल रूप से जुड़ी इस दुनिया में, जहाँ सोशल मीडिया खरीदारी को प्रभावित करता है और एक टैप में यूपीआई भुगतान तुरंत पूरा कर देता है। जेन-जी ने सुविधा और आसानी के इस तरीके को पूरी तरह से अपना लिया है। लेकिन जब बात पैसे के प्रबंधन की आती है, तो इस पीढ़ी को पारंपरिक बचत आदतों से आगे बढ़कर अधिक समझदारी भरी वित्तीय योजना बनाने की जरूरत है। नीचे फाइनेंशियल एडल्टिंग की मानसिकता विकसित करने के नियम दिए गए हैं, जो जेन-जी को सही अवसर भुनाने यानी लंबी अवधि में संपत्ति बनाने, वित्तीय स्वतंत्रता हासिल करने और एक तेजी से बदलती अर्थव्यवस्था में अपने भविष्य को सुरक्षित करने में मदद करेंगे।

HOME CREDIT

**नियम 1:** अपने खर्चों का आकलन करें: खर्चों पर नियंत्रण पाने का सबसे सरल तरीका उनकी निगरानी शुरू करना है। पैसों की कमाई और खर्च का हिसाब रखना यह समझने का एक बेहतरीन शुरुआती कदम है कि क्या किए गए कुछ खर्च सचमुच जरूरी हैं या नहीं।

**नियम 2 :** फोमो को निवेश की रणनीति में बदलें : फोमो के अर्थ को बदलकर बेहतरीन रिटर्न चूक जाने का डर समझकर कोई भी व्यक्ति अपने रुझान को खर्चों से हटाकर निवेश की ओर मोड़ सकता है। म्यूच्यूअल फंड, एसआईपी या इंडेक्स फंड में किया गया हर छोटा निवेश मायने रखता है, क्योंकि समय के साथ ये मिलकर एक बड़ा रिटर्न दे सकते हैं। बेशक, रील या ट्रेंडिंग विषयों के बहकावे में न आकर, खुद की रिसर्च करके निवेश के विकल्पों का चुनाव सावधानी से करना जरूरी है।

**नियम 3 :** इमरजेंसी फंड बनाएं और अपने भविष्य को सुरक्षित करें : यह अनिश्चितता भरा दौर है और आपातकालीन कोष के रूप में कम से कम 3 से 6 महीने के खर्चों के बराबर राशि अलग रखना बेहद महत्वपूर्ण है। मेडिकल इमरजेंसी से लेकर अचानक नौकरी जाने तकय यह फंड किसी भी कठिन समय में आपको संबल और सुरक्षा प्रदान कर सकता है।

# सर्विस गर्ल ने एआई मैनिपुलेशन के खतरनाक सच को किया उजागर

**हंगामा ओटीटी** ने हाल ही में अपनी नई ओरिजिनल वेब सीरीज सर्विस गर्ल का प्रीमियर किया है। यह एक दमदार क्राइम थ्रिलर है, जो एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से तैयार किए गए डीपफेक वीडियो और ऑनलाइन पहचान की चोरी जैसे गंभीर साइबर अपराधों के खतरनाक प्रभावों को सामने लाती है। यह सीरीज दिखाती है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का दुरुपयोग किस तरह किसी व्यक्ति का जीवन, प्रतिष्ठा और रिश्ते पलभर में बर्बाद कर सकता है।

सीरीज की कहानी दिव्या के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक छोटे और पारंपरिक शहर की युवती है। उसकी जिंदगी तब पूरी तरह बदल जाती है, जब उसके चेहरे का इस्तेमाल कर बनाया गया एक अश्लील एआई डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो जाता है। इस घटना के बाद उसका विवाह टूट जाता है, समाज में उसकी प्रतिष्ठा खत्म हो जाती है और अपने ही लोग उस पर विश्वास करना छोड़ देते हैं।

लेकिन दिव्या हार नहीं मानती और सच का पता लगाने के लिए संघर्ष शुरू करती है। जांच के दौरान वह ऐसे बड़े साइबर अपराध गिरोह का पर्दाफाश करती है, जो महिलाओं की पहचान का दुरुपयोग कर उन्हें ब्लैकमेल और शोषण का शिकार बनाता है। उसकी लड़ाई केवल अपनी बेगुनाही साबित करने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि डिजिटल अपराध के खिलाफ एक मजबूत आवाज बन जाती है।

सीरीज में अभिनेत्री मल्लोबिका बनर्जी ने कंगना का किरदार निभाया है, जो एक साहसी और महत्वाकांक्षी मॉडल है और अभिनेत्री बनने का सपना देखती है। मुंबई में दिव्या से मुलाकात के बाद वह उसकी सबसे मजबूत सहयोगी बन जाती है और साइबर अपराधियों के नेटवर्क का पर्दाफाश करने में अहम भूमिका निभाती है।

अपने किरदार के बारे में मल्लोबिका बनर्जी ने कहा, कंगना बेहद साहसी और निडर लड़की है, जो अन्याय के खिलाफ कभी चुप नहीं रहती। वह अभिनेत्री बनने का सपना देखती है, लेकिन दिव्या से मिलने के बाद उसकी प्राथमिकताएं बदल जाती हैं और वह साइबर अपराध के पीछे की सच्चाई




सामने लाने का संकल्प लेती है। सर्विस गर्ल की सबसे खास बात यह है कि यह इंटरनेट की उस सच्चाई को दिखाती है, जिससे आज कई निर्दोष लोग रोजाना जूझ रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि यह सीरीज लोगों को ऐसे पीड़ितों के प्रति संवेदनशील और जागरूक बनाएगी। व्यक्तिगत रूप से भी मैं कंगना के निडर स्वभाव से खुद को जोड़ती हूं, क्योंकि मैंने हमेशा सही बात के लिए खड़े होने में विश्वास किया है।

सीरीज में खुशी दुबे ने मुख्य भूमिका दिव्या निभाई है। अपने किरदार के बारे में उन्होंने कहा, मैं दिव्या का किरदार निभा रही हूं, जो कम उम्र में शादी करने वाली एक साधारण लड़की है। उसकी जिंदगी तब पूरी तरह बदल जाती है, जब कोई एआई की मदद से उसका फर्जी और आपत्तिजनक वीडियो बना देता है। समाज उसकी बात पर विश्वास नहीं करता कि वह वीडियो असली नहीं है।


हम अक्सर ऐसी घटनाएं खबरों में देखते हैं और दुख की बात है कि कई युवतियां ऐसे साइबर अपराधों के कारण अपनी जान तक गंवा चुकी हैं। यह बेहद गंभीर विषय है और हमारी यह सीरीज इसी मुद्दे पर रोशनी डालती है कि किस तरह दिव्या इस मुश्किल से लड़कर बाहर निकलती है।

अभिनेता निशाद वैद्य, जो सीरीज में जैकी भैया की भूमिका निभा रहे हैं, ने कहा, मैं जैकी का किरदार निभा रहा हूं, जिसे सभी जैकी भैया कहते हैं। वह इंटरनेट आधारित लाइव कैम सर्विस बिजनेस का मास्टरमाइंड है, जो ऑनलाइन दुनिया का एक बेहद असामान्य कारोबार है। इसी नेटवर्क के जरिए दिव्या इस साइबर अपराध के जाल में फंसती है और फिर उसकी लड़ाई शुरू होती है। यह किरदार मेरे लिए काफी चुनौतीपूर्ण था क्योंकि पूरे रोल में मुझे हकलाते हुए संवाद बोलने थे। इसके लिए मैंने काफी अभ्यास किया। उम्मीद है दर्शकों को मेरा अभिनय और यह किरदार पसंद आएगा।

वहीं अभिनेता जहांगीर खान ने अपने नकारात्मक किरदार को लेकर कहा, एक डार्क किरदार निभाना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा। मेरा किरदार कई परतों वाला है और वह जैकी भैया का सबसे भरोसेमंद साथी है। वास्तविक जीवन में मैं ऐसे किसी भी गैरकानूनी काम का समर्थन नहीं करता, लेकिन एक अभिनेता के रूप में ऐसे नकारात्मक किरदार निभाना हमेशा रोमांचक होता है।

# बंटवारा 1947 के प्रमोशन के लिए 2 अगस्त को पहली बार पटना पहुंचेंगे सनी देओल

**आमिर खान प्रोडक्शंस** की फिल्म बंटवारा 1947, जिसमें शबाना आजमी, सनी देओल और प्रीति जिंटा मुख्य भूमिकाओं में हैं, इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी इस फिल्म के दमदार ट्रेलर के बाद पूरे देश में इसे लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। अब फिल्म की टीम अपने प्रमोशनल टूर के तहत 2 अगस्त 2026 को पटना, बिहार पहुंचेगी।



जयपुर में दर्शकों से मिले शानदार रिस्पान्स के बाद बंटवारा 1947 की टीम अब पटना आने के लिए तैयार है। यह सनी देओल का पहली बार पटना दौरा होगा। उनकी फिल्मों को हमेशा पटना के दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है। गदर 2 ने पटना बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था, और अब लंबे समय बाद सनी देओल एक और दमदार कहानी के साथ इस शहर में आ रहे हैं।

बंटवारे की दर्दनाक पृष्ठभूमि पर बनी बंटवारा 1947 एक भावुक और असरदार कहानी है, जो इंसानियत, उम्मीद और करुणा की ताकत को दिखाती है। फिल्म का ट्रेलर दर्शकों पर गहरा असर छोड़ता है और इसे साल की सबसे भावनात्मक फिल्मों में से एक बना देता है।

फिल्म में शबाना आजमी, सनी देओल, प्रीति जिंटा, करण देओल, अली फजल और अभिमन्यु सिंह अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म लगभग तीन दशक बाद राजकुमार संतोषी और सनी देओल को फिर से साथ लेकर आ रही है।

आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी बंटवारा 1947 का निर्देशन राजकुमार संतोषी ने किया है। फिल्म का संगीत ए आर रहमान ने दिया है और गीत जावेद अख्तर ने लिखे हैं। फिल्म के निर्माता आमिर खान और अपर्णा पुरोहित हैं। बंटवारा 1947 दुनिया भर के सिनेमाघरों में 14 अगस्त 2026 को रिलीज होगी।

# पहली तिमाही में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने ग्राहकों को 4,666 करोड़ रुपए के दावों और मैच्योरिटी का किया भुगतान

**आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल** लाइफ इंश्योरेंस ने जून 2026 में समाप्त पहली तिमाही में 386 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया, जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 27. 8 प्रतिशत ज्यादा है। इस दौरान, कंपनी के टर्म प्लान (रिटेल प्रोटेक्शन) कारोबार में भी 60. 4 प्रतिशत की मजबूत बढ़त दर्ज की गई। साथ ही, कंपनी के निदेशक मंडल ने कंपनी का नाम बदलकर आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

कंपनी के एमडी और सीईओ अनुप बागची ने कहा, हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता हमेशा ग्राहक रहे हैं। पहली तिमाही में 99.3 प्रतिशत का क्लेम सेटलमेंट रेशियो और बिना जाँच की जरूरत वाले दावों का औसतन सिर्फ एक दिन में भुगतान इस बात का प्रमाण है कि मुश्किल समय में हम अपने ग्राहकों और उनके परिवारों के साथ खड़े हैं।

इस तिमाही के दौरान हमने मृत्यु दावों के तहत 1,306 करोड़ रुपए का भुगतान किया, जबकि मैच्योरिटी और सर्वाइवल बेनेफिट्स के रूप में 3,360 करोड़ रुपए ग्राहकों को दिए। वित्त वर्ष 2025-26 में भी कंपनी ने मृत्यु दावों के तहत 5,149 करोड़ रुपए और मैच्योरिटी व सर्वाइवल बेनेफिट्स के रूप में 15,363 करोड़ रुपए का भुगतान किया।

पहली तिमाही में टर्म प्लान कारोबार में 60. 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी

99. 3 प्रतिशत क्लेम सेटलमेंट रेशियो के साथ कंपनी रही इंडस्ट्री में सबसे आगे

शुद्ध मुनाफा 27. 8 प्रतिशत बढ़कर 386 करोड़ रुपए पहुँचा

ICICI PRUDENTIAL LIFE INSURANCE
Ke Saath Zimmedari Lagey Pyaari
Trusted by over 20 crore Indians in 25 YEARS

उन्होंने आगे कहा, पहली तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 27. 8 प्रतिशत बढ़कर 386 करोड़ रुपए रहा। वहीं, हमारे रिटेल प्रोटेक्शन कारोबार में 60. 4 प्रतिशत की मजबूत बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह इस बात का संकेत है कि हम देश में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक जीवन बीमा सुरक्षा पहुँचाने के अपने लक्ष्य पर लगातार काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, आने वाले समय में भी हम तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल सुविधाओं का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल कर अपने काम को और बेहतर बनाएँगे, ताकि ग्राहकों को आसान और बेहतर सेवाएँ मिल सकें।

पहली तिमाही में हमारे सेविंग्स कारोबार का कस्ट-टू-प्रीमियम अनुपात 50 बेसिस पइंट घटकर 13.6 प्रतिशत रह गया। इससे हमें नई तकनीकों, डिजिटल सुविधाओं और नए इनोवेशन में निवेश करने का मौका मिलेगा, जिससे भविष्य की बढ़त को और मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा, हाल ही में कंपनी के निदेशक मंडल ने कंपनी का नाम बदलकर आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। हालाँकि, इसके लिए जरूरी नियामकीय मंजूरियाँ मिलना बाकी हैं। प्रस्तावित नया नाम आईसीआईसीआई ब्रांड की मजबूत पहचान, भरोसे और दीर्घकालिक अनुभव को दर्शाता है।

हमारा कारोबार लगातार बढ़ रहा है और आगे भी हम ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुँच स्थापित करने, ग्राहकों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने और देश में तेजी से बढ़ रहे जीवन बीमा बाजार के अवसरों का पूरा लाभ उठाने पर ध्यान देंगे।

## प्रवचन

# अहित के लिये किया गया व्यवहार ही निकृष्ट क्रोध : जीयर स्वामी


साठ वर्ष की आयु में पुत्रों को सौंप दे जिम्मेवारी

निराकार और साकार रूप तवतः

एक विद्या को विवाद का कारण न बनायें

दूसरे के अहित के लिये किया गया व्यवहार ही निकृष्ट क्रोध है। जिससे अपना न लाभ हो न हानि परन्तु दूसरे का नुकसान हो, वही कार्य क्रोध है। जो क्रोध को दबा देता है, उसपर भगवान प्रसन्न होते हैं। क्रोध पर नियंत्रण नहीं रखने वाले का विनाश हो जता है। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री स्वामी जी ने कहा कि जीवन में क्रोध से बचना चाहिये लेकिन सभी क्रोध एवं व्यवहार अधर्म नहीं होते। समाज और राष्ट्रहित में क्रोध करना धर्म है। चिकित्सक द्वारा घाव पर चाकू लगाना मानव हित में है। जबकि दूसरे लोग अगर किसी को चाकू मार दें तो अधर्म है।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

स्वामी जी ने श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के तहत राजा प्रचेतादक्ष द्वारा पुत्रों को शिक्षा दिये जाने की चर्चा की। उन्होंने कहा कि शास्त्र का नियम है कि 50 वर्ष के बाद 51 से 59 वर्ष तक एक-एक करके अपने पुत्र को समय रहते जिम्मेवारी सौंप देनी चाहिए। यदि बेटा घर का कार्य करने के लायक हो गया तो पिता को मालिक का कार्य त्याग कर बेटा को दायिव देना चाहिए। साठ साल के बाद पारिवारिक स्वामित्व नहीं छोड़ने पर पुत्रों की उलाहना सुननी पड़ती है।

स्वामी जी ने कहा कि मंत्र का मतलब विद्या, ज्ञान और विज्ञान होता है। विद्या को मानव का आभूषण कहा गया है। विद्या पाकर अगर विनम्रता नहीं आयी तो वह सही विद्या नहीं; क्योंकि शास्त्रों की मान्यता है कि विद्या ददाति विनयम्।

उन्होंने निराकार और साकार ब्रह्म की चर्चा करते हुए कहा कि ब्रह्म शब्द तभी सही होगा, जब आकार हो। जब कोई आकार नहीं तो वह ब्रह्म नहीं कहलायेगा। जैसे बांझ के पुत्र को मानना। यदि मां बांझ है, तो उसका पुत्र कैसे बंध्या और माता दोनों शब्द आपस में व्याघातक हैं। जो बंध्या है, वह माता नहीं। जो माता है, वह बंध्या नहीं है।

उसी तरह जो ब्रह्मा है, उसका आकार है और जो आकारहीन है, वह ब्रह्म नहीं है। मानस में आया है कि निराकार ब्रह्म ही साकार ब्रह्म का रूप ले लेता है। जब भक्त की साधना चरम अवस्था पर पहुंचती है तो वह निराकार तव साकार रूप ग्रहण कर अवतरित होता है। जैसे घड़ा में जल भरा है, तो यह साकार है। जब यह जल धूप से वाष्प में बदल जाता है तो यही निराकार है। जब वाष्प ठंठा होता है, तो वह जस्व का रुप ले लेता है। निराकार और साकार में कोई तालिक मेद नहीं है, " अगुन सगुन नहीं कुहर मदो। परमात्मा के जिज्ञासु इस विन्दु पर विचार नहीं करवे। वे परमात्मा की प्राप्ति के लिए उपाय करते हैं। परमात्मा को जान लेने के बाद निराकार-साकार का भेद स्वत : रवतम हो जाता है।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

# नशे के अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई के निर्देश, सीमावर्ती इलाकों में बढ़ेगी निगरानी

## डीएम ने बैठक में पुलिस-एसएसबी को संयुक्त अभियान चलाने को कहा

**मोतिहारी(एनएसबी)।** मादक पदार्थो के अवैध व्यापार, भंडारण, परिवहन और सेवन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन ने सख्ती तेज करने का निर्णय लिया है। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डा. राधाकृष्णन सभागार में जिला स्तरीय छब्व्त्क (नार्को-कोअर्डिनेशन) समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ नियमित छापेमारी अभियान चलाने और पकड़े गए लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि नेपाल सीमा से जुड़े क्षेत्र, खासकर रक्सौल और ढाका अनुमंडल, मादक पदार्थो की तस्करी के लिहाज से संवेदनशील हैं। इन क्षेत्रों में पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के पदाधिकारी संयुक्त रूप से विशेष सतर्कता बरतते हुए लगातार अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि नेपाल सीमा से लगे किलोमीटर जीरो से 15 किलोमीटर तक के क्षेत्र पर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है।



बैठक मेंउपस्थित अधिकारी।

बैठक में एसएसबी के कमांडेंटों और पुलिस अधिकारियों ने मादक पदार्थो के खिलाफ चलाए गए अभियानों की जानकारी दी। 47वीं बटालियन एसएसबी रक्सौल के कमांडेंट ने बताया कि पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई में पिछले एक माह के दौरान गांजा, स्मैक और चरस बरामद किया गया है तथा कई तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। तस्करी में शामिल लोगों के विरुद्ध कार्रवाई जारी है।

71वीं बटालियन एसएसबी पिपराकोठी के कमांडेंट ने बताया कि स्थानीय पुलिस के सहयोग से नारकोटिक्स और मानव तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई लोगों की गिरफ्तारी की गई है। साथ ही संदिग्ध दवा दुकानों पर भी छापेमारी की गई है।

बैठक में पुलिस अधिकारियों ने जिले में हुई कार्रवाई का ब्योरा प्रस्तुत किया। सदर मोतिहारी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि जुलाई माह में नगर थाना क्षेत्र से 4 किलो अफीम जब्त की गई, जिसमें पांच लोगों की गिरफ्तारी हुई। इसके अलावा 6000 प्रतिबंधित इंजेक्शन भी बरामद किए गए। रघुनाथपुर और तुरकौलिया थाना क्षेत्रों में 234 ग्राम गांजा बरामद कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। ढाका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में 650 किलो अफीम और 100 ग्राम गांजा जब्त किया गया, जबकि पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं रक्सौल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने जानकारी दी कि पिछले एक माह में 11 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 29 किलो गांजा, 150 ग्राम स्मैक और 17 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गयास सहायक आयुक्त मद्य निषेध ने बताया कि शराब के अवैध कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई में एक माह के दौरान 87 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 1244 लीटर विदेशी शराब और 16355 लीटर देसी शराब जब्त की गई। साथ ही 36 वाहनों को भी जब्त किया गया। नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र सदर अस्पताल में आठ लोगों को भर्ती कराया गया है।बैठक में जिला षि पदाधिकारी ने उर्वरक के अवैध व्यापार के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2026 से जुलाई तक 749 छापेमारी की गई, जिसमें 26 मामलों में अनियमितता मिली। इनमें 14 मामलों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पिछले एक माह में चार दुकानों की अनुज्ञप्ति रद्द और दो दुकानों की अनुज्ञप्ति निलंबित की गई है। आठ उर्वरक विक्रेताओं से स्पष्टीकरण मांगा गया है।डीएम ने निर्देश दिया कि सीमा सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस मिलकर तस्करी के खिलाफ अभियान चलाएं। सीमावर्ती क्षेत्रों में खाद दुकानों के स्टक का नियमित सत्यापन किया जाए। उन्होंने रेलवे स्टेशनों पर भी विशेष निगरानी रखने, संदिग्ध लोगों से पूछताछ करने और सीमावर्ती इलाकों में रोको-टोको अभियान चलाने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि मादक पदार्थो का बढ़ता चलन विशेषकर युवाओं के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इसका दुष्प्रभाव व्यक्ति, परिवार और समाज पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि इसके नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को संयुक्त रूप से प्रभावी कार्रवाई करनी होगी।बैठक में एसएसबी की 71वीं, 20वीं और 47वीं बटालियन के कमांडेंट, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, औषधि नियंत्रक, अधीक्षक मद्य निषेध, डीपीओ आईसीडीएस, जिला शिक्षा पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तथा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो मोतिहारी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# चंपारण चैम्पियन कैरम व शतरंज प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

### जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिला खेल भवन, मोतिहारी में आयोजित जिला स्तरीय चंपारण चौम्पियन कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता2026 का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला खेल पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया।प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखंडों से कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता में प्रखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा, एकाग्रता और कौशल का बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता को रोमांचक बना दिया। समापन समारोह में जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री राजन कुमार गिरी ने चयनित खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र, मेडल एवं स्मृति-चि प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार अभ्यास और मेहनत जरूरी है। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कैरम प्रतियोगिता (912 वर्ष वर्ग) में संदीप कुमार, राजा बाबू (डबल्स) एवं रकी कुमार ने बेहतर प्रदर्शन किया। वहीं शतरंज प्रतियोगिता में तुरकौलिया के मो़ अरशद एवं केसरिया के संजीव कुमार विजेता रहे। बालिका वर्ग में केसरिया की रिया कुमारी एवं अमृता कुमारी ने सफलता हासिल की।प्रतियोगिता के सफल संचालन में अरविंद कुमार एवं भानु प्रकाश की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर एपीओ सर्व शिक्षा अभियान दिलीप कुमार, मीडिया प्रभारी शकील अहमद, खेल भवन के रमेश कुमार, तकनीकी पदाधिकारी राजीव कुमार सहित कई खेल पदाधिकारी, प्रशिक्षक, शिक्षक, अभिभावक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सभी शारीरिक शिक्षकों को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना, कैरम एवं शतरंज जैसे बौद्धिक खेलों को बढ़ावा देना तथा चयनित खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है।



उदृघटन करते अतिथि

# नव नियुक्त 100 पैरा लीगल वलांटियर्स को दिया गया विधिक सेवा का प्रशिक्षण

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूर्वी चंपारण के तत्वावधान में नव नियुक्त पैरा लीगल वलंटियर्स (च्स्टे) के लिए इंडक्शन एवं क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिविल कोर्ट परिसर स्थित एडीआर भवन में आयोजित इस प्रशिक्षण में जिले के 100 नव चयनित च्स्टे ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन एडीजे-1 सुरेन्द्र प्रसाद, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (ब्श्रड) पुनीत कुमार तिवारी एवं डीएलएसए सचिव नितिन




कार्यक्रम मेंउपस्थित लोग।

त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर ल फाउंडेशन के निदेशक प्रवीण कुमार सहित संस्था के सदस्य शुभेंदु कुमार, सुश्री दीपशिखा, सुश्री रिया एवं आनंद उपस्थित रहे।डीएलएसए सचिव नितिन त्रिपाठी ने अपने संबोधन में च्स्टे को उनके दायित्वों, कर्तव्यों एवं कार्य प्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर, जरूरतमंद एवं वंचित लोगों तक निःशुल्क विधिक सहायता पहुंचाने में पैरा लीगल वलंटियर्स की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी च्स्टे से ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान डीएलएसए के सहायक श्री राजेश कुमार ने प्राधिकरण की कार्यप्रणाली एवं विभिन्न प्रक्रियाओं से प्रतिभागियों को अवगत कराया। वहीं ल फाउंडेशन के संसाधन व्यक्ति श्री सुनील झा ने विस्तृत प्रशिक्षण देते हुए डीएलएसए की भूमिका, पक्सो अधिनियम एवं किशोर न्याय से संबंधित कानूनों की जानकारी दी।कार्यक्रम के समापन पर नव नियुक्त च्स्टे को प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी का उपयोग करते हुए समाज में विधिक जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंद लोगों तक न्यायिक सहायता पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया।

# बाढ़ के दौरान मरीजों की देखभाल को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**मोतिहारी(एनएसबी)।** परियोजना के अंतर्गत सदर अस्पताल परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार, मोतिहारी में स्वास्थ्य कर्मियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में पूर्वी चम्पारण जिले के चार विकास प्रखंडों के विभिन्न स्तर के स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य मानसून बाढ़ के दौरान गैर संचारी रोग (छब्क) से ग्रसित मरीजों को निरंतर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करना था।प्रशिक्षण के पहले दिन 29 जुलाई को चिकित्सा पदाधिकारी (ड०), प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक (ठभ्ड), फार्मासिस्ट एवं प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक (ठब्ड) शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन एवं ट्रीटमेंट प्रोटोकल फर मेडिकल अफिसर मड्यूल का विमोचन अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (।ब्ड०) ड़ एस़ एऩ सत्यार्थी, जिला महामारी रोग विशेषज्ञ ड़ राहुल कुमार एवं जिला सामुदायिक उत्प्रेरक श्री नंदन झा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने बाढ़ की स्थिति में गैर संचारी रोगियों को आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने और स्वास्थ्य कर्मियों की बेहतर तैयारी पर जोर दिया।प्रशिक्षण के दूसरे दिन 30 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (ब्भ्०) एवं एएनएम को प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक (क्ड) श्री ठाकुर विश्वमोहन द्वारा ब्भ्० एवं ।छड के लिए तैयार की गई सहायक पुस्तिका ष्ट्रीटमेंट प्रोटोकल फर ब्भ्० एंड ।छडष् का विमोचन किया गया। यह पुस्तिका बाढ़ के दौरान छब्क मरीजों की देखभाल में स्वास्थ्य कर्मियों के लिए मार्गदर्शिका के रूप में उपयोगी होगी।कार्यक्रम के तीसरे दिन 31 जुलाई को आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा फैसिलिटेटरों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अखिलेश कुमार, ।क्ड०, ठाकुर विश्वमोहन, क्ड एवं नंदन झा, क्ब्ड द्वारा आशा एवं आशा फैसिलिटेटर के लिए तैयार ष्आशा फील्ड गाइडष् पुस्तिका का विमोचन किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में स्वास्थ्य कर्मियों को बाढ़ के समय उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर सहित अन्य गैर संचारी रोगों से पीड़ित मरीजों की पहचान, उपचार जारी रखने, दवा प्रबंधन एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने के संबंध में जानकारी दी गई।




बैठक में शामिल लोग।

थ्स्ढ्छ एक शोध परियोजना है, जिसे छप्भ्त्, यूनाइटेड किंगडम द्वारा वित्त पोषित किया गया है। बिहार में इस परियोजना का नेतृत्व प्रो़ (ड़) रत्ना अमृत, परियोजना प्रभाव प्रमुख, कर रही हैं। परियोजना का उद्देश्य उत्तर बिहार के पूर्वी चम्पारण, मुजफ्फरपुर एवं दरभंगा जिलों में मानसून बाढ़ के दौरान छब्क मरीजों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था को मजबूत करना है।प्रशिक्षण का संयोजन ड़ रविकांत सिंह, अधिकारी प्रभारी, भ्ठब्भ्ब्, मुजफ्फरपुर द्वारा राज्य स्वास्थ्य समिति (ैभ्), बिहार के सहयोग से किया गया। प्रशिक्षण में ॅभ् परामर्शदात्री एवं राज्य छब्क प्रकोष्ठ, ैभ् बिहार की ड़ तुलिका सिंह, ैब्ज्प्डैज तिरुवनंतपुरम की ड़ श्रीजिनी, भ्ठब्भ्ब् मुजफ्फरपुर के ड़ निशांत कुमार, महावीर कैंसर संस्थान पटना के ड़ अभिनव कुमार, राज्य मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदात्री ड़ प्रीति बाजपेई, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक (आयुष) ड़ रजनीश कुमार, प्ळप्डै पटना की क्लिनिकल साइकोलजिस्ट ड़ प्रिया कुमार, राज्य आशा प्रशिक्षक मुकुल कुमार एवं रवि प्रकाश तथा पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट नीरज कुमार ने योगदान दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### पंचायत समिति बैठक से अधिकारी नदारद

**पीपराकोठी(एन एस बी )।** मडल स्कूल के सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विकास योजनाओं के बजाय अधिकारियों की अनुपस्थिति और विभागों की लापरवाही मुख्य चर्चा का विषय रही। कई विभागों के पदाधिकारी बिना किसी पूर्व सूचना के बैठक से अनुपस्थित रहे। कुछ विभागों ने जिम्मेदार अधिकारियों के स्थान पर ऐसे कर्मचारियों को भेजा, जो जनप्रतिनिधियों के सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। पशुपालन विभाग ने बैठक में अपने परिचारी को प्रतिनिधि बनाकर भेजा। इसी तरह, शिक्षा विभाग ने बीईओ के बजाय बीआरसी में प्रतिनियुक्त एक शिक्षक को भेजा, जिन्हें अपने ही विभाग के बीईओ का नाम तक पता नहीं था। आईसीडीएस विभाग की ओर से सीडीपीओ के स्थान पर भेजी गई पर्यवेक्षिका भी जनप्रतिनिधियों के सवालों का जवाब देने में असमर्थ रहीं। बैठक में उपस्थित विधायक प्रमोद कुमार ने इसे जनप्रतिनिधियों और पंचायत समिति की खुली अवमानना बताते हुए कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बिना सूचना के अनुपस्थित सभी अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगने और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अधिकारियों की गैर-जिम्मेदाराना कार्यशैली पर तीखी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारी स्वयं बैठक में गंभीरता नहीं दिखाते, तो आम जनता की समस्याओं का समाधान कैसे होगा। जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि अगली बैठक में यही रवैया रहा, तो संबंधित विभागों के खिलाफ और सख्त कदम उठाने की मांग की जाएगी।

### बापूधाम रेलवे स्टेशन पर बाल सहायता समूह की बैठक

**मोतिहारी(एनएसबी)** बापूधाम रेलवे स्टेशन परिसर में बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण एवं त्वरित सहायता को लेकर बाल सहायता समूह की बैठक आयोजित की गई। बैठक स्टेशन अधीक्षक कार्यालय के सभागार में हुई, जिसमें रेलवे प्रशासन, बाल संरक्षण विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन, रेलवे सुरक्षा बल (त्च्थ्), सरकारी रेलवे पुलिस (ळत्च्) सहित बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।बैठक में रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले बच्चों,




बाल सहायता समूह की बैठक।

लापता एवं असहाय बच्चों की पहचान, उनकी सुरक्षा, मानव तस्करी की रोकथाम, बाल श्रम, बाल विवाह एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों को रोकने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि संकटग्रस्त या जरूरतमंद बच्चे की सूचना मिलने पर सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। बैठक में रेलवे स्टेशन एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमित जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया, ताकि बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सके।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने बच्चों के संरक्षण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संयुक्त प्रयास करने तथा बाल सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### चकिया-केसरिया पथ पर पेड़ गिरने से यातायात रहा ठप,पेड़ हटने पर यातायात हुआ शुरू

**चकिया।** शहर स्थित घंघटी माई स्थान के निकट चकिया-केसरिया मुख्य पथ पर शुक्रवार को सुबह में एक पेड़ भरभरा कर गिर गया। जिससे सड़क पर छोटी,बड़ी वाहनों का परिचालन पूरी तरह ठप हो गया। सड़क के किनारे थोड़ी सी जगह बची थी। उस जगह से बड़ी मुश्किल से बाइक की आवागमन होता रहा। गनीमत रही कि पेड़ गिरने से जानमाल को कोई गंभीर क्षति नही हुई। हांलाकि एक बाइक सवार आंशिक रूप से चोटिल हो गया। चोटिल बाइक सवार युवक ने कहा कि गिरते पेड़ को देख वे असंतुलित हो गए। उन्होने बचने का काफी प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद भी उनके कंधे और गर्दन में चोट आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि युवक हेलमेट में थे अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता।केसरिया कैथवलिया विराट रामायण मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह महत्वपूर्ण मार्ग है। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए गिरे पेड़ को किनारे किया। इन सबों के बीच करीब आधे घण्टे तक सड़क पर वाहनों का परिचालन प्रभावित रहा। लोगों ने बताया कि आसपास के कई पेड़ सड़क पर लटके हुए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### डीडीसी ने ग्रामीण विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा, आवास योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार ने जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) के कार्यो की समीक्षा समाहरणालय स्थित ड़ राजेंद्र प्रसाद सभागार में की। समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) सहित विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई और अधिकारियों को लंबित कार्यो को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया।बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 2024-25 एवं 2025-26 की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध बड़ी संख्या में आवासों की स्वीति दी जा चुकी है, जबकि कुछ आवासों की स्वीति लंबित है। डीडीसी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित आवासों की स्वीति एक सप्ताह के अंदर नियमानुसार पूर्ण करें। यदि कोई मामला रिमांड योग्य हो तो तत्काल नियमानुसार कार्रवाई करें।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तृतीय किस्त प्राप्त करने वाले लाभुकों के आवास निर्माण में तेजी लाने की जरूरत है। समीक्षा में पाया गया कि जिले में कई लाभुकों को तीसरी किस्त का भुगतान किया जा चुका है, लेकिन कुछ आवास अभी भी अपूर्ण हैं। डीडीसी ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि तृतीय किस्त प्राप्त लाभुकों को मनरेगा के तहत 90 कार्य दिवस की मजदूरी उपलब्ध कराते हुए आवासों को शीघ्र पूर्ण कराएं।आवास योजना के तहत किस्त भुगतान से संबंधित अर्डरशीट तैयार करने की स्थिति की भी समीक्षा की गई। डीडीसी ने लंबित अर्डरशीट को शीघ्र तैयार करने और एसएनए स्पर्श के माध्यम से प्राप्त राशि का शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कम भुगतान वाले प्रखंडों के अधिकारियों को विशेष रूप से तेजी लाने को कहा।बैठक में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना (2018-19 से 2025-26) और मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना (2023-24 से 2025-26) की भी समीक्षा की गई। दोनों योजनाओं के तहत स्वीत आवासों में लंबित मामलों को नियमानुसार पूरा कराने का निर्देश सभी बीडीओ को दिया गया। डीडीसी ने एरिया अफिसर ऐप के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के निरीक्षण की स्थिति पर नाराजगी जताई। समीक्षा में पाया गया कि जुलाई माह में कई प्रखंडों में निरीक्षण कार्य नहीं किया गया है। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अविलंब एरिया अफिसर ऐप के माध्यम से शत-प्रतिशत निरीक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों सहित सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी मौजूद थे। डीडीसी ने कहा कि आवास योजनाओं का लाभ समय पर लाभुकों तक पहुंचाना और लंबित कार्यो का निष्पादन प्रशासन की प्राथमिकता है।



समीक्षा करते डीडीसी।

### मिशन शक्ति व मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना की डीएम ने की समीक्षा, पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाने का निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** मिशन शक्ति एवं मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय संचालन समिति की बैठक शुक्रवार को समाहरणालय स्थित जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव ने की।बैठक में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी सुश्री निधि कुमारी ने मिशन शक्ति एवं मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के तहत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे योजनाओं की प्रगति से समिति को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उनके क्रियान्वयन में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए।बैठक में महिला सशक्तिकरण, जागरूकता कार्यक्रम, कौशल विकास, स्वरोजगार, वित्तीय समावेशन तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।बैठक में सचिव डीएलएसए नितिन त्रिपाठी, सिविल सर्जन ड़ दिलीप कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री राजन कुमार गिरी, जिला योजना पदाधिकारी श्री राहुल कुमार, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री राजेंद्र कुमार पांडे सहित जिला स्तरीय संचालन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### पंचायत समिति की बैठक में सीएससी में डॉक्टरों की अनुपलब्धता पर निंदा प्रस्ताव पारित

#### सोलर लाइट की गुणवत्ता और विकास योजनाओं पर भी उठे सवाल

**पीपराकोठी(एनएसबी)।** मडल स्कूल के सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रमुख रजनीश कुमार ने की, जबकि बीडीओ दिनेश कुमार सिंह ने संचालन किया। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह विधायक प्रमोद कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत पिछली बैठक में पारित प्रस्तावों और शिकायतों की समीक्षा से हुई। बैठक के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक भी नियमित चिकित्सक नहीं होने पर जनप्रतिनिधियों ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। इस मुद्दे पर सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। कई विभागों के पदाधिकारियों के बिना सूचना अनुपस्थित रहने और कुछ अधिकारियों द्वारा अपने स्थान पर कर्मियों को भेजने पर विधायक प्रमोद कुमार ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगे जाने का निर्देश दिया। बैठक में पीएचईडी, नल-जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, भूमिहीनों को भूमि उपलब्ध कराने, दाखिल-खारिज, शौचालय निर्माण, स्वच्छता, बाल विकास परियोजना, षि एवं उर्वरक वितरण, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विकास योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। जनप्रतिनिधियों ने पंचायतों में लगाई गई स्ट्रीट सोलर लाइटों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि अधिकांश लाइटें लगने के कुछ ही दिनों बाद खराब हो गईं, जिसकी उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की गई। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए प्रत्येक जनहित के मुद्दे का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को जनता के प्रति जवाबदेह बताया और अनुपस्थित रहने या लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सरकार तक बात पहुंचाने का आश्वासन दिया। प्रमुख रजनीश कुमार ने कहा कि पंचायत समिति की बैठक केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं के समाधान का मंच है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को समय पर बैठक में उपस्थित होकर जनप्रतिनिधियों के सवालों का जवाब देने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में सीओ कुमार राघवेंद्र कुमार राघवन, उपप्रमुख योगी मांझी, बीपीआरओ श्वेता सुमन, बीपीएम सर्वेश कुमार सुधांशू, मुखिया हेमंत कुमार, रामनाथ प्रसाद यादव, पंचायत समिति सदस्य किरण कुमारी, मनोरंजन पांडेय, रीतज कुमार, मुसाफिर महतो, मुन्ना साह सहित कई जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एमएलटी कॉलेज के कर्ण सिंह ने 60 कि० में रजत पदक प्राप्त किया।



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** एमएलटी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सुधीर कुमार सिंह के द्वारा मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर हौसला अफजाई एवं शुभकामनाएं दी। एमएलटी कॉलेज के खिलाड़ियों ने ऑल ओवर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कराटे में एमएलटी कॉलेज के कर्ण सिंह ने 60 कि० में रजत पदक प्राप्त किया। अंशू सिन्हा 50 कि० में प्रथम स्थान एवं अंशु कुमारी 45 कि० में रजत पदक प्राप्त किया। मनमोहन चैधरी ने 84 कि० में स्वर्ण पदक एवं वुशू में 60 कि० में कर्ण सिंह स्वर्णपदक एवं मनमोहन चैधरी ने 84 कि० में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर क्रीड़ा प्रभारी प्रिय रंजन एवं महाविद्यालय के वरीय शिक्षक डॉ सुमन कुमार, डॉ बलबीर कुमार झा, डॉ संजीव कुमार, शिंकू कुमार, अमित कुमार सिंह, एवं शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मियों ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामना दिया।

### सेवा संवाद-समाधान' कार्यक्रम में एसपी विक्रम सिहाग ने सुनी आम लोगों की समस्याएं, त्वरित कार्रवाई का दिया निर्देश

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले में आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित समाधान को लेकर सहरसा पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के द्वारा ह्यसेवा संवाद-समाधान सीधा संवाद, त्वरित समाधानह्ल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही शिकायतों के त्वरित निष्पादन एवं प्रभावी समाधान को लेकर दिशा-निर्देश भी दिए गए। पुलिस प्रशासन की ओर से बताया गया कि आम लोगों की शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल है। जनसंवाद के माध्यम से लोगों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनके निराकरण की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।




### मोबाइल छिनतई मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार, सदर थाना पुलिस को मिली सफलता।

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले में पुलिस अधीक्षक सहरसा के निर्देश पर फरार एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सदर थाना पुलिस ने मोबाइल छिनतई मामले में एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 17 जुलाई 2026 को सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बैराहा के पास मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति से मोबाइल फोन छीन लिया गया था। मामले को लेकर पीड़ित के लिखित आवेदन के आधार पर सदर थाना कांड संख्या 840/26, धारा 309(4) बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। घटना के उद्भेदन एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने प्रभावशाली छापेमारी करते हुए कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त गोल्डी कुमार उर्फ संजन कुमार, पे.-स्व. बिनोद मंडल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष अजय कुमार पासवान सहित शस्त्र बल थे।

### नैहर आई महिला लापता, बरामदगी की गुहार।

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर क्षेत्र के मनौरी गांव स्थित अपने नैहर आई 46 वर्षीय एक महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। महिला मानसिक रूप से असंतुलित बताई जा रही है। घटना को लेकर परिजनों ने सोनवर्षा थाना में आवेदन देकर बरामदगी की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार, महिषी थाना क्षेत्र के महेसरों पंचायत अंतर्गत सरौनी गांव निवासी मीना देवी 28 जुलाई को अकेले अपने पिता संतलाल साह के घर, मनौरी आई थीं। इसके बाद से वह अचानक लापता हो गईं। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। महिला के पुत्र इन्द्रदेव कुमार ने सोनवर्षा थाना में दिए आवेदन में बताया है कि उनकी मां मानसिक रूप से असंतुलित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व भी उनकी मां अपने गांव सरौनी से लापता हो गई थीं, जिन्हें सलखुआ प्रशासन के सहयोग से सकुशल बरामद किया गया था। इस संबंध में सोनवर्षा थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया कि महिला की तलाश की जा रही है तथा मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



### बिना निबंधन के दौर रही है गाड़ी

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर क्षेत्र में सफाई कर्मियों द्वारा अधिकृत रूप से दो टीपर, एक ट्रैक्टर ट्रॉली एवं एक टैंक है। लेकिन इन सभी वाहनों को वर्षों से बिना निबंधन के परिचालित किया जा रहा है। ऐसे में नगर प्रशासन सवालों के घेरे में आ गया है। जो नगर प्रशासन खुद साफ सफाई, होर्डिंग सहित अन्य कार्य हेतु आमजनों से टैक्स लेता है वो खुद अपने वाहनों का परिचालन बिना निबंधन के कर रहा है। ऐसे में एक तो राजस्व की चोरी की जा रही है वही दुर्घटना होने पर कर्मियों को बीमा कंपनी कोई पैसा भी नहीं देगी क्योंकि बिना निबंधन के वाहन वैध नहीं होता है। यदि वाहन चोरी हो जाए या उसका गलत इस्तेमाल हो, तो पुलिस असली मालिक को नहीं भी ढूंढ पाएगी जाहिर है बिना निबंधित वाहनों की फिटनेस की जांच नहीं हो पाएगी। जिससे ब्रेक फेल या अन्य तकनीकी खराबी का खतरा बना रहता है। बताते चलें की नगर प्रशासन साफ सफाई कार्यों के लिए प्रति माह करीब साढे 9 लाख रुपए कार्य एजेंसी को भुगतान करती है। लेकिन अपने वाहनों के निबंधन पर हजारों खर्च करने से परहेज कर गैर कानुनी काम कर रही है। उक्त बाबत ईओ नवीन कुमार ने कहा की निबंधन तो होना चाहिए, हो सकता है वाहनों पर अंकित नहीं किया गया हो।



### पुलिस उपमहानिरीक्षक ने एसपी कार्यालय का निरीक्षण किया



**सहरसा (एनएसबी)।** शुक्रवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक कोसी क्षेत्र कुमार आशीष द्वारा पुलिस अधीक्षक सहरसा कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा जिला पुलिस कार्यालय की सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सभी कामकाजों, दस्तावेजों की विस्तृत समीक्षा की एवं बेहतर पुलिस व्यवस्था के लिए, आम जनों को ससमय विभिन्न सेवाएं मुहैया करवाने के लिए, पुलिस में तकनीक के नवाचारों का प्रयोग करने के लिए, पुलिस के कार्यों में और पारदर्शिता एवं कार्य क्षमता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण मूल्यवान निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक सहरसा द्वारा निरीक्षणोपरांत को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

# 19 वर्षों से बिना भवन के संचालित हो रहा नव प्राथमिक विद्यालय, दरी पर बैठकर पढ़ने को मजबूर बच्चे

## एसएनएस कालेज में विदाई सह सम्मान समारोह व पुस्तक विमोचन कार्यक्रम आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय में शुक्रवार को भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो डॉ अशोक कुमार सिंह के द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह एवं पुस्तक विमोचन समारोह का शुभारंभ किया गया। वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अनिरुद्ध कुमार के सेवानिवृत्त होने पर प्रधानाचार्य डा अनंत कुमार सिंह, महाविद्यालय निरीक्षक साइंस प्रो.डॉ अशोक, अधिषद् सदस्य डॉ संजीव शंकर एवं डॉ कुमारी सीमा ,शिक्षक संघ सचिव डॉ रंजय कुमार सिंह तथा महाविद्यालय के सभी वरिष्ठ शिक्षक, अतिथि शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तर कर्मियों के द्वारा पाग, चादर, माला, बुके ,अंगवस्त्र तथा बैग देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कुलसचिव प्रो डॉ अशोक कुमार सिंह ने कहा कि डॉ अनिरुद्ध कुमार अपने सहकर्मियों, छात्र-छात्राओं के बीच बहुत ही लोकप्रिय रहे और महाविद्यालय के सभी गतिविधियों में महती भूमिका निभाते रहे। उन्होंने अनिरुद्ध कुमार को नए पारी की शुभकामनाएं दी साथ ही उनके स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना की। इसके अलावा श्री सिंह ने अपने संबोधन में फंडामेंटल आफ होम साइंस पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि डॉ ममता कुमारी द्वारा लिखित यह पुस्तक छात्रों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। महाविद्यालय निरीक्षक प्रो डॉ अशोक ने कहा कि डॉ अनिरुद्ध कुमार महाविद्यालय के किसी भी कठिन से कठिन कार्य को आसानी से संपादित करते थे। प्रधानाचार्य डॉ अनंत कुमार सिंह ने कहा कि वनस्पति विभाग से आज एक विद्वान शिक्षक सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इनकी कमी महाविद्यालय को सदा खलेगी। सीनेट सदस्या डॉ कुमारी सीमा ने कहा कि महाविद्यालय परिवार उनके सदा स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना करता है। महाविद्यालय शिक्षक संघ के सचिव डॉ रंजय कुमार सिंह ने कहा कि एक हंसमुख शिक्षक महाविद्यालय से कार्यकाल पूरा कर आज सेवानिवृत हो रहे हैं। प्रयोगशाला प्रभारी अनीश कुमार ने कहा कि विभाग से आज एक विद्वान शिक्षक के साथ हमारे अविभावक की विदाई हो रही है। गृह विज्ञान की शिक्षिका डॉ ममता कुमारी ने अपने पुस्तक पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि यह पुस्तक विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों तथा विषय के गंभीर पाठकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी और ज्ञान-विमर्श की परंपरा को समृद्ध करने में अपना विनम्र योगदान देगी। विदाई सह सम्मान समारोह और पुस्तक विमोचन कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ अनंत कुमार सिंह ने की जबकि मंच संचालन डॉ रंजय कुमार सिंह ने किया। डॉ अनिरुद्ध कुमार ने अपने संबोधन में भावुक होते हुए कहा कि मैं महाविद्यालय से अपना कार्यकाल पूरा कर विदा हो रहा हूं। आप लोगों के द्वारा दिया गया आदर और सम्मान सदैव अपने दिल में रखूंगा। विदाई समारोह में संस्कृत विभाग के पूर्व शिक्षक एवं कुमार के बड़े भाई डॉ इंद्र नारायण कुमर, डॉ अवधेश कुमार मिश्रा, बर्सर डॉ कपिलदेव पासवान, डा महानंद सदा, डॉ अशोक सिंह, प्रो गौतम कुमार सिंह, अशोक पांडे ,डॉ लीना कुमारी, डॉ सुमन स्वराज, डॉ. गौरी कुमारी, डॉ अभय नाथ पाठक, डा जीनत आफसं, डा गायत्री, डा रचित, डॉ सैयद रबाब फातिमा, डॉ सुभाष कुमार, डा सुलेखा कुमारी, डा खुशबू कुमारी, डा सत्य वाला, डा ज्योति, डा कुमारी प्रीति सिंह, डा सुधांशु शेखर, डॉ राजीव, डॉ राजकुमार, डॉ शालिनी, ओमप्रकाश पंडित, मनीष कुमार सिंह, तौसीफ आलम, उदय कुमार, विश्वजीत कुमार के साथ शिक्षक, शिक्षकेत्तर छात्र एवं छात्राएं विदाई समारोह में उपस्थित थे।




विदाई सह सम्मान समारोह में अतिथि।

## विधायक संजय कुमार सिंह ने पुल-नालियों के मरम्मत का दिए शख्त निर्देश, विकास कार्यों में शून्य सहनशीलता का संदेश

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** बिहार के सिमरी बख्तियारपुर विधान सभा क्षेत्र-76 के विधायक संजय कुमार सिंह ने आज सलखुवा प्रखंड के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का स्थल निरीक्षण कर प्रगति और आवश्यक व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। विधायक ने कहा कि जन सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़, सुरक्षित एवं सुगम बनाने तथा विकास कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान विधायक ने चोराही ग्राम स्थित चोराही पुल, कुरलाही पुल, लगजोड़ा पुल तथा सुलिस फाटक का विशेष ध्यानपूर्वक निरीक्षण किया। किसानों को हो रहे जलभराव एवं जल निकासी की समस्याओं को देखते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कार्यकारी एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी आवश्यक मरम्मत एवं सुधारात्मक कार्य तीन दिनों के भीतर निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किए जाएँ ताकि किसानों एवं आमजन को सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल सके। विधायक ने यह भी सख्ती से कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा गुणवत्ता से समझौता किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। हर कार्य को पूर्ण पारदर्शिता, निर्धारित समय-सीमा और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा किया जाना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, डीएफओ, बीडीओ सलखुआ, सीओ, आरओ, जल संसाधन विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी तथा कर्मी उपस्थित थे। मौके पर अधिकारियों ने कार्यों की समीक्षा करते हुए शीघ्रता से आवश्यक कार्रवाई शुरू करने का आश्वासन दिया।



स्थल निरीक्षण करते विधायक।

## सेवानिवृत्ति पर डॉ. राकेश कुमार सिंह को भावभीनी विदाई

### डॉ.अनिल कुमार ने संभाला विभागाध्यक्ष का प्रभार



**सहरसा षहर (एनएसबी)।** बी.एन.मंडल विश्वविद्यालय के पश्चिमी परिसर स्थित स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राकेश कुमार सिंह शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विभाग में आयोजित सादे एवं गरिमामय समारोह में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। डॉ.सिंह ने विभागाध्यक्ष का प्रभार विभाग के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ.अनिल कुमार को विधिवत सौंपा। समारोह की अध्यक्षता पश्चिमी परिसर प्रभारी सह हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.लाला प्रवीण सिन्हा ने की। वक्ताओं ने डॉ.राकेश कुमार सिंह के दीर्घ शैक्षणिक जीवन, प्रशासनिक दक्षता तथा विश्वविद्यालय एवं विभाग के प्रति उनके योगदान की चर्चा की। उन्होंने कहा कि डॉ.सिंह ने अपने सेवाकाल में अध्यापन के साथ विभिन्न दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया। सभी ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। डॉ.अनिल कुमार को अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष का प्रभार मिलने पर उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में विभाग के शैक्षणिक एवं अकादमिक विकास की उम्मीद जताई। कार्यक्रम में मैथिली विभागाध्यक्ष डॉ.रमणकांत चैधरी, राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ.श्याम मोहन मिश्रा, मैथिली विभाग के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक सह परमहंस लक्ष्मीनाथ गोसाई चेयर के निदेशक डॉ.अरुण कुमार सिंह, हिंदी विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ.जैनेन्द्र कुमार, मैथिली विभाग की डॉ.गीता कुमारी, इतिहास विभाग की डॉ.ममता रानी एवं डॉ.अंजु कुमारी, राजनीति विज्ञान विभाग की डॉ.कविता कुमारी तथा डॉ.प्रेम शंकर सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।इस अवसर पर पश्चिमी परिसर के वरिष्ठ कर्मचारी सत्य प्रकाश प्रभात कुमार, आशीष कुमार सिंह, सुनील सिंह, रामनारायण ठाकुर, अशोक मलिक एवं सुरेंद्र सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी और छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे। समारोह के अंत में डॉ.राकेश कुमार सिंह को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने उनके सुखद एवं स्वस्थ सेवानिवृत्त जीवन की मंगलकामना करते हुए उन्हें विदाई दी।

## हिंदी साहित्य के युगप्रवर्तक कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गयी

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राजकीय डिग्री महाविद्यालय सत्तरकटैया में हिंदी साहित्य के युगप्रवर्तक कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डॉ इंदु कुमार ने कहा कि प्रेमचंद केवल साहित्यकार नहीं, बल्कि समाज सुधारक थे। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे प्रेमचंद को पाठ्यक्रम से आगे जाकर पढ़ें और उनके आदर्शों को जीवन में उतारें। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन डॉ.मयंक भार्गव ने किया। उन्होंने सभी वक्ताओं, विद्यार्थियों और कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने भी अपने विचार रखे। अर्थपाल डॉ.विवेक प्रकाश सिंह ने प्रेमचंद के साहित्य को ग्रामीण जीवन, शोषण और मानवीय संवेदनाओं का दस्तावेज बताते हुए कहा कि उनके उपन्यास और कहानियाँ आज भी हमें सामाजिक न्याय और समानता का पाठ पढ़ाते हैं। गोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ.अमीश कुमार ने प्रेमचंद के कालखंड और औपनिवेशिक भारत की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। डॉ.कौशल किशोर झा ने षोदानष और ष्पूस की रातष के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसान जीवन की समस्याओं पर चर्चा की। डॉ.चंदनकिशोर ने प्रेमचंद के लेखन में निहित सामाजिक राजनीतिक चेतना को रेखांकित किया। डॉ.गोपाल साह ने प्रेमचंद के साहित्य के वैश्विक प्रभाव और अनुवाद की महत्ता पर बात की। शैलेन्द्र कुमार ने प्रेमचंद की भाषा की सरलता और आमजन से जुड़ाव की सराहना की। कार्यक्रम में पुलिस पदाधिकारियों के साथ आम नागरिक मौजूद रहे।




## नव निर्मित मकान के पास झाड़ियों से 87 लीटर विदेशी शराब बरामद, तस्कर फरार

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** बसनही थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के पचलख गांव में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने प्रयाग मेहता के नव निर्मित मकान के समीप स्थित झाड़ियों से कुल 232 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की, जिसकी कुल मात्रा लगभग 87 लीटर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार बरामद शराब में रॉयल स्टैग ब्रांड की 375 एमएल की 193 बोतल तथा इम्पीरियल ब्लू ब्रांड की 375 एमएल की 41 बोतल शामिल है। कार्रवाई के दौरान तस्कर मौके से फरार हो गया। इस संबंध में बसनही थाना में पचलख वार्ड संख्या-05 निवासी प्रयाग मेहता (पिता- गुलाब मेहता) को नामजद आरोपित बनाया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि बरामद शराब को जब्त कर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है।

## जनता व प्रशासन एक साथ खड़े हों तभी नशामुक्त सुरक्षित समाज का निर्माण संभव: संजीव कुमार जायसवाल

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत मोहनपुर पंचायत में समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय और प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। भारतीय चुनाव एवं बढ़ती नशाखोरी के मुद्दे पर आयोजित एक विशाल जनसभा में ग्रामीणों ने एकजुट होकर नशे के खिलाफ आवाज बुलंद की। इस सभा की सबसे खास बात यह रही कि इसमें महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, पंचायत प्रतिनिधियों सरपंच भूपेंद्र शाह,और जीविका दीदियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज से नशे को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया। मोहनपुर पंचायत में आयोजित इस जनसभा का नेतृत्व समाजसेवी मुखिया संजीव कुमार जायसवाल ने किया। सभा में पंचायत के सरपंच, भूपेंद्र शाह, जीविका समूह की महिलाएं, सामाजिक कार्यकत्ता, युवा, बुजुर्ग तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि नशाखोरी केवल एक व्यक्ति को नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद कर देती है। शराब, स्मैक, गांजा और अन्य मादक पदार्थों की लत के कारण परिवार टूट रहे हैं, युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है और अपराध भी लगातार बढ़ रहे हैं। इसलिए अब समय आ गया है कि समाज स्वयं आगे बढ़कर इस बुराई के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़े।सभा में उपस्थित लोगों ने एक-एक कर अपने विचार रखे। युवाओं ने कहा कि नशा रोजगार और शिक्षा का सबसे बड़ा दुश्मन है। कई महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यदि समाज को सुरक्षित और खुशहाल बनाना है तो नशाखोरी के खिलाफ सभी को मिलकर लड़ना होगा। सभा के दौरान एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किया गया। इस प्रस्ताव में समाज को नशामुक्त बनाने, युवाओं को जागरूक करने, नशे के कारोबार की सूचना प्रशासन तक पहुंचाने तथा गांव में किसी भी प्रकार की नशाखोरी को बढ़ावा नहीं देने जैसे कई महत्वपूर्ण बिंदु शामिल किए गए।इस प्रस्ताव पर पंचायत में मौजूद विभिन्न वर्गों और समुदायों के लोगोंकृपुरुषों और महिलाओं ने सामूहिक रूप से हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दिया। सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने गांव और आसपास के क्षेत्रों को नशामुक्त बनाने के अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। गौरतलब है कि सहरसा प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ. कुमार आशीष भी लगातार नशे के खिलाफ व्यापक अभियान चला रहे।



नशामुक्त का संदेष देते पुलिस व मुखिया।

# बस स्टैंड के मुंशी की हत्या

दैनिक नवसंदेश

**घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी और तनाव**

**खगड़िया।** अलौली थाना क्षेत्र के फुलतोड़ा पुल के पास अज्ञात बदमाशों ने व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी और भारी तनाव का माहौल है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग सहम गए और तुरंत मौके की ओर दौड़े। घटनास्थल पर पहुंचने पर युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में खून से लथपथ पड़ा मिला। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। मृतक की पहचान 30 वर्षीय जंगली पटेल के रूप में हुई है, जो पवन पटेल के पुत्र हैं और अलौली थाना क्षेत्र के ज्वालापुर (वार्ड संख्या-23 के निवासी थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक जंगली पटेल ज्वालापुर बस स्टैंड पर किरानी के रूप में कार्य करते थे। उनकी हत्या से परिजनों और क्षेत्र के लोगों में गहरा आक्रोश है। घटना की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। बदहवास परिजन तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे, जहां उनके चीख-पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की हत्या ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



घटनास्थल पर लोगों से बातचीत करते एसपी भानुप्रताप सिंह।

**मृतक जंगली पटेल की मां पूर्व में रह चुकी हैं सरपंच**

इधर, सूचना मिलते ही अलौली थाने की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा हमलावरों की पहचान व हत्या के पीछे की असल वजह का पता लगाने के लिए साक्ष्य जुटा रही है। फिलहाल हत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि हर पहलू से गहराई से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मालूम हो कि मृतक की मां सुचिता देवी पूर्व में सरपंच रह चुकी हैं। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद एसपी भानुप्रताप सिंह ने घटनास्थल का दौरा किया और संबंधित पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# भिरिया गांव में फंदे पर झूला युवक

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र के भिरिया गांव में गुरुवार की सुबह युवक ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद मृत युवक के परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक की पहचान भिरिया गांव निवासी फुलेश्वर सिंह के 25 वर्षीय पुत्र तेजवीर कुमार सिंह के रूप में हुई है।

सूचना मिलने के बाद चौथम थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गुरुवार की सुबह दस बजे के करीब शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल खगड़िया भेज दिया। घटना का कारण फिलहाल पति और पत्नी के बीच विवाद बताया जा रहा है। युवक परदेश में टावर में मजदूरी का काम करता था। जो इन दिनों घर पर ही था। बताया जाता है कि युवक की शादी लगभग छह महीने पहले ही मधेपुरा जिले के रहने वाली जूली कुमारी से हुई थी। जूली नैहर में थी। मृतक के परिजनों की मानें तो युवक की पत्नी ने युवक का फोन नंबर ब्लक कर दिया था। गुरुवार की सुबह ब्लक से हटाने के बाद दोनों के बातचीत हुई थी। बताया जाता है कि युवक सुबह शौच से आने के बाद वह फिर से रूम को अंदर से बंद कर फांसी लगा लिया। जब तक परिजन गेट तोड़कर उसे वहां से नीचे उतारा। तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। सूचना के बाद जिला परिषद सदस्य प्रवीण कुमार एवं थाना के एसआई भानु प्रताप सिंह भी पहुंचे। घटना को लेकर-अलग अलग तरह की चर्चाएं भी चल रही थी। घटना के बाद पत्नी जूली भी आई। जिसका रो-रोकर बुरा हाल था। दूसरी ओर मृतक की माता मंजू देवी फफक-फफक कर रो रही थी। पूरा माहौल गमगीन था। चौथम थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।



घटनास्थल पर जमा लोगों की भीड़ और छानबीन करती पुलिस।

**घटना का कारण पति-पत्नी के बीच का विवाद बताया जा रहा है**

**छह महीने पहले ही हुई थी शादी पत्नी ने नंबर कर दिया था ब्लॉक**

**घटना के बाद पत्नी मायका से आयी ससुराल, हुई बेहाल**

# दो बाइकों की भिड़ंत में पिता पुत्र समेत चार लोग घायल

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** बेलदौर-फुलवड़िया पीडब्ल्यूडी सड़क के सिकंदरपुर गांव के समीप शुक्रवार दोपहर एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर लाया गया। जानकारी के अनुसार, सकरोहर पंचायत के पंचरासी गांव निवासी बेदी उर्फ बैजनाथ सिंह का पुत्र कमल सिंह बाइक से बेलदौर बाजार की ओर जा रहा था। इसी दौरान सिकंदरपुर गांव के पास सड़क पार कर रही बोबिल पंचायत के सिकंदरपुर गांव निवासी तिलो सिंह की 50 वर्षीय पत्नी गीता देवी को बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में महिला सड़क पर गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गई, जबकि अनियंत्रित होकर बाइक पलटने से चालक कमल सिंह भी घायल हो गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। बाइक सवार कमल सिंह की स्थिति सामान्य होने पर उसे प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं, 50 वर्षीय गीता देवी की स्थिति की गंभीरता और अंदरूनी चोटों को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें खगड़िया सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। एक अन्य घटना में पनसलवा गांव निवासी वकील सिंह और उनका 26 वर्षीय पुत्र रोशन कुमार बाइक से गिरकर घायल हो गए।

# दो फरारी के घरों में चिपकाया इश्तेहार

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार से जुड़े दो फरार अभियुक्तों के घरों पर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। बेलदौर पुलिस ढोल-नगाड़े के साथ अभियुक्तों के ठिकानों पर पहुंची और उन्हें जल्द हाजिर होने की चेतावनी दी।

पहला मामला बेलदौर नगर पंचायत के सत्यम कुमार से संबंधित है। सत्यम कुमार बेलदौर थाना कांड संख्या 170/25, बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत फरार है। एसआई आलमगीर के नेतृत्व में पुलिस टीम उसके घर पहुंची और इश्तेहार चिपकाया। दूसरा मामला सकरोहर पंचायत के तिलाठी गांव निवासी जितेंद्र कुमार का है। जितेंद्र कुमार बेलदौर थाना कांड संख्या 167/24 का नामजद फरार अभियुक्त है। पुलिस ने ढ़ोल-नगाड़े के साथ उसके घरों पर भी इश्तेहार चिपकाए। इस दौरान, एसआई आलमगीर ने फरार अभियुक्तों के अभिभावकों को पांच दिनों के भीतर थाना या न्यायालय में हाजिर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कि यदि अभियुक्त हाजिर नहीं होते हैं, तो उनके घरों की कुर्की-जब्ती की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई और ढोल-नगाड़ों की आवाज सुनकर मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।



फरारी के घर पर इश्तेहार चिपकाते पुलिसकर्मी।

# पुरानी रंजिश के कारण हुई मारपीट पुलिस ने दिया कार्रवाई का भरोसा

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र के चौढ़ली गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों द्वारा 31 वर्षीय युवक के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल का दिया। पीड़ित युवक को परिजनों की मदद से तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर लाया गया, जहां डक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी।

इस घटना को लेकर चौढ़ली गांव निवासी गरीब शर्मा के 31 वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित ने बताया कि कुछ समय पूर्व उनके पड़ोसी की नाबालिग पुत्री का एक मनचले युवक ने शादी की नीयत से अपहरण कर लिया था। पीड़ित को आरोप युवक ने इसी रंजिश को लेकर जब वह बाजार जा रहा था, तभी रास्ते में आरोपी और उसके परिजनों ने उसे घेर लिया। मारपीट में गांव के ही लालो सिंह का 20 वर्षीय पुत्र सोहित कुमार तथा उसके परिजन शामिल थे। दबंगों ने युवक की बेदर्दी से पिटाई की और जाते-जाते उसके गले में पहनी सोने की चकती भी छीन ली। इस वारदात के बाद से पीड़ित युवक और उसका परिवार काफी डरा-सहमा हुआ है।

मामले की पुष्टि करते हुए बेलदौर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित युवक की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की गंभीरता से छानबीन कर रही है और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पिता-पुत्र ने देवघर के लिए शुरू की कठिन दंड कांवर यात्रा

**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** दरियापुर भेलवा पंचायत अंतर्गत सिरिया टोला नयागांव निवासी निर्मल सिंह और उनके 12 वर्षीय पुत्र मनेंद्र ने शुक्रवार को अनोखी और आस्था से भरी देवघर यात्रा शुरू की। पिता-पुत्र अपने घर के समीप स्थित कुलदेवता के स्थान पर पूजा-अर्चना करने के बाद दंड प्रणाम करते हुए बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हुए। निर्मल सिंह ने बताया कि वे दूसरी बार दंड प्रणाम के सहारे देवघर की यात्रा पर निकले हैं। उन्होंने कहा कि बाबा भोलेनाथ में उनकी गहरी आस्था है और उनकी कृपा से ही इतनी कठिन यात्रा करने का साहस मिलता है। इस बार अपने 12 वर्षीय पुत्र मनेंद्र के साथ बाबा धाम जाने का संकल्प लिया है। पिता के साथ कदम से कदम मिलाकर दंड प्रणाम करते हुए आगे बढ़ रहा मासूम मनेंद्र लोगों के लिए आस्था, संस्कार और श्रद्धा की मिसाल बना हुआ है। रास्ते में पिता-पुत्र को देखने वाले लोग उनकी श्रद्धा को नमन करते हुए बाबा भोलेनाथ के जयकारे लगा रहे हैं। मनेंद्र पांचवी कक्षा का छात्र है। निर्मल सिंह ने कहा कि बाबा के दरबार तक पहुंचना ही सबसे बड़ा उद्देश्य है। रास्ता कितना भी कठिन हो, भोले बाबा की कृपा और विश्वास के सहारे यह पूरी होती है। यात्रा 30 से 34 दिनों की होती है।

### जीविका दीदियों को मिला वित्तीय साक्षरता का प्रशिक्षण

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत महिलाओं के लिए गैर-आवासीय वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जीविका दीदियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना, वित्तीय प्रबंधन की जानकारी देना तथा स्वरोजगार के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करना था। अध्यक्षता प्रखंड परियोजना प्रबंधक राजेश कुमार ने की। उन्होंने वित्तीय साक्षरता के विभिन्न पहलुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बताया कि बचत की आदत, बैंकिंग सेवाओं का प्रभावी उपयोग, डिजिटल भुगतान, ऋण का सही प्रबंधन, निवेश की समझ तथा योजनाबद्ध वित्तीय निर्णय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने जीविका दीदियों से प्राप्त प्रशिक्षण को अपने दैनिक जीवन और स्वरोजगार गतिविधियों में अपनाने का आह्वान किया, ताकि वे अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करते हुए परिवार की आय में भी वृद्धि कर सकें। महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने, स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उद्यम स्थापित करने तथा छोटे-छोटे व्यवसायों को सफलतापूर्वक संचालित करने के संबंध में भी व्यावहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने महिलाओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें वित्तीय अनुशासन और नियमित बचत के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय समन्वयक पारस कुमार, सामुदायिक समन्वयक पंकज कुमार, बबीता कुमारी, एमबीके डब्लू कुमार, मुकेश कुमार, अंकज कुमार, दिलीप कुमार सिंह सहित अन्य कैडर एवं बड़ी संख्या में जीविका दीदियां उपस्थित रहीं। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेंगे।

### पारा विधिक स्वयंसेवक का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अंतर्गत चयनित 100 पारा विधिक स्वयंसेवक हेतु आयोजित प्रशिक्षण का समापन हुआ। यह जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव चंदन कुमार ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राजेश कुमार बच्चन के निर्देशानुसार नव चयनित पारा विधिक स्वयंसेवक को सशक्त बनाने हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित माड्यूल के तहत प्रशिक्षण का आयोजन 28 से 30 जुलाई तक किया गया। प्रशिक्षण के दौरान रिसोर्स पर्सन द्वारा प्रशिक्षण हेतु उपस्थित पारा विधिक स्वयंसेवक को महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, मजदूरी और बच्चों से संबंधित कानून, केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं और साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी, भारतीय संविधान की मूल संरचना, लीगल सर्विस अथरिटी एक्ट 1987, जिला विधिक सेवा प्राधिकार अंतर्गत पीएलवी के भूमिका एवं कार्य, बुनियादी आपराधिक कानून आदि के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान पीएलवी को दी गई जानकारी से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। क्विज के दौरान प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले पीएलवी क्रमशः प्रभंजन कुमार, कविता कुमारी एवं सानु कुमार को प्राधिकार के सचिव ने पुरस्त किया। पीएलवी को संबोधित करते हुए कहा गया कि प्रशिक्षण में जो कुछ भी सीखा है, उसका उपयोग समाज के असहाय लोगों को मदद करने में करेंगे। साथ ही साथ लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता भी उपलब्ध कराने में सहयोग करेंगे।

### महान कथा सम्राट प्रेमचंद की 146वीं जयंती मनाई गई

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** परबत्ता प्रखंड के पाटलिपुत्र सेंट्रल स्कूल में महान कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 146वीं जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं बी की छात्रा सुन्दर को प्रथम पुरस्कार दिया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ. जितेंद्र प्रसाद सिंह ने बच्चों को प्रेमचंद के जीवन से सीख लेने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद केवल लेखन से ही नहीं, बल्कि शिक्षक की भूमिका में भी अतुलनीय थे। प्राचार्या जूली सिंह ने प्रेमचंद को किसानों का मसीहा बताया।

# केवाईसी नहीं कराने पर घरेलू गैस उपभोक्ताओं को होगी परेशानी

**पसराहा (दैनिक नवसंदेश)।** एलपीजी सिलिंडर कनेक्शन की केवाईसी न कराने पर उपभोक्ताओं को नुकसान उठाना पड़ सकता है। ऐसे उपभोक्ताओं को घरेलू सिलिंडर भी कमर्शियल सिलिंडर के मूल्य पर मिलेगा। घरेलू गैस की कीमत 1031 रुपए, जबकि कॉमर्शियल गैस 3233 रुपये में मिलती है। बताते चलें कि इंडियन ऑयल ने सभी गैस वितरण एजेंसियों को 15 अगस्त तक शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए हैं।

सरकार ने राशनकार्ड धारकों की तरह ही एलपीजी उपभोक्ताओं की भी ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए हैं। यह प्रक्रिया पिछले वर्ष से चल रही है, लेकिन इसकी रफ्तार बहुत सुस्त है। अमेरिका व ईरान के बीच इस वर्ष मार्च में शुरू हुए युद्ध की वजह से एलपीजी का संकट शुरू हुआ तो गैस वितरण एजेंसियों ने सिलिंडर उपलब्ध कराने के साथ ई-केवाइसी की शर्त भी रखी। उपभोक्ता गैस वितरण कंपनी के एप से घर बैठे भी ई-केवाईसी करा सकते हैं। गूगल प्ले स्टोर से अपनी गैस वितरण कंपनी का एप डाउनलोड करना होगा। इंडेन के उपभोक्ता इंडेन वन, भारत गैस के उपभोक्ता हैलो बीपीसीएल, एचपी गैस के उपभोक्ता एचपी एप पर एलपीजी कनेक्शन से जुड़े मोबाइल फोन नंबर से लॉग इन करेंगे। यहां ई-केवाईसी आधार वेरीफिकेशन या अपडेट ई-केवाईसी का विकल्प दिखेगा। टैप कर 12 अंकों के आधार नंबर भरना होगा। इसके बाद आधार फेस आरटी एप की मदद से चेहरे की पहचान कराना होगा। फिर कन्फर्म का संदेश आएगा।

# बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय राटन में शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के बीच स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संक्रामक बीमारियों के प्रति जागरूक बनाना तथा उन्हें अपने परिवार और समाज में स्वास्थ्य संबंधी संदेश फैलाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर पिरामल के प्रोग्राम अफिसर श्रवण कुमार एवं वीबीडीएस ओमप्रकाश यादव ने फाइलेरिया, डेंगू और टीबी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इन बीमारियों के कारण, प्रमुख लक्षण, बचाव के उपाय, समय पर जांच की आवश्यकता तथा सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध निःशुल्क उपचार की जानकारी साझा की। वक्ताओं ने विद्यार्थियों से स्वच्छता अपनाने, घर एवं आसपास पानी जमा नहीं होने देने, मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने तथा लगातार खांसी, बुखार या वजन कम होने जैसे टीबी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को गंभीरता से सुना और विभिन्न विषयों पर प्रश्न भी पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने सरल भाषा में उत्तर दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे स्वयं स्वस्थ रहने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें, ताकि संक्रामक बीमारियों की रोकथाम में सामूहिक सहयोग मिल सके।



# डीपीओ ने किया निरीक्षण, दिया भरोसा

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी विक्रम वीरकर के निर्देश पर डीपीओ आकांक्षा कुमारी ने आदर्श मध्य विद्यालय एवं कन्या मध्य विद्यालय बेलदौर का औचक निरीक्षण किया।दरअसल करीब एक सप्ताह पूर्व ग्रामीणों ने जिलाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी को लिखित आवेदन देकर आदर्श मध्य विद्यालय बेलदौर को मर्जर से मुक्त करने को लेकर आवेदन दिया था। ग्रामीणों के इस आवेदन को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने डीपीओ आकांक्षा कुमारी को विद्यालय की वस्तुस्थिति की जांच करने का निर्देश दिया था। जांच के क्रम में जब डीपीओ आदर्श मध्य विद्यालय बेलदौर पहुंचीं, तो वहां की बेहतर व्यवस्था और विशाल परिसर को देखकर काफी प्रभावित हुईं। इसके बाद उन्होंने कन्या मध्य विद्यालय बेलदौर का भी जायजा लिया। कन्या मध्य विद्यालय के संकीर्ण परिसर को देखते हुए उन्होंने आश्चर्य जताया कि पर्याप्त जगह वाले आदर्श मध्य विद्यालय को पीएम श्री योजना के तहत गांधी इंटर विद्यालय में कैसे मर्ज कर दिया गया। निरीक्षण के बाद डीपीओ आकांक्षा कुमारी ने बताया कि आदर्श मध्य विद्यालय बेलदौर में एक दर्जन से अधिक कमरे मौजूद हैं। यहां बच्चों के बैठने, प्रार्थना करने और मध्या भोजन करने के लिए पर्याप्त जगह है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे अपनी पूरी जांच रिपोर्ट जल्द ही जिलाधिकारी को सौंपेंगी। डीपीओ के इस सकारात्मक आश्वासन के बाद स्थानीय ग्रामीणों में खुशी का माहौल बना हुआ है।



# विकास और बाढ़ सुरक्षा तैयारियों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी विक्रम विरकर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं एवं निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना, भवन निर्माण विभाग, पथ निर्माण विभाग, लघु सिंचाई प्रमंडल, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निकासी प्रमंडल,सिविल सर्जन, जिला पंचायत राज, ग्रामीण कार्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि स्वीत योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यो में तेजी लाने, नियमित मनिटरिंग करने तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष रूप से बाढ़ नियंत्रण एवं जल निकासी प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि वे स्वयं नियमित रूप से तटबंधों का स्थलीय निरीक्षण करें तथा उनकी स्थिति पर सतत निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए तटबंधों के संवेदनशील स्थलों पर विशेष चौकसी बरती जाए तथा किसी भी प्रकार की क्षति, रिसाव अथवा असामान्य स्थिति की सूचना तत्काल उपलब्ध कराते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# सावन के गीत गाकर धान रोपनी में जुटे किसान और श्रमिक

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** सावन की चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी के बीच बेलदौर प्रखंड में कीचड़ में खड़े मजदूरों की टोलियां जब गुनगुनाती हैं खेले रहिए धूप पर रहिए, रोपे रहिए धान मने-मन बिराजे रहिए जयबे बाबा धाम तो धूप की तपिश और शरीर की थकान जैसे बाबा भोलेनाथ के नाम में कहीं खो जाती है।

बाढ़ की विभीषिका झेलने वाले इस इलाके में धान की रोपाई महज एक कृषि कार्य नहीं, बल्कि किसानों की जिजीविषा और उम्मीद की नई इबारत बन गई है। वही स्थानीय किसान गुरुदेव शर्मा, महेंद्र सिंह, राजकुमार शर्मा, दुखों तांती, प्रकाश साह और वकील यादव ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए बताया कि इस बार खेती की राह बेहद कठिन है। एक बीघा खेत में जुताई, बीज, खाद, कीटनाशक, डीजल और मजदूरी मिलाकर करीब 15 हजार रुपये की लागत आ रही है। धान रोपाई के लिए एक बीघा में 12 मजदूरों की जरूरत होती है। प्रति मजदूर तीन सौ रुपये मजदूरी के हिसाब से सिर्फ रोपाई पर ही छत्तीश सौ रुपये खर्च हो जाते हैं। बेलदौर का बड़ा भू-भाग हर साल बाढ़ की तबाही झेलता है। फसलें बह जाती हैं, लेकिन किसान हार नहीं मानते। किसानों का आरोप है कि सरकार मुआवजे और कृषि अनुदान के बड़े-बड़े दावे तो करती है, लेकिन राहत धरातल पर खेतों तक नहीं पहुंचती। किसान आज भी सिर्फ अपनी मेहनत और किस्मत के भरोसे खेती करने को मजबूर हैं। एक तरफ सरकार 'किसान सम्मान' की बात करती है, तो दूसरी तरफ लागत के मुकाबले बाजार में धान की वाजिब कीमत न मिलना किसानों की कमर तोड़ रहा है। वही तीन सौ रुपये दिहाड़ी पर चार घंटे कीचड़ में पसीना बहाने वाला मजदूर हो या लाखों का कर्ज लेकर खेती करने वाला अन्नदाता, दोनों की मेहनत ही हर व्यक्ति का पेट भरती है। बाढ़ प्रभावित बेलदौर के किसानों को समय पर सस्ता बीज, सुलभ ऋण और फसल बीमा का पारदर्शी लाभ मिलना बेहद जरूरी है। यदि समय रहते इन अन्नदाताओं को संबल नहीं मिला, तो खेतों में गूंजते लोकगीत की जगह सिसकियां ले लेंगी और याद रहे, अगर किसान ने रोपाई छोड़ दी, तो देश की थाली खाली हो जाएगी।



**एक बीघा खेत में जुताई, बीज, खाद, कीटनाशक, डीजल और मजदूरी मिलाकर करीब 15 हजार रुपये की आ रही लागत**

**किसानों का आरोप -सरकार मुआवजे और कृषि अनुदान के बड़े-बड़े दावे तो करती है, लेकिन राहत धरातल पर खेतों तक नहीं पहुंचती है**

## संक्षिप्त खबरें

### चलायी जा रही 04 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार

**सोनपुर (एनएसबी)** यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा रेलवे द्वारा चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार करने निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -1ग़ाड़ी संख्या 03253/03254/03255 पटना-चर्लपल्ली-पटना स्पेशल - गया-कोडरमा- गोमो-रांची-बिलासपुर-रायपुर-नागपुर-काजीपेट के रास्ते पटना और चर्लपल्ली के मध्य चलायी जा रही स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है । गाड़ी सं 03253 पटना-चर्लपल्ली स्पेशल अब पटना से 03.08.2026 से 16.09.2026 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को परिचालित की जाएगी । इसी तरह गाड़ी सं 03254 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल अब चर्लपल्ली से 05.08.2026 से 16.09.2026 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को तथा गाड़ी सं 03255 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल अब चर्लपल्ली से 07.08.2026 से 18.09.2026 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जाएगी । 2ग़ाड़ी संख्या 07091/07092 चर्लपल्ली-दानापुर-चर्लपल्ली स्पेशल - डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-नागपुर-बालाघाट-गोंदिया-बल्लारशाह-रामागुंडम-काजीपेट के रास्ते चर्लपल्ली और दानापुर के मध्य चलायी जा रही स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है । गाड़ी संख्या 07091 चर्लपल्ली-दानापुर स्पेशल चर्लपल्ली से 01.08.2026 से 26.09.2026 तक प्रत्येक शनिवार को परिचालित की जाएगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 07092 दानापुर-चर्लपल्ली स्पेशल दानापुर से 03.08.2026 से 28.09.2026 तक प्रत्येक सोमवार को परिचालित की जाएगी । 3ग़ाड़ी संख्या 05557/05558 रक्सौल-लोकमान्य तिलक-रक्सौल स्पेशल - सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू के रास्ते रक्सौल और लोकमान्य तिलक के मध्य चलायी जा रही स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है । गाड़ी सं 05557 रक्सौल-लोकमान्य तिलक स्पेशल अब रक्सौल से 04.08.2026 से 15.09.2026 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को परिचालित की जायेगी । इसी तरह गाड़ी सं 05558 लोकमान्य तिलक-रक्सौल स्पेशल अब लोकमान्य तिलक से 06.08.2026 से 17.09.2026 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जायेगी । 4. गाड़ी संख्या 03230/03229 पटना-खोरधा रोड ज़ं-पटना स्पेशल - बख्तियारपुर-मोकामा -झाझा-आसनसोल-खड़गपुर-कटक-भुवनेश्वर के रास्ते पटना और खोरधा रोड जं. के मध्य चलायी जा रही स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है । गाड़ी सं 03230 पटना-खोरधा रोड ज़ं स्पेशल अब पटना से 06.08.2026 से 27.08.2026 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जाएगी । इसी तरह गाड़ी सं 03229 खोरधा रोड ज़ं-पटना स्पेशल अब खोरधा रोड ज़ं से 07.08.2026 से 28.08.2026 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जाएगी ।

### टीईटी, सक्षमता और शिक्षक योग्यता परीक्षा पर छिड़ी बहस

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के नेता सुनील कुमार ने कहा कि टीईटी, सक्षमता परीक्षा और शिक्षक योग्यता परीक्षा को लेकर चल रही बहस केवल परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शिक्षा व्यवस्था में न्याय, गुणवत्ता और शिक्षकों के सम्मान से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) द्वारा न्यायालय में दायर हलफनामे, जिसमें 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता लागू नहीं होने की बात स्पष्ट की गई है, ने पूरे देश में नई चर्चा को जन्म दिया है।उन्होंने कहा कि बिहार सरकार शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सक्षमता परीक्षा और शिक्षक योग्यता परीक्षा जैसे कदम उठा रही है, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को अधिक सक्षम बनाना है। लेकिन सुधार की प्रक्रिया में वर्षो से सेवा दे रहे शिक्षकों के अनुभव, योगदान और वैध अधिकारों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्ष्ट शिक्षक केवल परीक्षा पास करने से नहीं बनते, बल्कि सतत प्रशिक्षण, समर्पण, संवेदनशीलता, नवाचार और विद्यार्थियों के प्रति प्रतिबद्धता से तैयार होते हैं।सुनील कुमार ने कहा कि शिक्षा सुधार का लक्ष्य भय और असुरक्षा पैदा करना नहीं, बल्कि शिक्षकों को आधुनिक तकनीक, नई शिक्षण पद्धतियों और सतत प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्त बनाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता और न्याय एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि मजबूत शिक्षा व्यवस्था के दो समान स्तंभ हैं।उन्होंने कहा कि बिहार सहित पूरे देश में ऐसी शिक्षा व्यवस्था विकसित होनी चाहिए, जिसमें कानून का सम्मान, शिक्षक का सम्मान और विद्यार्थियों के हिततीनों को समान प्राथमिकता मिले। उनका कहना था कि जब अनुभव, आधुनिकता और गुणवत्ता का संतुलन बनेगा, तभी शिक्षा व्यवस्था अधिक विश्वसनीय, प्रभावी और भविष्य उन्मुख बन सकेगी।

# डीएवी क्लस्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन आज से

## प्रतियोगिता में शामिल होंगे भागलपुर मुंगेर जमालपुर बेगूसराय के प्रतिभागी

**जमालपुर(मुंगेर)।** डीएवी पब्लिक स्कूल जमालपुर के तत्वावधान में 01 एवं 02 अगस्त 2026 को डीएवी क्लस्टर-प्ट एथलेटिक्स (ट्रैक एंड फील्ड) प्रतियोगिता 2026-27 का भव्य आयोजन रेलवे के जेएसए मैदान जमालपुर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार) प्रात होगा। इस प्रतिष्ठित खेल आयोजन के मुख्य अतिथि सीडब्लूएम विनय प्रसाद वर्णवाल होंगे जबकि विशिष्ट अतिथि इरमी के डीन प्रेम प्रकाश अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे।प्रतियोगिता में डीएवी संस्थानों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में अपनी गति, शक्ति, सहनशीलता एवं खेल-कौशल का प्रदर्शन करेंगे। यह आयोजन विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा तथा खेल भावना के विकास का सशक्त माध्यम बनेगा।



प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देती प्राचार्या।

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती लक्ष्मी रथ ने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने का सर्वोत्तम मंच हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उत्ष्ट प्रदर्शन एवं सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर डीएवी बिहार जोन-सी के क्षेत्रीय अधिकारी एवं क्लस्टर पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।जिनमें नीरज कुमार सिंह प्रबंधक डीएवी पब्लिक स्कूल जमालपुर सह क्षेत्रीय निदेशक डीएवी पब्लिक स्कूल बिहार जोन - जी, अनिल कुमार क्लस्टर हेड एवं प्राचार्य सह क्षेत्रीय निदेशक डीएवी पब्लिक स्कूल बिहार जोन- आई भागलपुर तथा श्रीमती सबिता सहायक क्षेत्रीय निदेशिका डीएवी पब्लिक स्कूल इटवा नगर बिहार जोन - सी, बेगूसराय प्रमुख रूप से शामिल होंगे।
विद्यालय परिवार ने सभी खेल प्रेमियों एवं गणमान्य नागरिकों से इस भव्य खेल महोत्सव में उपस्थित होकर युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने तथा आयोजन की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।

## हिंदी टिप्पण-आलेखन में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर रेलकर्मी सम्मानित

**जमालपुर (मुंगेर) ।** सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित हिंदी टिप्पण-आलेखन प्रतियोगिता में उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले मालदा मंडल के 10 रेलकर्मियों को नगद प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। मालदा में आयोजित समारोह में अपर मंडल रेल प्रबंधक एक्ऱे मौर्य ने सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया।सम्मानित होने वालों में जमालपुर, मुंगेर, रतनपुर और अकबरनगर स्टेशनों के अधिकारी भी शामिल रहे। इनमें मुंगेर के स्टेशन प्रबंधक राजीव कुमार, जमालपुर के स्टेशन प्रबंधक राहुल कुमार, संजीव कुमार एवं सुभाष चंद्र पाठक, रतनपुर के संजय कुमार तथा अकबरनगर के स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार उपाध्याय समेत अन्य प्रतिभागियों को उनकी उत्ष्ट हिंदी टिप्पण-आलेखन क्षमता के लिए सम्मानित किया गया।पुरस्कार प्राप्त कर लौटने पर जमालपुर, मुंगेर, रतनपुर और अकबरनगर स्टेशन पर सहकर्मियों ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। इधर बधाई देते हुए स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार ने कहा कि यह सम्मान न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि कार्यालयी कार्यो में हिंदी के प्रभावी प्रयोग के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है।रेल अधिकारियों ने कहा कि राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग प्रशासनिक कार्यो को सरल और प्रभावी बनाता है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं कर्मचारियों को हिंदी में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करती हैं तथा कार्यालयों में राजभाषा के उपयोग को और अधिक सुढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



रेल कर्मी को पुरस्कृत करते एडीआरएम।

## चलंत चिकित्सा सेवा शिविर में 75 ग्रामीणों की हुई जांच

### उपचार के बाद ग्रामीणों के बीच हुआ मुफ्त दवा वितरित

**जमालपुर (मुंगेर)।** आईटीसी सुनहरा कल राहत की ओर से गुरुवार को जमालपुर प्रखंड के पटेल चौक, हलिमपुर में चलंत चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 75 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें निरूशुल्क दवाएं वितरित की गईं तथा बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। ड़ादीपक रस्तोगी के नेतृत्व में आयोजित शिविर में मरीजों का रक्तचाप,शुगर), वजन तथा यक्ष्मा समेत अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की गई। जांच के बाद मरीजों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुरूप उपचार और आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने ग्रामीणों से समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने तथा संतुलित आहार और स्वच्छता अपनाने की अपील की। चिकित्सा रस्तोगी ने बताया कि आईटीसी सुनहरा कल राहत की चलंत चिकित्सा सेवा के तहत प्रत्येक तीन माह पर किसी पंचायत या गांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को निरूशुल्क जांच, उपचार और दवा उपलब्ध कराई जाती है। इसका उद्देश्य दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।ग्रामीण जनप्रतिनिधि एवं वार्ड सदस्य बेला देवी, सत्यम मंडल, पूनम देवी, काजल कुमारी, रवि यादव और विक्रम कुमार ने कहा कि इस तरह के चिकित्सा शिविर प्रत्येक पंचायत के हर गांव में नियमित रूप से लगाए जाने चाहिए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों, मजदूरों और जरूरतमंद परिवारों को इसका लाभ मिल सके।मौके पर फार्मासिस्ट अमन कुमार, एएनएम लखपति, कुणाल कुमार, विनोद कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।


चिकित्सा सेवा शिविर में उपचार करते डक्टर।

## गंगा के बढ़ते जलस्तर पर प्रशासन सतर्क

### सीओ ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा

**जमालपुर (मुंगेर) ।** गंगा नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जमालपुर प्रखंड प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारियों का जायजा लेने के लिए अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी ने शुक्रवार को प्रखंड के संभावित बाढ़ प्रभावित पंचायतों एवं घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गोताखोरों तथा ग्रामीणों से बातचीत कर क्षेत्र की वस्तुस्थिति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जमालपुर प्रखंड के सिंघिया, परहम, इंद्ररुख पश्चिम तथा इटहरी-कलारामपुर पंचायतों के कई गांव गंगा के जलस्तर बढ़ने पर प्रभावित होते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने इन क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है। निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी ने घाटों की स्थिति, आवागमन, संभावित सुरक्षित स्थानों तथा राहत एवं बचाव की तैयारियों की समीक्षा की।सीओ प्रीति कुमारी ने बताया कि वर्तमान में गंगा का जलस्तर सामान्य गति से बढ़ रहा है और फिलहाल घबराने जैसी कोई स्थिति नहीं है। बावजूद इसके प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा हर गतिविधि पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी संभावित आपदा से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन, बचाव दल और अन्य व्यवस्थाएं तैयार रखी गई हैं। साथ ही लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। प्रशासन ने संबंधित पंचायतों के जनप्रतिनिधियों को भी सतर्क रहने तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल अंचल कार्यालय को देने का निर्देश दिया है, ताकि समय रहते राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया जा सके।


जायजा लेते सीओ।

## सम्मान के साथ 15 रेलकर्मियों को दी गई विदाई

### सीडब्ल्यूएम ने स्वस्थ जीवन की दी शुभकामनाएं

**जमालपुर(मुंगेर)।** रेल इंजन कारखाना जमालपुर के विभिन्न शप में कार्यरत 15 रेलकर्मियों को जुलाई माह में सेवानिवृत्ति पर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल की अध्यक्षता में अधिकारी सभा कक्ष में आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति-चि एवं शुभकामनाओं के साथ विदा किया।समारोह को संबोधित करते हुए सीडब्ल्यूएम ने कहा कि नौकरी में आने वाला प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी एक दिन सेवानिवृत्त होता है। यह सरकारी सेवा की स्वाभाविक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि नौकरी के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ कार्य करने वाले कर्मचारियों की पहचान हमेशा बनी रहती है। ऐसे कर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई देना जमालपुर रेल कारखाना की गौरवशाली परंपरा रही है, जिसका प्रशासन निरंतर निर्वहन करता आ रहा है।उन्होंने सभी सेवानिवृत्त रेलकर्मियों के स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय जीवन की कामना करते हुए कहा कि जीवन की दूसरी पारी परिवार, समाज और अपने अनुभवों के साथ नए उत्साह से बिताएं। उन्होंने विश्वास जताया कि सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने अनुभवों से समाज का मार्गदर्शन करते रहेंगे।इस अवसर पर लेखा अधिकारी अमर कुमार, कार्मिक अधिकारी राजीव कुमार, एपीओ अश्वनी कुमार, एडब्ल्यूओ संजय ताती सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। समारोह में सेवानिवृत्त रेलकर्मियों वकील मंडल, अखिलेश चंद्र निराला, सुभाष चंद्र मंडल, अब्दुल जब्बार समेत कुल 15 कर्मचारियों को सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई।


रेल कर्मी को विदाई देते सीडब्ल्यूएम।

# मुंशी प्रेमचंद का साहित्य आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत : सीडब्ल्यूएम

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** रेल इंजन कारखाना जमालपुर के केंद्रीय राजभाषा विभाग की ओर से शुक्रवार को उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर साहित्यिक संगोष्ठी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, साहित्यप्रेमियों एवं हिंदी अनुरागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।संबोधित करते हुए सीडब्ल्यूएम ने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य केवल पढ़ने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में आत्मसात करने योग्य है। उनके साहित्य में निहित मानवीय मूल्य आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक, नैतिक एवं सांस्तिक चुनौतियों के इस दौर में प्रेमचंद की रचनाएं संवेदनशीलता, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त संदेश देती हैं। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग तथा साहित्यिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। साथ ही राजभाषा विभाग के इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी संस्थान की वास्तविक प्रगति उसकी सांस्तिक एवं बौद्धिक चेतना से भी तय होती है।संगोष्ठी में सहायक प्राध्यापक ड़अभय कुमार ने प्रेमचंद के साहित्य में नैतिक मूल्यों और शिक्षा की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। जमालपुर कलेज की हिंदी विभागाध्यक्ष ड़ अभिलाषा कुमारी ने प्रेमचंद के साहित्य में स्त्री-विमर्श और नारी चेतना पर अपने विचार रखे। वहीं डिग्री कलेज, हलसी के प्रभारी प्राचार्य ड़ चंदन कुमार ने प्रेमचंद के सामाजिक सरोकारों को रेखांकित किया। साहित्यकार कुमार विजय गुप्त ने प्रेमचंद के साहित्य में भारतीय ग्रामीण जीवन के यथार्थ चित्रण को उनकी सबसे बड़ी विशेषता बताया।कार्यक्रम को सफल बनाने में राजभाषा विभाग के अनुज कुमार, रंजन कुमार एवं अंजन कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में राजभाषा अधिकारी ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अभिनय कुमार, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता प्रीतम कुमार, कारखाना कार्मिक अधिकारी राजीव कुमार, सहायक कार्मिक अधिकारी अश्विनी कुमार, हिमालय कुमार हिमांशु सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।


दीप जलाकर उद्घाटन करते अतिथि।

## संक्षिप्त खबरें

### मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन ने किया 8वीं जिला रैली 2026 का समापन

**सोनपुर (एनएसबी)** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ, सोनपुर द्वारा आयोजित 8वीं जिला रैली2026 का भव्य समापन समारोह आज सोनपुर स्काउट डेन में आयोजित किया गया दिनांक 30.7.26 को समारोह के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर श्री अमित सरन थे, कैंप फायर प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।अपने प्रेरणादायी संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन ने कहा कि स्काउटिंग केवल एक संगठन नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक उत्ष्ट पद्धति है। स्काउट एवं गाइड अनुशासन, सेवा, नेतृत्व, आत्मनिर्भरता तथा राष्ट्रभक्ति के मूल्यों को आत्मसात कर समाज के आदर्श नागरिक बनते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे सेवा, समर्पण एवं सदैव तत्पर रहने की भावना के साथ समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ। उन्होंने जिला संघ, सोनपुर द्वारा आयोजित रैली की उत्ष्ट व्यवस्था, अनुशासन एवं विभिन्न गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना तथा सामाजिक उत्तरदायित्व को सुढ़ करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रैली के दौरान स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स ने विभिन्न साहसिक, सांस्तिक, शैक्षणिक एवं कौशल आधारित प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राथमिक उपचार, गांठ एवं बंधन, पायनियरिंग, ध्वज शिष्टाचार, मानचित्र अध्ययन, सामुदायिक सेवा, सांस्तिक प्रस्तुतियाँ, रंगोली, लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, आपदा प्रबंधन तथा अन्य स्काउटिंग गतिविधियों में प्रतिभागियों ने अपने उत्ष्ट कौशल एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह में उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स एवं विभिन्न टीमों को मुख्य अतिथि द्वारा ट्रफी, प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने स्काउट-गाइड प्रतिज्ञा को दोहराते हुए सेवा, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। समारोह में जिला संघ के पदाधिकारियों, विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों के दलनायकों, स्काउट मास्टर्स, गाइड कैप्टनों, रोवर स्काउट लीडर्स, रेंजर लीडर्स, रेलवे अधिकारियों, आमंत्रित अतिथियों एवं बड़ी संख्या में स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में जिला संघ, सोनपुर की ओर से मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों, पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों, दलनायकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। आज दिनांक 31.07.2026 को राष्ट्रगान एवं स्काउट ध्वज अवतरण के साथ 8वीं जिला रैली2026 का सफल आयोजन किया गया ।


मंडल रेल प्रबंधक को सम्मानित करते।

## हत्या की आशंका पर विराम सुजीत यादव की मौत का मामला आत्महत्या की ओर, पत्नी के बयान से खुला नया पहलू

### सिकंदरपुर में सड़क किनारे मिला था शव, प्रारंभिक चर्चाओं के बीच परिजनों ने हत्या की आशंका से किया इनकार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव के समीप सड़क किनारे सुजीत यादव का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। शव के पास एक देशी कट्टा मिलने के कारण घटना को लेकर हत्या और आत्महत्यादोनों तरह की चर्चाएं तेज हो गई थीं। हालांकि अब मामले में नया मोड़ सामने आया है। मृतक की पत्नी ने पुलिस के समक्ष दिए गए अपने बयान में स्पष्ट रूप से कहा है कि उनके पति ने आत्महत्या की है। पत्नी के इस बयान के बाद प्रारंभिक स्तर पर हत्या की आशंकाओं पर विराम लग गया है और जांच की दिशा भी उसी अनुरूप आगे बढ़ रही है। गौरतलब है कि सुजीत यादव का शव सिकंदरपुर गांव से होकर गुजरने वाली सड़क के किनारे बरामद हुआ था। शव के पास देशी कट्टा मिलने के कारण स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई थीं। सूचना मिलते ही बाढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की गई। मृतक के परिजनों से पूछताछ, घटनास्थल से मिले साक्ष्यों तथा पत्नी के बयान के आधार पर फिलहाल मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। इसके बावजूद पुलिस उपलब्ध सभी तथ्यों और तकनीकी साक्ष्यों का परीक्षण कर रही है, ताकि किसी भी पहलू की अनदेखी न हो। घटना के बाद इलाके में फैली तमाम अटकलों के बीच पत्नी के बयान ने मामले की तस्वीर काफी हद तक स्पष्ट कर दी है। पुलिस ने कहा है कि जांच पूरी होने के बाद ही अंतिम निष्कर्ष आधिकारिक रूप से सार्वजनिक किया जाएगा।

## उमानाथ में शराब तस्करों पर बाढ़ पुलिस का बड़ा प्रहार

### 144 पीस बीयर (72 लीटर) बरामद, पुलिस की त्वरित कार्रवाई से तस्करी की कोशिश नाकाम

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** सावन मेले और उमानाथ धाम क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुढ़ बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बाढ़ थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 144 पीस बीयर (करीब 72 लीटर) बरामद की है। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब तस्करों के मंसूबों पर पानी फिर गया और क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उमानाथ क्षेत्र के रास्ते अवैध रूप से शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही बाढ़ थाना की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। पुलिस की दबिश देखते ही तस्कर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने मौके से 144 पीस बीयर जब्त कर ली। बरामद बीयर की कुल मात्रा 72 लीटर बताई जा रही है। जब्त शराब को कब्जे में लेकर पुलिस ने बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही फरार तस्करों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सावन के दौरान उमानाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए अवैध शराब कारोबार पर विशेष नजर रखी जा रही है। किसी भी कीमत पर शराब तस्करी और अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लगातार गश्ती, वाहन जांच और छापेमारी अभियान जारी रहेगा। बाढ़ थाना की इस कार्रवाई को अवैध शराब कारोबार के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए ऐसे अभियान निरंतर चलाने की मांग की है।

## खरिका गांव के समीप बांस का झुंड सड़क पर

**सोनपुर (एनएसबी)** यह सड़क पहलेजा घाट से बाबा हरिहर नाथ मंदिर तक जाती है। इसी पथ से कांवरिया पहलेजा गंगा नदी घाट से जल लेकर बाबा हरिहर नाथ मंदिर होते हुए मुजफ्फरपुर स्थित बाबा गरीब नाथ मंदिर जाते हैं। अब सावन शुरु हो गई है और कांवरियों का आने का सिलसिला लगातार जारी है।लेकिन प्रशासनिक स्तर से सड़क पर विखरी बांस का झुंड हटाने की व्यवस्था नहीं हो सका है। बांस के झुंड के समीप गी पसरा पड़ा है। लोगों का कहना है कि खरिका ग्राम कचहरी से पूर्व में सड़क पर बिखरा है और प्रशासनिक उदासीनता की वजह से 75: सड़क का भू-भाग बांस की झुंड की वजह से अतिक्रमण है।

# भरत तिवारी की हत्या का आरोपित एसटीएफ जवान गिरफ्तार


भरत भूषण तिवारी का फाइल फोटो।

**जवान अक्षय कुमार पर है भरत को गोली मारने का आरोप**

**न्यायिक आयोग के समक्ष भी कई गवाहों ने अक्षय पर लगाया है सरकारी पिस्टल से गोली मारने का आरोप**

**अक्षय को निलंबित कर उसकी सरकारी पिस्टल फॉरेंसिक जांच के लिए भेज चुकी है पुलिस**

आरा (दैनिक नवसंदेश)। भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने भरत भूषण तिवारी की हत्या के आरोपित एसटीएफ जवान अक्षय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। वह अरवल जिले के वंशी थाना क्षेत्र के वंशी गांव का निवासी है। भोजपुर पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में उसे आरा से गिरफ्तार किया गया। जवान अक्षय कुमार पर एनकाउंटर के दौरान भरत भूषण तिवारी को पांच गोलियां मारने का आरोप लगा है। परिजनों की ओर से पुलिस के वरीय अधिकारियों के अलावे न्यायिक जांच आयोग के समक्ष गवाही के दौरान भी अक्षय कुमार पर भरत भूषण तिवारी को गोली मारने का आरोप लगाया गया था। उसे पूर्व में ही निलंबित कर दिया गया और फॉरेंसिक जांच के लिए उसकी सरकारी पिस्टल भी जब्त कर ली गयी है। पुलिस की अनुसंधान में आरोप सत्य पाये जाने के बाद तकनीकी और मोबाइल सर्विलांस के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक राज की ओर से एसटीएफ जवान की गिरफ्तारी की पुष्टि की गयी है। बता दें कि 17 जून की सुबह शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव में पुलिस ने उसी गांव के निवासी काशीनाथ तिवारी के पुत्र भरत भूषण तिवारी का एनकाउंटर कर दिया था। उसमें गोली लगने से जख्मी भरत भूषण तिवारी की पटना में इलाज के दौरान मौत हो गयी थी।

**न्यायिक आयोग की पहले चरण की जांच पूरी**

आरा (दैनिक नवसंदेश)। भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर को लेकर पूरे देश भर में हंगामा मचा था। बिलौटी से लेकर दिल्ली के जंतर मंतर तक आंदोलन हुआ था। इधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की ओर से निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया था। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश विनोद कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में न्यायिक आयोग की ओर से मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में पहले चरण की गवाही पूरी हो चुकी है। उस दौरान दोनों पक्षों के महत्वपूर्ण गवाहों का बयान दर्ज किया जा चुका है। अब दूसरे चरण की कार्रवाई शुरू होने वाली है।

# जवइनियां के विस्थापितों के बीच राशन वितरित

आरा/शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। जवइनियां बांध पर रह रहे करीब 100 विस्थापित परिवारों के बीच हिन्दू पुत्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेश सम्राट के नेतृत्व में खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। संगठन के सदस्यों ने जरूरतमंद परिवारों को दैनिक उपयोग का राशन उपलब्ध कराया। मौके पर नागेश सम्राट ने सरकार से विस्थापित परिवारों के शीघ्र पुनर्वास की मांग करते हुए कहा कि इन लोगों को जल्द से जल्द आवासीय भूमि उपलब्ध कराई जाए तथा उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि वे अपना स्थायी घर बनाकर सम्मानपूर्वक जीवन-यापन कर सकें। उन्होंने कहा कि लंबे समय से विस्थापित परिवार मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जीवन गुजारने को विवश हैं, इसलिए सरकार को उनकी समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। राशन वितरण कार्यक्रम में अभिषेक रंजन, रौशन पांडेय, विकास उपाध्याय, अंजनी तिवारी, अंशु महतो, गोलू, नारायण सहित संगठन के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने विस्थापित परिवारों की हरसंभव सहायता करने का भरोसा दिलाते हुए सरकार से उनके पुनर्वास की दिशा में शीघ्र ठोस कदम उठाने की मांग की।

**हिन्दू पुत्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में सौ जरूरतमंद परिवारों को उपलब्ध कराया गया दैनिक उपयोग का राशन**



# बिना सहमति स्थानांतरण अन्यायपूर्ण : गोरखनाथ



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष गोरखनाथ सिंह उर्फ अरुण कुमार सिंह ने शिक्षक स्थानांतरण नीति को अव्यवहारिक व शिक्षकों के हित के प्रतिकूल बताते हुए इसे पूरी तरह खारिज करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सेवा के आधार पर वरीयता शिक्षकों को सरप्लस मानकर अन्य विद्यालय में समायोजन किया जाना नियम विरुद्ध एवं मनमानी का परिचायक है। शिक्षकों के स्थानांतरण हेतु चल रही रेशनलाइजेशन प्रक्रिया में व्यापक अनियमितता गंभीर चिंता का विषय है। शिक्षा विभाग द्वारा वरीय विशिष्ट शिक्षक एवं विद्यालय अध्यापकों को मनमाने ढंग से सरप्लस घोषित कर स्थानांतरित किया जा रहा है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण एवं अव्यावहारिक है। बड़ी संख्या में ऐसे शिक्षकों को भी सरप्लस घोषित किया जा रहा है जिनकी नियुक्ति स्वीकृत रिक्त पदों पर विधिवत हुई थी जबकि उनके बाद नियुक्त शिक्षकों को सरप्लस नहीं माना जा रहा है। सिंह ने राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग से सरप्लस शिक्षकों के स्थानांतरण की वर्तमान प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

# शिक्षक स्थानांतरण मानक संचालन प्रक्रिया पर उठने लगे सवाल

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा विभाग द्वारा तैयार स्थानांतरण नीति व मानक संचालन प्रक्रिया में तमाम विसंगतियां सामने आई हैं जिससे शिक्षकों में असमंजस की स्थिति है। जैसे विशेष आधार यथा पति-पत्नी पदस्थापना के आधार पर स्थानांतरित, दिव्यांग और असाध्य रोग से पीड़ित शिक्षकों को भी सरप्लस मानकर उन्हें समायोजन सूची में रखा गया है। इसी तरह पांच साल से कम अवधि से पदस्थापित शिक्षकों के मामले में लास्ट इन फर्स्ट आउट वहीं पांच साल से अधिक समय से पदस्थापित शिक्षकों के लिए फर्स्ट इन फर्स्ट आउट की नीति से शिक्षक उहापोह में हैं। इन विसंगतियों से पीड़ित शिक्षक विकास कुमार सिंह, रविकांत सिंह, शहाबुद्दीन, हरे राम शर्मा, अक्षय कुमार, असीम अख्तर, रविशंकर, अरशद अली, जाहीद, विनोद कुमार, मनोरमा कुमारी, तौहीद आलम आदि ने कहा कि इस तरह की विसंगतियों की वजह से वे तय नहीं कर पा रहे हैं कि ऐसी परिस्थिति में क्या करें। शिक्षकों की मानें तो कुछ मामलों में छात्र शिक्षक अनुपात का भी ध्यान नहीं रखा गया है। मध्य विद्यालय लहराबाद में वर्ग 1-5 में नामांकित बच्चों की संख्या 98 है। नियमावली के अनुसार प्रत्येक 30 छात्रों पर एक शिक्षक रखना है। 90 से अधिक छात्र होने की स्थिति में कम से कम 4 शिक्षकों की जगह बनती है पर उक्त विद्यालय में पूर्व से पदस्थापित कुल 5 शिक्षको में से दो शिक्षकों को समायोजन सूची में डाल दिया गया है।

# समय सीमा पूरा काम अधूरा

दैनिक नवसंदेश

**जवइनिया का कटाव निरोधी कार्य 22 प्रतिशत बाकी**

**52.56 करोड़ की योजना को पूरा करने की तीसरी मोहलत भी बेअसर**



शाहपुर। गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर और संभावित बाढ़ के खतरे के बीच जवइनिया गांव के समीप चल रहा कटाव निरोधी बोल्डर पिचिंग कार्य तीसरी बार समय सीमा बढ़ाए जाने के बाद भी पूरा नहीं हो सका। 31 जुलाई तक कार्य पूरा करने की निर्धारित अंतिम तिथि भी गुजर गई। लेकिन अब तक केवल 78 प्रतिशत ही काम पूरा हो पाया है। शेष 22 प्रतिशत कार्य अधूरा रहने से स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ गई है।

जवइनिया गांव को गंगा कटाव से सुरक्षित रखने के लिए सरकार ने 52 करोड़ 56 लाख रुपये की लागत से 1200 मीटर लंबाई में बोल्डर पिचिंग का कार्य स्वीकृत किया था। योजना के अनुसार कार्य को पहली बार 15 मई तक पूरा किया जाना था। निर्माण की धीमी रफ्तार को देखते हुए विभाग ने समय सीमा बढ़ाकर 15 जुलाई कर दी। इसके बाद भी लक्ष्य पूरा नहीं होने पर तीसरी बार 31 जुलाई तक की मोहलत दी गई। लेकिन इस बार भी निर्माण एजेंसी निर्धारित अवधि में कार्य पूरा करने में विफल रही। जानकारी के अनुसार कार्य में लगातार श्रमिकों की कमी बनी रही जिसके कारण निर्माण कार्य अपेक्षित गति नहीं पकड़ सका। कई बार प्रशासनिक स्तर पर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी स्थल का निरीक्षण कर निर्माण एजेंसी को पर्याप्त मजदूर और संसाधन लगाने के निर्देश दिए थे। लेकिन इसका अपेक्षित असर नहीं दिखा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मानसून के दौरान गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ता है। बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, बक्सर के कार्यपालक अभियंता कन्हैया सिंह ने बताया कि अब तक 78 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। शेष 22 प्रतिशत कार्य वर्षा और बाढ़ की स्थिति अनुकूल रहने पर एक सप्ताह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। विभाग का दावा है कि कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए निर्माण एजेंसी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नई आशा की पहल पर लगा शिविर



बिहियां (दैनिक नवसंदेश)। सामाजिक संस्था नई आशा द्वारा बिहियां स्थित वार्ड नंबर 11 के मुसहर टोला के लोगों ने जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पेंशन, परवरिश योजना, लेबर कार्ड आदि के लिए आवेदन दिया था। इस मुसहर टोला में दो दर्जन से अधिक लोग सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं परवरिश योजना के लाभार्थी हैं। इनमें विधवा और दिव्यांगों की संख्या अधिक है। टोला के 50 से अधिक बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड के अभाव में विद्यालयों में नामांकन नहीं हो रहा है। आज बिहिया नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारी शुभम कुमार के निर्देश पर वहां जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निर्देशित कर्मियों और विकास मित्र के अतिरिक्त गुड्डू कुमार एवं नई आशा के सदस्य उपस्थित रहे।

### इज ऑफ लिविंग की सुनवाई : सीओ ने सुनीं दर्जनों फरियाद

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। राज्य सरकार की इज ऑफ लिविंग पहल के तहत शुक्रवार को कोईलवर अंचल कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान अंचलाधिकारी उदय प्रताप सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे दर्जनभर लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें गंभीरता से सुनीं। जनसुनवाई में भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, सरकारी भूमि से संबंधित मामलों, ऑनलाइन आवेदन, अतिक्रमण तथा राजस्व संबंधी अन्य समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। अंचलाधिकारी ने एक-एक फरियादी की बात सुनते हुए संबंधित राजस्व कर्मचारियों एवं कर्मियों को मामलों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अंचलाधिकारी उदय प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों का अनावश्यक चक्कर नहीं लगाना पड़े।

### संभावना स्कूल की निशु कुमारी ने लहराया परचम



आरा (दैनिक नवसंदेश)। झारखंड के रांची स्थित नामकुम के टुरीइन वर्ल्ड स्कूल में सेंट्रल बोर्ड का सेकेंडरी एजुकेशन, दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित सीबीएसई ईस्ट जोन आर्चरी चैंपियनशिप-2026-27 में संभावना आवासीय उच्च विद्यालय की छात्रा निशु कुमारी ने अपनी सफलता का परचम लहराया। उसने ईस्ट जोन में द्वितीय स्थान तथा बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल हासिल किया। निशु कुमारी का सलेक्शन नेशनल के लिए भी हो गया। इस उपलब्धि को लेकर शुभ नारायण नगर मझौंवा स्थित संभावना आवासीय उच्च विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संचालन वरीय शिक्षक अरविंद कुमार ओझा ने किया। प्राचार्य डॉ. अर्चना सिंह एवं निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र ने निशु कुमारी व अन्य प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित किया। प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि संभावना स्कूल से कुल 6 बच्चे प्रतियोगिता में शामिल हुए। इनमें दो लड़की तथा चार लड़के थे। प्रतियोगिता में दसवीं की निशु कुमारी ने उच्चस्तरीय खेल का प्रदर्शन किया। उसने 30 मीटर रेंज में गोल्ड मेडल, 20 मीटर रेंज में ब्रोंच एवं 10 मीटर रेंज में सिल्वर मेडल हासिल किया। सीबीएसई ईस्ट जोन क्लस्टर में उसने सिल्वर मेडल हासिल कर द्वितीय पोजीशन प्राप्त किया। इस चैंपियनशिप में पूरे बिहार में सिर्फ संभावना स्कूल ही है, जिसे मेडल मिला। धन्यवाद ज्ञापन निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र ने किया। कोच की भूमिका में योग शिक्षक शशिभूषण एवं पीटीआई की शिलु कुमारी थीं।

### पर्यावरण संरक्षण व हरित परिवहन में इलेक्ट्रिक वाहन अहम



आरा (दैनिक नवसंदेश)। करमन टोला स्थित रिया ईवी एंटरप्राइजेज के नए ई-स्कूटी शोरूम का उद्घाटन किया गया। प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर जयशंकर चौरसिया हैं। उद्घाटन डॉ. विकास कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ. कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में इलेक्ट्रिक वाहन पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आम लोगों के लिए आर्थिक रूप से भी काफी उपयोगी साबित हो रहे हैं। ई-स्कूटी का संचालन सरल, सुविधाजनक और किफायती है। इलेक्ट्रिक वाहनों के अधिक से अधिक उपयोग से वायु प्रदूषण कम करने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने तथा शहर को हरित एवं स्वस्थ बनाने में मदद मिलेगी।

# 12 दिन बाद बहाल हुआ शाहपुर-बनाही मार्ग

**छेर नदी पर डायवर्शन तैयार 20 किमी के चक्कर से राहत**



शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। तीन राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण शाहपुर-बनाही स्टेशन रोड पर रुद्रनगर के समीप छेर नदी पर पानी के तेज बहाव से क्षतिग्रस्त हुए डायवर्शन की मरम्मत ग्रामीण कार्य विभाग ने पूरी कर ली है। इसके साथ ही पिछले 12 दिनों से बाधित आवागमन शुक्रवार से पुनः सुचारू हो गया। मार्ग खुलने से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।

ग्रामीण कार्य विभाग के सहायक अभियंता अभिषेक कुमार ने बताया कि डायवर्शन को ईंट के टुकड़ों एवं रोड़ों से मजबूत किया गया है। इसके अलावा नदी के पानी का प्रवाह निर्बाध बनाए रखने के लिए तीन फीट व्यास की ह्यूम पाइप दो लेयर में बिछाई गई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल डायवर्शन को स्थिर होने के लिए समय दिया जा रहा है। यदि कहीं रोड़े या ईंट के टुकड़े बैठते हैं तो तत्काल पुनः मरम्मत कर उसे और मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी केवल आवश्यक एवं हल्के वाहनों का परिचालन शुरू किया गया है। एंबुलेंस सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं के वाहनों को प्राथमिकता दी जा रही है। गौरतलब है कि डायवर्शन बह जाने के कारण शाहपुर-बनाही स्टेशन रोड पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया था। इसका सबसे अधिक असर शाहपुर एवं आसपास के गांवों के लोगों पर पड़ा। लोगों को महज दो किलोमीटर की दूरी तय कर शाहपुर बाजार पहुंचने के लिए करीब 20 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा था। अब डायवर्शन के चालू होने से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने विभाग द्वारा शीघ्र मरम्मत कार्य पूरा कर आवागमन बहाल किए जाने पर संतोष जताते हुए स्थायी पुल के शीघ्र निर्माण की भी मांग दोहराई है।

# सभी राजस्व हलका में नये राजस्वकर्मी किए गए पदस्थापित

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। अंचल के सभी 24 राजस्व हलका में नये राजस्व कर्मियों को पदस्थापित किया गया है। अंचलाधिकारी द्वारा जारी सूची के अनुसार शेख अब्दुला अंसारी को नगर परिषद हलका, सरदार गुरप्रीत सिंह को तार, एयार व तिलाठ, मदन मोहन प्रसाद को लहठान, खननी कलां,मंतोष कुमार को नायक टोला व जितौरा जंगल महाल, जफर इकबाल को नोनार, भड़सर व कटरियां, ज्ञानी राम को सुखरौली व रजेयां, रेखा कुमारी को कातर व अमई, शशि कुमार को अगिआंव बाजार, छवरही जंगल महाल, उमेश कुमार को अकरूआं व जमुआंव, इम्तियाज अंसारी को नारायणपुर व बचरी तथा नवल किशोर को कोथुआं,बरांव व अमेहता हलका आवंटित किया गया है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को एसडीएम ने की बैठक




पीरो (दैनिक नवसंदेश)। अनुमंडल मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले समारोह की रुपरेखा तय करने के लिए एसडीएम कृष्ण कुमार उपाध्याय ने सभी विभागों के अधिकारियों के अलावे निजी व सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के साथ बैठक की। अनुमंडल सभागार में आयोजित बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि मुख्य समारोह स्थानीय पड़ाव मैदान पर आयोजित होगा। इस मौके पर राष्ट्र गान के लिए लिए पुष्पा उच्च विद्यालय की छात्राओं को आमंत्रित करने, विभिन्न कार्यालयों में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित करने, संध्या पहर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि पर विचार किया गया। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार, बीडीओ अशोक कुमार, सीओ रवीश कुमार, कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभय कुमार सिंह आदि थे।

# संगीत शिक्षक की रिक्ति जारी करने की मांग

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से चौथे चरण में होने वाली शिक्षक बहाली के लिए आयोग को संगीत शिक्षक पद की रिक्ति नहीं उपलब्ध कराए जाने पर अभ्यर्थियों ने रोष प्रकट करते हुए राज्य सरकार से संगीत शिक्षक पद की भी रिक्ति जारी करने की मांग की है। चतुर्भुजी बरांव गांव निवासी पंचायत समिति सदस्य व संगीत शिक्षक पद के दावेदार अरविंद राम ने मुख्यमंत्री व शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कहा है कि माध्यमिक विद्यालयों में संगीत शिक्षक के अधिकांश पद खाली है। इस पद पर भर्ती के लिए हजारों अभ्यर्थी एसटेट परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रतीक्षारत हैं। पत्र में अरविंद राम ने कहा है कि रिक्ति के अभाव में हमारा भविष्य अंधकारमय बना हुआ है। संगीत शिक्षक पद के लिए रिक्ति जारी नहीं होना संबंधित अभ्यर्थियों के लिए सरासर अन्याय है।

# आरा-छपरा मोड़ पर इंटरचेंज का निर्माण करने की उठी मांग




**सद्दाम बादशाह ने केंद्रीय मंत्री को भेजा आग्रह पत्र**

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। सामाजिक कार्यकर्ता एवं जदयू नेता सद्दाम बादशाह ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से आरा-पटना फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-922) पर आरा-छपरा मोड़ के समीप इंटरचेंज के निर्माण की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर इंटरचेंज का निर्माण क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही यातायात समस्या का स्थायी समाधान साबित होगा। सद्दाम बादशाह ने बताया कि वर्तमान में पटना और आरा की ओर से आने-जाने वाले वाहनों को छपरा की दिशा में मुड़ने के दौरान काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। तेज रफ्तार फोरलेन पर वाहनों को रुककर अत्यंत सावधानी से दिशा बदलनी पड़ती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। विशेषकर भारी वाहनों, बसों और ट्रकों के लिए यह स्थिति अधिक जोखिमपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यदि आरा-छपरा मोड़ पर आधुनिक इंटरचेंज का निर्माण कराया जाता है तो पटना, आरा और छपरा के बीच आवागमन अधिक सुरक्षित, सुगम और निर्बाध होगा। इससे यातायात का प्रवाह बेहतर होगा, जाम की समस्या कम होगी और भविष्य में बढ़ने वाले ट्रैफिक दबाव का भी प्रभावी ढंग से सामना किया जा सकेगा। सद्दाम बादशाह ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से मांग की है कि इस स्थल पर इंटरचेंज निर्माण की व्यवहारिता का तकनीकी अध्ययन कर जनहित में शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए।

# हस्त पुस्तिका को लेकर दिशा-निर्देश

**जनगणना 2027 को लेकर फील्ड अधिकारियों की बैठक**

गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)। जनगणना 2027 के तहत डिस्ट्रिक्ट सेंसस हैंडबुक (डीसीएचबी) के निर्माण की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को प्रखंड सभागार में महत्वपूर्ण बैठक हुई। अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से की। इसमें जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त सभी फील्ड अधिकारी शामिल हुए। बैठक में जनगणना 2027 के अंतर्गत डीसीएचबी हस्त पुस्तिका तैयार करने की प्रक्रिया, फील्ड सर्वेक्षण, आंकड़ों के संकलन एवं सत्यापन से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। फील्ड अधिकारियों को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने तथा सभी सूचनाओं को पूरी सटीकता एवं पारदर्शिता के साथ संकलित करने का निर्देश दिया गया। अध्यक्षता कर रहे अधिकारियों ने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण सांख्यिकीय प्रक्रिया है। इसके आधार पर विकास योजनाओं का निर्माण एवं संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाता है। इसलिए फील्ड अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं ईमानदारी के साथ करना होगा। बैठक में डीसीएचबी हस्त पुस्तिका के लिए आवश्यक सूचनाओं के संकलन, विभिन्न प्रपत्रों को सही ढंग से भरने, समयबद्ध रिपोर्ट उपलब्ध कराने तथा कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही अधिकारियों ने फील्ड कर्मियों की शंकाओं का समाधान करते हुए आगे की कार्ययोजना की जानकारी दी। बैठक के अंत में सभी फील्ड अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने क्षेत्रों में आवश्यक कार्य पूर्ण करते हुए जिला प्रशासन को गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं, ताकि जनगणना 2027 के तहत डिस्ट्रिक्ट सेंसस हैंडबुक (डीसीएचबी) का निर्माण समय पर पूरा किया जा सके।



## संक्षिप्त खबरें

### डॉ प्रकाश चंद्र को पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर दिया बधाई



**अरवल (एनएसबी)।** ओबरा विधायक डॉ प्रकाश चन्द्रा लोजपा के पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर दी बधाई। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के निदेर्शाअनुसार बिहार के ओबरा विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक डॉ प्रकाश चन्द्रा जी को पिछड़ा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर युवा प्रदेश महासचिव पप्पू राज ने दिल से बधाई दिया और उन्होंने कहा कि ओबरा विधायक डॉ प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में पूरे भारत में संगठन मजबूती के साथ ऊंचाइयों को छूएगा ' साथ ही समाज के पिछड़े एवं अतिपिछड़े वर्गों की आवाज को और अधिक सशक्त बनाएंगे आपके सफल एवं उज्जवल कार्यकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री आदरणीय श्री चिराग पासवान जी को बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं बधाई एवं शुभकामनाएं देने वाले अरवल लोजपा नेता रामाज्ञा यादव प्रदेश सचिव विमला कुमारी युवा जिला अध्यक्ष राकेश कुमार प्रकोष्ठ के जिला महासचिव इंद्रजीत कुमार नगर अध्यक्ष अखिलेश कुमार नरेश पासवान संजय पासवान कईल पासवान राजीव रंजन पासवान सन्नी पासवान जितेंद्र पासवान सुजीत कुमार दीपक कुमार अमरजीत कुमार शामिल है।

### मेहंदिया बाजार में वर्षों पुराना सूखा महुआ का पेड़ काटा गया, लोगों ने ली राहत की सांस

**मेहंदिया (एनएसबी)।** मेहंदिया बाजार स्थित एनएच-139 के किनारे वर्षों से खड़ा महुआ का विशाल सूखा पेड़ आखिरकार शुक्रवार को वन विभाग की टीम द्वारा काट दिया गया। पेड़ के हटते ही स्थानीय लोगों, दुकानदारों एवं राहगीरों ने राहत की सांस ली।बताया जाता है कि यह पेड़ लंबे समय से पूरी तरह सूख चुका था। इसकी बड़ी-बड़ी टहनियां अक्सर सड़क पर गिरती रहती थीं, जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती थी। जिस स्थान पर यह पेड़ था, वहीं बाजार का यात्री पड़ाव भी है, जहां से प्रतिदिन पटना सहित विभिन्न स्थानों के लिए बसें और अन्य यात्री वाहन खुलते हैं। यहां दिनभर यात्रियों और आम लोगों की भीड़ लगी रहती है। ऐसे में सूखे पेड़ के गिरने का खतरा हमेशा बना रहता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पेड़ को हटाने की मांग वे कई वर्षों से शासन-प्रशासन से करते आ रहे थे। लोगों ने कई बार प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया था ताकि किसी बड़ी अनहोनी से पहले इसका समाधान किया जा सके। लगातार उठ रही मांग और जनसुरक्षा को देखते हुए वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को पेड़ की कटाई कराई। इस दौरान मेहंदिया पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली, जिससे यातायात बाधित न हो और कटाई का कार्य सुरक्षित ढंग से पूरा किया जा सके। स्थानीय मुखिया मुद्रिका प्रसाद यादव ने भी इस कार्य को संपन्न कराने में सक्रिय भूमिका निभाई। स्थानीय लोगों ने वन विभाग, मेहंदिया पुलिस तथा मुखिया मुद्रिका प्रसाद यादव के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समय रहते सूखे पेड़ को हटाकर एक संभावित बड़ी दुर्घटना को टाल दिया गया।

### नगर पंचायत कुर्था के लेखापाल को हटाने को लेकर उप मुख्य पार्षद ने डीएम को लिखा पत्र

**कुर्था(एसएनबी)।** नगर पंचायत कुर्था के लेखापाल सुकुमार बनर्जी ढंग से कार्य नहीं कर पा रहे है। ये व्यक्ति सामान्य बोर्ड की बैठक एवं सशक्त स्थाई समिति की बैठक मे जो पार्षद की सहमति से निर्णय लिया जाता है। वह प्रोसेडिंग रजिस्टर में न लिखकर मुख्य पार्षद के इशारे पर प्रोसेडिंग रजिस्टर उनके घर में जाकर लिखते है। इससे यह साबित होता है की पार्षद की सहमती का मतलब कुछ नहीं है। जो नगर पालिका अधिनियम 2007 के तहत कानूनी अपराध है. ऐसे भी सरकारी नियम के अनुसार कोई भी व्यक्ति साठ साल तक कार्य नहीं कर सकते है। इस तरह इनका उम्र लगभग 65 वर्ष पूरा हो चुका है। मुख्य पार्षद मनमाने रवैया अपनाकर इन्हे अपने निजी फायदा के लिए जबरदस्ती रखे है। उन्होंने कहा कि प्रोसेडिंग रजिस्टर को जांच किया जाए। जँचोपरांत दोषी पाये जाने पर लेखापाल सुकुमार बनर्जी पर कानूनी कार्रवाई करते हुए इन्हे तत्काल हटाया जाए. जिससे नगर पंचायत। विकसात्मक कार्य सुचारु रूप से चल सके एवं नगर पालिका अधिनियम 2007 का उलँघन न हो पाये।

### सौर ऊर्जा की ओर बढ़ा जहानाबाद: सोलर मेले में उमड़ी भीड़, 70 से अधिक लोगों ने कराया ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण



**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला प्रशासन के तत्वावधान में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) में शुक्रवार को प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर मेले का सफल आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया के निर्देशन में आयोजित इस मेले में लगभग 500 उपभोक्ताओं ने भाग लिया, जबकि 70 से अधिक लोगों ने मौके पर ही योजना के लिए पंजीकरण कराया। मेले का उद्देश्य आम नागरिकों को सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक करना, रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाने के लिए प्रोत्साहित करना तथा ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण, तकनीकी परामर्श और बैंक ऋण सुविधा उपलब्ध कराना था। जिला पदाधिकारी ने विभिन्न सोलर एजेंसियों एवं राष्ट्रीयकृत बैंकों के स्टॉलों का निरीक्षण कर निर्देश दिया कि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र परिवारों तक पहुँचाया जाए तथा उपभोक्ताओं को पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँ। उप विकास आयुक्त आदित्य कुमार पियूष ने योजना की पात्रता, सब्सिडी, आवेदन प्रक्रिया एवं आर्थिक लाभों की जानकारी दी। वहीं, विद्युत कार्यपालक अभियंता नन्द लाल चौधरी ने रूफटॉप सोलर संयंत्र की स्थापना, तकनीकी मानकों, सुरक्षा उपायों एवं रख-रखाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। मेले में 13 अधिकृत सोलर एजेंसियों एवं लगभग सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों ने स्टॉल लगाए। साथ ही विद्युत विभाग द्वारा स्थापित पाँच सुविधा केंद्रों पर ऑनलाइन पंजीकरण, तकनीकी मार्गदर्शन एवं आवेदन प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया गया। अंत में सहायक कार्मिक पदाधिकारी राघवेंद्र कुमार ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, बैंक प्रतिनिधियों, सोलर एजेंसियों, विद्युत विभाग के कर्मियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं उपस्थित उपभोक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### एसपी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं



**अरवल (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा आयोजित जनता दरबार में आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण हेतु उपस्थित हुए। पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा सभी फरियादियों की बातों को गंभीरतापूर्वक एवं ध्यानपूर्वक सुना गया तथा प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निष्पादन हेतु संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार का उद्देश्य आमजन एवं पुलिस प्रशासन के बीच संवाद को सुदृढ़ करना तथा उनकी समस्याओं का शीघ्र एवं न्यायोचित समाधान सुनिश्चित करना है। पुलिस प्रशासन जनसुनवाई के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।

# उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का डीएम ने की समीक्षा



समीक्षा बैठक करते डीएम।

**अरवल (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम

उन्नयन योजना की समीक्षा बैठक आयोजित जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, विशेषकर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं ऋण स्वीकृति की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पात्र लाभुकों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी संबंधित अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्योग आधारित योजनाओं का उद्देश्य जिले के युवाओं, महिलाओं एवं उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाना तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। इसलिए सभी लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत प्राप्त कुल 19 आवेदन पत्रों पर विचार किया गया, जिनमें से 17 लाभुकों के आवेदन स्वीकृत किए गए। इन स्वीकृत लाभुकों को विभिन्न बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे अपने खाद्य प्रसंस्करण एवं सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना एवं विस्तार कर सकेंगे। जिला पदाधिकारी ने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करते हुए ऋण वितरण की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें तथा योजनाओं का लाम वास्तविक एवं पात्र लाभुकों तक पारदर्शी ढंग से पहुँचाना सुनिश्चित करें। साथ ही उद्योग विभाग के अधिकारियों को योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं इच्छुक उद्यमियों को आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने कहा कि उद्योग एवं स्वरोजगार आधारित योजनाओं का सफल क्रियान्वयन जिले के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। सभी संबंधित विभाग एवं बैंक आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं के लक्ष्यों को समय पर पूर्ण करें। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकरी, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों का जिला स्तरीय पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



निरीक्षण करते पदाधिकारी।

**अरवल (एनएसबी)।** सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर टीएचआर वितरण, पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों ने किया निरीक्षण जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस के निदेर्शानुसार आज दिनांक 31.07 2026 को जिले के अरवल एवं करपी प्रखंड के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर टीएचआर का सफलतापूर्वक वितरण कराया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पोषाहार उपलब्ध कराया गया। वितरण कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराया गया, ताकि प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पोषण सामग्री समय पर पहुँच सके। टीएचआर वितरण की पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों (सीडीपीओ) एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्रों का सतत अनुश्रवण एवं निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त जिला स्तर से भी वितरण कार्य की निगरानी की गई। जिला पदाधिकारी के निदेर्शानुसार अरवल एवं करपी प्रखंड के

निरीक्षण के दौरान लाभार्थियों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व, बच्चों के समुचित पोषण, नियमित टीकाकरण, स्वच्छता तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी गई। आंगनवाड़ी सेविकाओं ने पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा कुपोषण की रोकथाम हेतु लाभार्थियों को आवश्यक परामर्श प्रदान किया। इस संबंध में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि शेष कलेर, कुर्था एवं सोनभद्र बंशी सूर्यपुर प्रखंडों में दिनांक 29/07/2026 को टीएचआर (पोषाहार) का वितरण किया गया है। ताकि जिले के सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर पोषण सामग्री उपलब्ध कराई जा सके। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) के अंतर्गत संचालित सभी पोषण योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुँचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पोषण सेवाओं की नियमित निगरानी एवं प्रभावी क्रियान्वयन से ही स्वस्थ एवं कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। जिला प्रशासन, अरवल मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने, कुपोषण की रोकथाम तथा प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक गुणवत्तापूर्ण पोषण सेवाएँ पहुँचाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

## जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम में डीएम ने की मामलों का त्वरित निष्पादन



मामलों का त्वरित निष्पादन करते डीएम।

**अरवल (एसएनबी)।** जिला पदाधिकारी ने आयोजित किया जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम, विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का किया गया त्वरित निष्पादन। जिला पदाधिकारी अमृषा बैस द्वारा कार्यालय प्रकोष्ट में जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता से साक्षात्कार में लगभग 28 नागरिकों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। प्राप्त शिकायतें मुख्य रूप से भूमि विवाद, अतिक्रमण, अतिक्रमण, भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, पीएचईडी कार्यालय, अंचलाधिकारी कार्यालय, थाना प्रभारी कार्यालय एवं ग्रामीण कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, विद्युत विभाग से संबंधित थे। जनता से साक्षात्कार में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से अधिकाश का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया कि जनता की समस्याओं का समाधान शेष मामलों का त्वरित और पारदर्शी तरीके से करें। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम बाजीतपुर निवासी संतोष कुमार द्वारा बताया गया कि विद्युत प्रवेक्षक प्रमाण पत्र बनवाने में कार्यालय द्वारा काफी विलम्ब हो रहा है, प्रमाण पत्र निर्गत करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। अरवल प्रखण्ड स्थित ग्राम बडकी अहियापुर निवासी रामनाथ दास द्वारा बताया गया कि बडकी अहियापुर अंतर्गत सोननदी के किनारे श्री पथहारी जी के स्थान को घेराबंदी करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता सिंचाई विभाग अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। कलेर प्रखण्ड स्थित ग्राम गोरकटा बिचली मठिया के ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि सकरी खुर्द पंचायत अंतर्गत गोरकटा बिचली मठिया में सड़क किनारे सरकारी वृक्ष को अवैध तरिके से काटकर बिक्री किया जा रहा है. उचित कार्रवाई करने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।

## कलेर प्रखंड में नाबालिगों में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति बनी चिंता का विषय

**मेहंदिया (एनएसबी)।** कलेर प्रखंड के कई गांवों में नाबालिग बच्चों और किशोरों के बीच नशे की बढ़ती प्रवृत्ति समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि कम उम्र के कई बच्चे नशीले पदार्थों की चपेट में आ रहे हैं, जिससे उनकी पढ़ाई-लिखाई प्रभावित हो रही है और उनका भविष्य संकट में पड़ता दिखाई दे रहा है। परिवारों में भी इसे लेकर चिंता का माहौल है।

ग्रामीणों का कहना है कि कुछ असामाजिक तत्व आर्थिक लाभ के लिए नशीले पदार्थों की आपूर्ति कर युवाओं और किशोरों को इसकी ओर आकर्षित कर रहे हैं। लोगों ने ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। समाजसेवियों का मानना है कि इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासनिक कार्रवाई के साथ-साथ व्यापक जनजागरूकता अभियान भी आवश्यक है।इस संबंध में मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार ने बताया कि

**पुलिस कर रही जागरूक**

नशे की चपेट में आए युवाओं और नाबालिगों की सूचना मिलने पर उनके अभिभावकों को थाना बुलाकर बच्चों के भविष्य को लेकर गंभीरता से चर्चा की जाती है। परिवार के सहयोग से बच्चों को नशे की लत से बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन काउंसलिंग के माध्यम से भी युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराकर उन्हें इस बुरी आदत से दूर करने का प्रयास कर रहा है। हालांकि यह एक सामाजिक समस्या है और इसमें तुरंत सफलता मिलना आसान नहीं है, फिर भी पुलिस अपने स्तर पर लगातार प्रयासरत है। थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें, उन्हें अच्छा वातावरण दें और किसी भी प्रकार की नशे की प्रवृत्ति दिखाई देने पर तुरंत परिवार और पुलिस का सहयोग लें। उन्होंने कहा कि समाज, परिवार और प्रशासन के संयुक्त प्रयास से ही युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालकर उनका भविष्य सुरक्षित बनाया जा सकता है।

## जनता की चौखट पर प्रशासन: डीएम ने सुनीं 66 फरियादें, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**जहानाबाद (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित जनता दरबार में शुक्रवार को जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया ने आमजनों की समस्याओं की सुनवाई की। विभागीय निदेर्शानुसार आयोजित इस जनता दरबार में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 66 शिकायतें एवं आवेदन प्राप्त हुए। जिला पदाधिकारी ने सभी मामलों की गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में पथ निर्माण, शिक्षा विभाग की चिकित्सा अवकाश बकाया राशि, भू-अर्जन मुआवजा, अतिक्रमण, भूमि विवाद, होमगार्ड प्रशिक्षण, टीबी रोगियों को सरकारी सहायता, प्रधानमंत्री इंदिरा आवास योजना, आपदा मुआवजा, पीसीसी ढलाई, बंदोबस्ती पर्चा, नल-जल योजना, भूमि मापी, दाखिल-खारिज एवं नाला निर्माण सहित विभिन्न मामलों पर सुनवाई हुई। जिला पदाधिकारी ने भूमि विवाद, अतिक्रमण, भू-अर्जन, भूमि मापी एवं दाखिल-खारिज से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का निर्देश अंचल अधिकारियों को दिया। वहीं, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिविल सर्जन एवं अन्य संबंधित विभागों को लंबित मामलों की जांच कर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जनता



**भूमि विवाद से लेकर आवास, मुआवजा और नल-जल योजना तक के मामलों पर हुई सुनवाई, समयबद्ध निष्पादन पर जोर**

दरबार का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को "सबका सम्मान, जीवन आसान" की भावना के अनुरूप प्रत्येक आवेदन का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### स्वच्छ शहर की दिशा में बड़ा कदम: एमआरएफ, कंपोस्ट पिट और सैनिटरी लैंडफिल के लिए भूमि चिन्हांकन में तेजी के निर्देश

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिले के सभी नगर निकायों में मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ), कंपोस्ट पिट एवं सैनिटरी लैंडफिल (एसएलएफ) के लिए भूमि उपलब्धता एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में वैज्ञानिक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भूमि चिन्हांकन एवं निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान एमआरएफ एवं कंपोस्ट पिट के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध नहीं होने पर जिला पदाधिकारी ने नगर परिषद, जहानाबाद एवं नगर पंचायत, घोषी के लिए घोषी क्षेत्र में लगभग 5 एकड़ भूमि तत्काल चिन्हित करने का निर्देश दिया। वहीं नगर पंचायत, काको को पूर्व से चिन्हित भूमि पर निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा गया। बैठक में नगर पंचायत, मखदुमपुर में निमार्णाधीन एमआरएफ एवं कंपोस्ट पिट परियोजना की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

## विज्ञान के महानायक आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय को एस.एस. कॉलेज में भावपूर्ण नमन



**जहानाबाद (एनएसबी)।** स्थानीय स्वामी सहजानंद महाविद्यालय (एस.एस. कॉलेज), जहानाबाद में भारतीय रसायन विज्ञान के जनक, प्रख्यात वैज्ञानिक एवं स्वदेशी उद्योग आंदोलन के अग्रदूत आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती के अवसर पर रसायन विज्ञान स्नातकोत्तर केंद्र एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (क्द्दअउ) के संयुक्त तत्वावधान में "भारतीय रसायन विज्ञान में आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय की विरासत" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन राजकुमारी सभागार में किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। स्वागत भाषण में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दीपक कुमार ने कहा कि आचार्य राय केवल महान रसायन वैज्ञानिक ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक राष्ट्रवाद, स्वदेशी उद्योग, नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व के सशक्त प्रतीक थे। उन्होंने विद्यार्थियों से वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान के प्रति समर्पण तथा नवाचार की संस्कृति को अपनाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि इंडियन काउंसिल ऑफ केमिस्ट्स के अध्यक्ष एवं मुंगेर विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति रहे प्रो. रंजीत के. वर्मा ने आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय के वैज्ञानिक योगदान पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने मरक्यूरस नाइट्राइट जैसे महत्वपूर्ण यौगिक की खोज कर भारत को विश्व वैज्ञानिक मानचित्र पर नई पहचान दिलाई। उन्होंने

**राष्ट्रीय संगोष्ठी में वैज्ञानिक विरासत, स्वदेशी चिंतन और नवाचार पर हुआ मंथन**

अपनी प्रसिद्ध कृति "हिस्ट्री ऑफ हिंदू केमिस्ट्री" के माध्यम से भारतीय वैज्ञानिक परंपरा की समृद्धि को विश्व के सामने प्रमाणित किया तथा बंगाल केमिकल एंड फार्मास्युटिकल वर्क्स की स्थापना कर स्वदेशी उद्योग की मजबूत नींव रखी। प्रो. वर्मा ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद आचार्य राय ने अपने ज्ञान, परिश्रम और राष्ट्रभक्ति के बल पर विश्वस्तरीय उपलब्धियाँ अर्जित कीं। उन्होंने विद्यार्थियों से हरित रसायन, सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण तथा औषधि निर्माण जैसे क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा देने का आह्वान किया। रसायन विज्ञान स्नातकोत्तर केंद्र के विभागाध्यक्ष डॉ. सुजय मुखोपाध्याय ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि राष्ट्रीय रसायन दिवस भारतीय वैज्ञानिक विरासत को स्मरण करने और नई पीढ़ी में वैज्ञानिक चेतना विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से मौलिक अनुसंधान, प्रयोगधर्मिता एवं गुणवत्तापूर्ण शोध को अपनी शैक्षणिक संस्कृति का हिस्सा बनाने का आग्रह किया। सहायक प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार एवं डॉ. प्रीति रानी ने रसायन विज्ञान के समकालीन आयामों, अनुसंधान की नई दिशाओं तथा भविष्य की संभावनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रयोगशाला आधारित अध्ययन, वैज्ञानिक लेखन, नवाचार तथा उच्चस्तरीय शोध के प्रति प्रेरित किया। संगोष्ठी के दौरान आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रेरक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। साथ ही निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभागाध्यक्ष डॉ. सुजय मुखोपाध्याय एवं डॉ. अमित कुमार ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से आचार्य राय के वैज्ञानिक अनुसंधानों, संस्थागत योगदान तथा भारतीय रासायनिक उद्योग के विकास में उनकी ऐतिहासिक भूमिका को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।